फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 159 प्रभात जयपुर, शनिवार 8 जनवरी, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot




**The Deadliest Helicopter Accident of Recent Times**

Now I could see the sea in front of me. It appeared the helicopter was rushing nose down. While we were falling, I felt that everything around me was breaking up.

**Photography and Art Exhibits**



# सुप्रीम कोर्ट ने प्र.मंत्री सुरक्षा में चूक के मामले में सुनवायी शुरू की

## पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट को प्र.मंत्री की पंजाब यात्रा के दौरान चूक के प्रकरण से संबंधित कागजातों को एकत्रित कर अपने कब्जे में करने के निर्देश दिये

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जनवरी। जहाँ सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल से कह दिया है कि 5 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पंजाब यात्रा के दौरान हुई सुरक्षा-चूक से संबंधित सभी रिकॉर्ड तत्काल सुरक्षित एवं संरक्षित स्थिति में रख लिये जाए, वहीं भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार एवं कांग्रेस के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के बीच निरन्तर वाद-विवाद जारी हैं तथा प्रत्येक पक्ष कथित चूक के लिये दूसरे पक्ष को जिम्मेदार ठहराने की कोशिश कर रहा हैं।

मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमन्ना की अध्यक्षता वाली बैंच ने पंजाब सरकार, पंजाब के पुलिस अधिकारियों, एस.पी.जी. तथा केन्द्र और राज्य की अन्य एजेंसियों को निर्देश दिये है कि वे इस संबंध में रजिस्ट्रार जनरल को आवश्यक सहयोग एवं सहायता उपलब्ध करायें।

बैंच, जिसमें न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं हिमा कोहली भी शामिल हैं, ने कहा कि रिकॉर्ड एकत्रित करने के कार्य में केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के महानिदेशक तथा एक एन.आई.ए. ऑफिसर, रजिस्ट्रार जनरल (आर.जी.) की मदद करेंगे। बैंच ने आर.जी. से कहा कि वे सारे रिकॉर्ड को फिलहाल अपनी सुरक्षित कस्टडी में रखे। बैंच ने कहा, "केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के महानिदेशक तथा रजिस्ट्रार जनरल द्वारा निर्दिष्ट एक एन.आई.ए. रिकॉर्ड एकत्रित करने में आर.जी. का सहयोग एवं सहायता करेंगे।"

- सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार चंडीगढ़ यूनियन टैरिटरी के डायरैक्टर जनरल व एन.आई.ए. के एक मनोनीत अफसर, प्रकरण से संबंधित कागजातों के संकलन में हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार की मदद करेंगे।
- सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र व राज्य सरकार को इस बात के लिये भी पाबंद किया है कि, इस प्रकरण की जांच के लिये उन दोनों द्वारा गठित पैनलों को आगे कार्यवाही करने से रोके, जब तक कि सुप्रीम कोर्ट इस प्रकरण की सुनवायी नहीं कर लेता।
- फिलहाल केन्द्र सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा गठित जांच समिति ने अपना कार्य शुरू कर दिया है तथा उस फ्लाई ओवर पर भी छानबीन की जहां प्र.मंत्री का काफिला 15-20 मिनट तक खड़े रहने पर मजबूर हुआ था।
- पंजाब सरकार ने केन्द्र सरकार को सूचित किया कि, उसने सुरक्षा में चूक प्रकरण पर एफ.आई.आर. दर्ज की है तथा दो सदस्यीय टीम गठित की है, चूक प्रकरण की जांच हेतु।
- गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि, राज्य सरकार ने प्र.मंत्री की सुरक्षा में पुलिस कर्मियों की पर्याप्त तैनाती नहीं की और यह अपनी जिम्मेवारी निभाने में गैर जिम्मेदाराना हरकत है, जो बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र एवं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हाई सिक्युरिटी जेल

अजमेर, 7 जनवरी (कासं)। केंद्रीय कारागृह में कैदियों के पास मोबाइल मिलने के बाद अब राजस्थान के सबसे सुरक्षित माने जाने वाली हाई सिक्योरिटी जेल में भी मोबाइल मिलने का खेल शुरू हो गया है। शुक्रवार को एक बार फिर हाई सिक्योरिटी जेल में एक मोबाइल फोन व चार्जर मिलने का मामला सामने आया है। पूरे मामले पर हाई सिक्योरिटी जेल प्रशासन की ओर से सिविल लाइन थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। मामले की जांच कर रहे हैड कांस्टेबल अर्जुन राम ने बताया कि जेल प्रशासन की ओर से मिली शिकायत के अनुसार वार्ड नंबर 2 के ब्लॉक नंबर 4 में नहाने के खुले स्थान के पास कोने में फर्श की टाइल के नीचे एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ है। जेल प्रशासन की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर थाना पुलिस ने आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। गौरतलब है कि इससे पूर्व अजमेर

- कुछ वर्ष पूर्व अजमेर की जेलों में 55 से अधिक मोबाइल फोन बरामद हुए थे। अब राजस्थान में सबसे सुरक्षित माने जाने वाली हाई सिक्युरिटी में जेल में भी यह सिलसिला शुरू हो गया है?

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'पंजाब में राष्ट्रपति शासन?'

## पंजाब के मु.मंत्री चरनजीत सिंह चन्नी ने कहा कि, प्र.मंत्री की जान को खतरे का भारी हंगामा कर भाजपा पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू करना चाहती है चुनाव से पहले

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जनवरी। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री के जीवन को खतरे को लेकर भाजपा का अत्यधिक दुष्प्रचार केन्द्र सरकार की इस "गहरी साजिश" का हिस्सा है कि विधानसभा चुनावों से पहले, पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाये।

जहाँ समाजवादी पार्टी अध्यक्ष सहित, विपक्ष के नेताओं ने प्रधानमंत्री के कथन की खिल्ली उड़ाई है कि वे उनके जीवन पर आये खतरे से बच गये, वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री ने न्याय संगत क्रोध के साथ अपनी प्रतिक्रिया दी है।

चन्नी ने कहा है, "उन्होंने पंजाब और पंजाबियों पर इतना बड़ा आरोप लगा दिया तथा हमें हत्यारों के रूप में चित्रित

- चन्नी ने यह भी कहा कि, प्र.मंत्री की जान को खतरे की वजह पर भारी हंगामा करके, भाजपा ने पंजाब व पंजाबियों का मखौल उड़ाया है। हमने कई युद्ध लड़े हैं देश के लिये, मैंने यह भी कहा कि प्र.मंत्री के लिये सबसे पहले छाती पर गोली खाऊंगा। मैं इससे ज्यादा क्या कर सकता हूँ।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अब अजय माकन भी हुए करोना संक्रमित

जयपुर, 7 जनवरी (कासं)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करोना पॉज़िटिव आने के बाद अब राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी महासचिव अजय माकन भी करोना पॉज़िटिव हो गए हैं।

माकन ने करोना की रिपोर्ट पॉज़िटिव आने के बाद खुद को घर पर आइसोलेट कर लिया है। उन्होंने सभी से कहा है कि जो भी उनसे मिलें हैं, वे अपनी जांच करवा लें और करोना प्रोटोकॉल का पालन करें। उल्लेखनीय है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने करोना संक्रमित होने के बाद अब सभी बैठके वर्चुअल शुरू कर दी हैं।

- माकन ने खुद को घर पर आइसोलेट कर लिया है।

# आश्चर्यजनक है पर सच है, ग्रोथ रेट 9.2 प्रतिशत रहेगी

## ओमक्रॉन के कारण इकॉनमी ग्रोथ में अधिकतम एक प्रतिशत की ही कमी होगी

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जनवरी। वर्तमान वित्त वर्ष (अप्रैल 2021- मार्च 2022) के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था की अनुमानित 9.2 प्रतिशत वृद्धि को लेकर उत्सव मनाना एक जल्दबाजी हो सकता है, इसका कारण यह कि कारोबार और अर्थव्यवस्था पर ओमक्रॉन का असर छोड़ना अभी शेष है। इसका वास्तविक प्रभाव अंतिम आंकड़ों में परिलक्षित होगा, जिन्हें मार्च 2022 में जारी किया जाएगा।

फिर भी, सरकार के अधिकारी ऐसा नहीं मानते कि ओमक्रॉन आर्थिक विकास पर कोई गहरा असर छोड़ेगा।

- मुख्य रूप से भारत में इस इकॉनमी ग्रोथ का कारण है कृषि व औद्योगिक उत्पादन में गत वर्ष की तुलना में भारी वृद्धि होना।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव ने गुरुवार को कहा कि आर्थिक वृद्धि दर 1 प्रतिशत ज्यादा प्रभावित नहीं होगी क्योंकि करोनावायरस की एक नई लहर का मुकाबला करने के लिए भारत पहले से अधिक बेहतर तरीके से तैयार है।

सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी अधिकारिक आंकड़ों के हिसाब से कृषि और निर्माण क्षेत्रों के प्रदर्शन में हुए सुधार के कारण वित्तीय वर्ष 2021-22 में पिछले वित्त वर्ष में हुए 7.3 प्रतिशत संकुचन की तुलना में 9.2 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है। वर्तमान वित्त वर्ष 2021-22 की राष्ट्रीय आय के प्रथम अग्रिम अनुमा के अनुसार एक वर्ष पूर्व में 7.2 प्रतिशत संकुचन की तुलना में निर्माण क्षेत्र में 12.5 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि होने की संभावना है। सरकार का अनुमान है कि खनन व उत्खनन में 14.3 प्रतिशत और व्यापार, होटल, ट्रांसपोर्ट, संचार व ब्रॉडकास्टिंग से संबंधित सेवाओं में 11.9 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि होगी।

कृषि क्षेत्र में इस बार 3.9 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि का अनुमान हैं जो कि पिछले वित्त वर्ष में दर्ज आर्थिक वृद्धि से 3.6 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय वर्ष 2020-21 की अनुमाति 197.46 लाख करोड़ की अस्थायी अनुमानित जीडीपी की तुलना में वर्तमान वित्त वर्ष 2021-22 में अनुमानित जीडीपी 232.15 लाख करोड़ है।

भारत ने पिछले चार दशकों वित्तीय वर्ष 2020-21 में खराब आर्थिक प्रदर्शन का 7.3 प्रतिशत की नकारात्मक आर्थिक वृद्धि दर्शायी थी। तब वह उन देशों में शुमार हो गया था जो कोविड-19 वैश्विक महामारी से सर्वाधिक प्रभावित हुए थे।

# डब्ल्यु.एच.ओ. के 194 सदस्यों में से 92 वैक्सिनेशन के लक्ष्य से दूर रहे

## लक्ष्य था कि, 2021 के सितम्बर माह तक सभी देश 10 प्रतिशत जनसंख्या का वैक्सिनेशन तथा दिसम्बर 2021 तक 40 प्रतिशत जनसंख्या वैक्सिनेशन करा लेंगे

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जनवरी। यह सच अब स्वास्थ्य विशेषज्ञों और वर्ल्ड हैल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यू.एच.ओ.) जैसी वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसियों को परेशान कर रहा है कि "कोविड-19 के डेल्टा वेरिएन्ट की तुलना में इसका हल्का संस्करण बताया जा रहा ओमक्रॉन एक सुनामी साबित होकर अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या बढ़ा रहा है, उनकी जान ले रहा है और सशक्त माने जाने वाले स्वास्थ्य प्रशासन एवं सिस्टम के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। "तथापि डेल्टा वेरिएन्ट की तुलना में ओमक्रॉन कम गंभीर प्रतीत होता है, खासतौर पर उन लोगों के लिए जो वैक्सीन लगवा चुके हैं, फिर भी इसका मतलब यह नहीं कि इसे एक "नरम" लक्षणों वाले वेरिएन्ट की संज्ञा दी जाए।

डब्ल्यू.एच.ओ. प्रमुख टेड्रोस अदानॉम गैब्रियेसस कहते हैं कि "कोई गलती ना करें। अस्पतालों में क्षमता से अधिक मरीज भर्ती हो रहे हैं और उनकी तुलना में मैडिकल स्टाफ भी कम है, जिसके कारण ना केवल कोविड-19 बल्कि अन्य रोगों के बीमारों व ऐसे घायलों की भी मौत हो रही है, जिन्हें समय पर उपचार देकर बचाया जा सकता था। शायद पहली पीढ़ी की वैक्सीन्स इसके सभी संक्रमणों व हस्तांतरणों को ना रोक पाए, लेकिन वे इस वायरस से होने वाली मौतों और अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों के आंकड़े को कम करने में काफी कारगर बनी हुई हैं।"

टेड्रोस के अनुसार वैक्सीन लगने की वर्तमान दर के हिसाब से 109 देश ऐसे हैं जो जुलाई 2022 की शुरूआत तक अपने देश की 70 प्रतिशत आबादी का भी पूर्ण टीकाकरण नहीं कर पाएंगे। सिर्फ कुछ ही देशों में एक के बाद एक बूस्टर डोज़ लगाने से किसी वैश्विक महामारी का खात्मा नहीं होगा, क्योंकि अरबों लोग अब भी पूर्णतया असुरक्षित हैं। यह महत्वपूर्ण है कि वैक्सीन निर्माता और इनके डोज़ डोनेट करने वाले देश नियत समय से पहले ही इनकी आपूर्ति कर दें ताकि प्राप्तकर्ता देशों को इन्हें

- वैक्सीन सभी देशों को उपलब्ध नहीं है तथा कुछ देश अपनी जनसंख्या को एक के बाद एक बूस्टर इंजैक्शन लगवा रहे हैं, जबकि बाकी अरबों की संख्या में ऐसे लोग भी हैं, जिन्हें कोई भी वैक्सीन नहीं लगी है।
- यह वर्तमान माहौल करोना वायरस के नये-नये "वेरिएन्ट" पैदा करने के लिये बहुत माफिक है।
- डब्ल्यु.एच.ओ. के अनुसार ओमक्रॉन एक सुनामी है, जो चुपचाप पर लगातार फैल रहा है, इसे "माइल्ड" मानना भारी गलती है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



## विचार बिन्दु

**तुम ये कभी मत सोचो कि आत्मा के लिए कुछ असंभव है। ऐसा सोचना तो सबसे बड़ा अधर्म है। अगर कोई पाप है, तो वो यही है; ये कहना कि तुम निर्बल हो या अन्य लोग निर्बल हैं। –स्वामी विवेकानंद**

# ग्रामीण भारत की जमीन से सम्बंधित कानूनों की परेशानी

कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री जी ने 69 अतिरिक्त जिला कलेक्टर, उपखण्ड, तहसील, उपतहसील कार्यालय के शुभारम्भ, लोकार्पण व सिलान्यास समारो को सम्बोधित करते हुए कुछ व्यथाएं व्यक्त किए।

मुख्य मंत्रीजी ने व्यक्त किया कि राजस्व मंडल में तीन-तीन पीढ़ी तक के मामले फ़ंसे हुए है, क्या बीतती होगी उन लोगों पर, कल्पना करो, 2,3 पीढियां खत्म हो जाती हैं।

उनकी दूसरी व्यथा थी कि उनकी पिछली सरकार ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम परित किया किन्तु अधिकारी भाजपा सरकार को समझ नहीं पाए। अधिनियम प्रभावी तरीके से लागू नही, इसका दुख है।।

इस लेख का विषय ग्रामीण भारत की जमीन सम्बंधित कानूनों से हैं।

1. पहली समस्या खेतों पर आने जाने के रास्तो की है। बहुत से रास्ते कई दशकों से काम में आ रहे है किंतु सेटलमेंट व राजस्व अधिकारियों की गलती से बहुत से खेतों से खेतों में जाने वाले रास्तों का राजस्व नक्शों में अंकन नहीं है। गांवों में विभिन्न कारणों से आपसी विद्वेष बढ़ने के कारण, आए दिन रास्तों को लेकर विवाद होते हैं। अदालतों में मुक्कदमेबाजी होती है।

सरकार को अभियान चलाकर, मजमें आम में दरियाफ्त कर इन रास्तों का नक्शों में अंकन करना चाहिए। इसके साथ-साथ गांव से गांव जाने वाले रास्तों और केवल खेतों से खेतों में जाने वाले रास्तों की स्टैंडर्ड चौड़ाई निर्धारित कर नक्शों में दर्शित करनी चाहिए। यह चौड़ाई कम से कम ट्रैक्टर के आने जाने के लिए पर्याप्त हो। इन नक्शों में अंकित रास्तों को राजकीय भूमि का अंकन होना भी आवश्यक है। इसके लिए टिनेंसी एक्ट में उचित प्रावधान कर, सरसरी सुनवाई कर रिकार्ड दुरस्ती के अधिकार भी बने। केवल इससे समस्या समाधान नहीं होगा। नक्शे में दर्शाए रास्ते पर अतिक्रमण करने की स्थिति में राजस्व अधिनियम की धारा 91 का उपयोग कर तुरन्त बेदखल किए जाए।

रास्तों के लिए वर्तमान व्यवस्था तो बड़ी हास्यस्पद व मात्र कोलोनाइजर्स के हित साधने वाली है। यह वैसे ही है जैसे कि कोई अपना मकान या उसका कोई हिस्सा किराए पर दे और कहे कि मकान में आने जाने के रास्ते की अनुमति पड़ोसी से ले।

वर्तमान व्यवस्था के अनुसार किसी को अपने खेत में जाना है तो वह जिन खेतों में से उसका रास्ता है उन्हें रास्ते का मूल्य चुकाए और फिर उस रास्ते का अंकन नक्शे में सरकारी रूप में होगा।

कल्पना करें कि एक आदमी को गांव से अपने खेत में जाने के लिए 10 खेतों में से जाना है। अन्य लोग भी इस रास्ते का दशकों से उपयोग करते हैं किंतु पार्टीबाजी के कारण 1,2 व्यक्तियों को रोका जाता है तो वे कृषक अदालतों के चक्कर लगाकर, फैसला करवाए, सब 10 खेत वालों को मूल्य चुकाए और बाद में उस रास्ते का उपभोग अन्य सब लोग भी कर लें।

कृषक सरकार का टिनेंट है और यह लैंड लार्ड का दायित्व है कि उसे अपनी टिनेंसी के उपभोग के लिए रास्ता दे।

2. राजस्व कानून गत सदी के 50 के दशक में बने थे। तत्समय राजस्व अधिकारी, पटवारी आदि विभिन्न रियासतों से आए थे, शैक्षिक योग्यताएं भिन्न-भिन्न थी, कानून की जानकारी, समझ की दृष्टि से पर्याप्त भी नही समझी गई होगी। जनता को भी कानूनों, प्रक्रियाओं की ज्यादा जानकारी थी।

> **सरकार को अभियान चलाकर, मजमे आम में दरियाफ्त कर इन रास्तों का नक्शों में अंकन करना चाहिए। इसके साथ-साथ गांव से गांव जाने वाले रास्तों और केवल खेतों से खेतों में जाने वाले रास्तों की स्टैंडर्ड चौड़ाई निर्धारित कर नक्शों में दर्शित करनी चाहिए। यह चौड़ाई कम से कम ट्रैक्टर के आने जाने के लिए पर्याप्त हो।**

इसलिए इन कानूनों में अधिकार तहसीलदार, उपखण्ड अधिकारी, कलेक्टर आदि को दिए गए। अब पटवारी से लेकर ऊपर तक के राजस्व कर्मचारी और ग्राम पंचायतों के पदाधिकारी हर दृष्टि से कानूनों को समझने और उनकी क्रियान्विति करने-कराने में सक्षम है। इसलिए अब एसडीओ के कुछ अधिकार तहसीलरों को, और तहसीलदारों के अधिकार ग्राम पंचायत, गिरदावर,पटवारी को दिए जाएं। ग्राम पंचायत को राजस्व कानूनों में राजस्व न्यायालय का दर्जा डित जाना चाहिए। पंचायत को मुख्यतः सीमा ज्ञान, इनतकाल तस्दीक, सहखातेदारों में खेतों के बंटवारे के अधिकार और पटवारी, गिरदावर मोके की स्थिति के अनुसार आवश्यक नाप रिपोर्ट्स ग्राम पंचायत को सौंपे और पंचायत फैसले का रिकार्ड में अंकन करे।

3. राजस्व मंडल में आरएएस सदस्यों की नियुक्ति पूर्वानुसार एक उच्चाधिकार समिति द्वारा पूर्णतः मेरिट के आधार पर चयन से हो और सदस्य बनने के उपरांत आरएएस से त्यागपत्र दिया जाए। वर्तमान में एक व्यक्ति सदस्य होने के कारण आईएएस अधिकारियों की अपील, रिवीजन मामलों की सुनवाई करता है। बाद में वह सदस्य आरएएस से प्रमोट होकर कलेक्टर बनता है और उसकी अपीलें राजस्व मंडल सदस्य सुनता है।

(3) आईएएस में से राजस्व मंडल के सदस्य बनने की एक स्वस्थ परम्परा थी कि जिस किसी के सुपर टाइम स्केल में प्रमोसन होता था उन्हें सदस्य नियुक्त किया जाता और फिर अन्य अधिकारियों के परमोसन होने पर उन्हें लगा दिया जाता था। अब अधिकांशतः जिन अधिकारियों से सरकार किसी भी कारण से अप्रसन्न है तो उन्हें सदस्य बना दिया जाता है। जनता में यह धारणा बनी हुई है, इसे समाप्त किया जाए।

(4). स्थगन आदेशों के सम्बंध में--कई बार स्थगन आदेश मिलने के उपरांत पक्षकार येन केन प्रकारेण मुकद्दमा लम्बा खींचता रहता है। अस्थाई स्थगनादेश की समयावधि एक माह से अधिक नहीं होनी चाहिए। जिन प्रकरणों में स्थगनादेश कन्फर्म किया जाए उनमें दो एडजोर्नमेंट्स का अंतराल अधिक से अधिक 2 माह हो और पक्षकारों को 3, 3 से अधिक एडजोर्नमेंट्स नहीं में। इन सब का कानून, नियमों में आज्ञापक प्रावधान हो।

(5). अदालती फैसले की तुरन्त-फुरन्त रिकार्ड में अमल की कार्यवाही भी नए विवाद उतपन्न करती है। देखा गया है कि कुछ मामलों में (किसी भी प्रकार से) फैसला होते ही, पक्षकार हर तरीके अपना कर रिकार्ड में अमल कर लेते है जिनसे कई बार अनावशयक नए विवाद पैदा होते हैं। यह प्रावधान इस दुष्प्रवृतिय को रोक सकता है कि अपिल-रिवीजन की निर्धारित अवधि में अदालती फैसलों के अमल नहीं होगा।

(6) अदालतों में देरी का एक अन्य कारण निचली अदालतों के रिकार्ड समय पर प्राप्त नहीं होना भी है। देखने में आता है कि अभिलेख इक्कठा करने में हो वर्ष निकलना इस देरी को कम करने के लिए यह प्रावधान किया जा सकता है कि अपील अवधि व उसके 15 दिन की अवधि में फैसला करने वाली अदालत, केस का रिकार्ड निचली अदालतों में नहीं भेजेगी। इस अवधि में अपील आदि होने पर फैसला करने वाली अदालत अपना व नीचे से मंगवाया अभिलेख, जहां अपील हुई है उस कोर्ट को भेजे दे।

(7) मंदिर मूर्ति के नाम व माफी मंदिर की भूमियां:- रियासत काल की जागीरों के रिजम्पसन के बाद उन भूमियों पर काबिज कृषकों को खातेदारी अधिकार दिए गए। जागीरदारों को उनकी खुदकाश्त की भूमि पर खातेदारी अधिकार दिए गए। मंदिर की मूर्ति भी जागीरदार की हैसियत मानी गई। किन्तु अभी भी बहुत से मामले अटके हुए है। इन प्रकरणों में उच्चतम न्यायालय की भी व्यवस्था आ चुकी। शेष मामलों को अभियान चला कर निपटाया जाना चाहिए।

कुछ तो पूरे गांव ही मूर्ति/मंदिर के नाम हैं, जैसे अजमेर का देवमाली गांव पूरा ही श्री देवनारायण महाराज की खातेदारी में। ऐसे ओर भी प्रकरण हो सकते है। इन ग्रामों में काबिज काश्तकारों को यदि खातेदारी अधिकार देने में कोई बड़ी कानूनी, प्रशासनीक बाधा हो तो उन्हें कम से कम इन्हेरीटेबल राइट्स वाले उप कृषक तो बनाओ। रेवनुए नक्शे में कबीजों के खेत तो दर्शाएं जाए। वैसे इन किसानों से एकमुश्त राशि मंदिर ट्रस्ट में लेकर खातेदारी अधिकार देने पर विचार किया जाना चाहिए।

**–अतिथि सम्पादक,**
**महावीर सिंह,**
**आई.ए.एस. ( से.नि. )**

# महिला शिक्षा की वर्तमान स्थिति


डॉ.रमेश बैरवा

विद्या बिना मति गई, मति बिना नीति गई, नीति बिना गति गई, गति बिना वित्त गया, वित्त बिना शुद्र गए, इतने अनर्थ एक अविद्या ने किए । विद्या अर्थात शिक्षा के बारे में महात्मा ज्योतिबा फूले के मुक्तिगामी विचारों की वाहक, शोषणमुक्त समाज के लिए संघर्ष की सहयात्री सावित्रीबाई फूले को सादर नमन।

भारत सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन 2019-20 की रिपोर्ट के आंकड़ों के आधार पर स्कूली एवं उच्च शिक्षा में महिलाओं की सहभागिता में तेजी से सुधार हो रहा है । कक्षा 8वीं तक तथा पीजी एवं यूजी के स्तर पर महिला विद्यार्थियों का नामांकन पुरुष विद्यार्थियों से ज्यादा हो गया है। भारत में स्कूलों की संख्या 15 लाख 7 हजार 708 एवं राजस्थान में यह संख्या 1 लाख 6 हजार 240 है, जिनमें करीब 25 करोड़ विद्यार्थी पढ़ते हैं। इन 25 करोड़ विद्यार्थियों में से 13 करोड़ लड़के एवं 12 करोड़ लड़कियां हैं । स्कूल शिक्षकों की संख्या राष्ट्रीय स्तर पर 96 लाख 86 हजार 577 एवं राजस्थान में 7 लाख 74 हजार 21 है। राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल शिक्षकों में 50 प्रतिशत महिला शिक्षक हैं तथा राजस्थान में यह आंकड़ा 39 प्रतिशत का है । देश में 1043 विश्वविद्यालय एवं 42343 महाविद्यालय हैं। राजस्थान में 89 विश्वविद्यालय एवं 3380 महाविद्यालय हैं। उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों की कुल संख्या 3 करोड़ 85 लाख है जिसमें से एक करोड़ 96 लाख पुरुष एवं एक करोड़ 89 लाख महिला विद्यार्थी हैं। महिला विद्यार्थियों का प्रतिशत 49 है। पुरुष विद्यार्थियों का जीईआर 26.9 एवं महिला विद्यार्थियों में यह 27.3 का है। राजस्थान में यह 24.1 है जिसमें 24.3 पुरुष एवं 23.9 महिला का है।

दूरस्थ शिक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों में 44.5 प्रतिशत महिला विद्यार्थी हैं। 78 प्रतिशत कॉलेज निजी क्षेत्र में है। उच्च शिक्षा में कार्यरत कुल 1503156 शिक्षकों में से 57. 5 प्रतिशत पुरुष शिक्षक एवं 42.5 प्रतिशत महिला शिक्षक हैं। नॉन टीचिंग स्टाफ में 100 पुरुष कर्मियों पर 51 महिला कर्मी हैं। वर्ष 2019 में 38986 विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री दी गई, जिनमें से 21 हजार 577 पुरुष एवं 17409 महिला शोधार्थी हैं।

- **राष्ट्रीय स्तर पर 50 तथा राजस्थान में 39 फीसदी महिला शिक्षक हैं**

प्रदेश स्तर के निजी विश्वविद्यालय, डीम्ड यूनिवर्सिटी एवं इंस्टीट्यूशंस आफ नेशनल इंर्पोटेंस में महिला विद्यार्थियों का नामांकन सबसे कम है। पीएचडी के 2 लाख 2 हजार 550 में से 1 लाख 11 हजार 444 पुरुष एवं 92 हजार 106 महिला विद्यार्थी हैं। राजस्थान के 10 हजार 850 पीएचडी शोधार्थी में 5 हजार 478 पुरुष एवं 5 हजार 372 महिलाएं हैं। पीजी में अखिल भारतीय स्तर पर हुए कुल नामांकन 43 लाख 12 हजार 245 में से 18 लाख 60 हजार 163 पुरुष एवं 24 लाख 52 हजार 372 महिला विद्यार्थी हैं। अर्थात करीब 6 लाख महिला विद्यार्थी अधिक हैं। अंडर ग्रेजुएट विद्यार्थियों की कुल संख्या 3 करोड़ 6 लाख 47 हजार 287 में से 1 करोड़ 55 लाख 63 हजार 77 पुरुष एवं 1 करोड़ 50 लाख 84 हजार 210 महिला विद्यार्थी हैं। अर्थात 4 लाख 78 हजार महिला विद्यार्थी अधिक हैं। राजस्थान में पीजी में 2 लाख 46 हजार 73 में 1 लाख 15 हजार 851 पुरुष एवं 1 लाख 30 हजार 222 महिला विद्यार्थी हैं। यूजी के 17 लाख 61 हजार 65 में से 9 लाख 7 हजार 391 पुरुष एवं 8 लाख 53 हजार 674 महिला विद्यार्थी हैं।

**डॉ.रमेश बैरवा**
**प्रदेश संयोजक**
**शिक्षा बचाओ आंदोलन**

# उत्तराखंड स्थित केदारकांठा चोटी पर 280 फीट लम्बा तिरंगा फहराया

**गंगापुर सिटी,** (निस)। इंडियन एडवेंचर फाउंडेशन से सवाई माधोपुर जिले के गंगापुर सिटी निवासी पीयूष जतिन सहित 18 साथीयों ने उत्तराखंड स्थित केदारकांठा चोटी पर 280 फीट का भारतीय ध्वज फहराया।

इंडियन एडवेंचर फाउंडेशन के इस अभियान का नेतृत्व कर रहे छत्तीसगगढ के पर्वतारोही रोहित झा में बताया की इस ट्रेक में राजस्थान सवाई माधोपुर गंगापुर से पियूष व जतिन का चयन हुआ साथ ही सिरोही से शंकर शामिल हुए । रोहित ने बताया कि दिल्ली सहित छह राज्यों ने भाग लिया जिसमे राजस्थान, उत्तराखंड, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ जिसमे कमलेश, अभय, पल्लवी, निशा आदि मौजूद रहे। ये दल देहरादून से सँकरी 6400०० फीट, सँकरी वे जुडा का तालाव 9100 फीट बेस कैंप प्रथम बेस कैंप पहुंचे। द्वितीय बेस कैंप हरगांव होते हुए तीसरे दिन केदारकांठा बेस कैंप 11250 फीट पहुचे। इसी तरह चौथे दिन केदारकांठा बेस से केदारकांठा पीक 12500 फीट पर पहुचे। रोहित ने बताया कि रात्रि 3 बजे लगातार पैदल ट्रेक करने के बाद 2 जनवरी को सुबह लगभग ०6 बजे पहुचे। इसके उपरांत बेस कैंप पर-०5 डिग्री और अन्तिम पीक पर-16 डिग्री तक तापमान रहा।


केदारकांठा चोटी पर तिरंगा फहराते पर्वतारोही।

- **दल में राजस्थान के सवाई माधोपुर, गंगापुर से पीयूष व जतिन का चयन हुआ**
- **दिल्ली सहित राजस्थान, उत्तराखंड, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ के लोग दल में शामिल रहे**

इस स्थिति में 12500 फीट पर 28 फीट का भारतीय ध्वज फहरा कर सभी अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया। पार्वतारोही संजय सिंह भोज, राजस्थान स्टेट फील्ड ऑफिसर नरेंन्द्र कुमार शर्मा, स्टेट एडवेंचर ऑफिसर रंजीत, स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर प्रियंका, राजस्थान के डिप्टी डायरेक्टर एल एन वैरवा ने बधाईया दी। इससे पूर्व इंडियन एडवेंचर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इफ्राईम अहमद व चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर गयस अहमद ने सभी प्रतिभागिओं व ट्रेक लीडर रहे रोहित झा को इस सफलता पर बधाई दी।

## भरतपुर की सौ से अधिक संस्थाओं पर संकट के बादल मंडराये

**भरतपुर,** (निसं)। उत्तरी भारत की 100 वर्ष से अधिक पुरानी ऐतिहासिक साहित्यक संस्था श्री हिंदी साहित्य समिति पर आजकल संकट के बादल मंडरा रहें है। इस हिंदी साहित्य समिति में पुराने समय में विश्व कवि रविन्द्र नाथ टैगोर, पंडिम मदन मोहन मालवीय, राजर्षि पुरूशोत्तम दाम टंडन, पूर्व उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन, पूर्व मुख्यमंत्री मोहन लाल सुखाडिया, बृजेन्द्र सवाई महाराजा कृष्ण सिंह, राजमाता गिर्राज कौर, मौरारजी देसाई, पूर्व उपराष्ट्रपति बीडी जत्ती, कथाकार भीष्म सहानी, कहानी कार कमलेश्वर जैसी महान साहित्यक हस्तियां समिति को गौरवान्वित कर चुकी है।

लेकिन इस समिति में पिछले लंबे समय से दो कर्मचारियों का वेतन नही मिलने की वजह से अब कोर्ट ने समिति के एक भाग को नीलाम करने के आदेश दिए है। जिसकी पालना में आज कोर्ट के स्टाफ ने नीलामी की कार्यवाही किए जाने से शहर में साहित्यक संस्था पर छा रहे संकट के बादलों को दूर किए जाने की चर्चा बनी रही। भरतपुर की हिंदी साहित्य समिति के एक भाग की शुक्रवार को नीलामी होनी थी, जिसके लिए कोर्ट के सेलअमीन विकास आनन्द सहित अन्य लोग हिंदी साहित्य समिति में समिति को नीलामी की कार्यवाही करने के लिए शुक्रवार को पहुंचे लेकिन नीलामी में एक भी खरीदार ने बोली नही लगाई।

- **दो कर्मचारियों का वेतन नहीं मिलने पर कोर्ट ने संस्था के एक भाग को बेचने के आदेश दिए**

हालांकि नीलामी के लिए तीन जनों को नीलामी में शामिल होना जरूरी था लेकिन एक व्यक्ति नीलामी में पहुंचा जिससे नीलामी का कोरम पूरा नही होने से इस समिति की नीलामी आज नही हो सकी जिससे समिति व समिति के साहित्यक प्रेमी लोगों को राहत मिली है। बताया गया है कि दो कर्मचारी दाऊ दयाल लाइब्रेरियन व त्रिलोकी नाथ शर्मा क्लर्क ने 17 साल की सैलरी पाने के लिए केस न्यायालय में कर रखा था।

## मंडफिया दरबार के भंडार से 7 करोड़ तीन लाख की राशि निकली

**मंडफिया,**(निसं)। मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलियी सेठ मंडफिया के दरबार में गत 1 जनवरी नववर्ष पर खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती शुक्रवार को संपन्न हुई। श्री सांवलिया जी मंदिर बोर्ड चेयरमैन कन्हैयालाल वैष्णव ने बताया कि भंडार की गिनती पांच चरणों में हुई, जिसमें सभी को मिलाकर कुल एक माह में भंडार से 7 करोड़ 3 लाख 87 हजार 914 रुपए नगद प्राप्त हुए।

- **भंडार से 142 ग्राम सोना एवं 7 किलो 140 ग्राम चांदी भी प्राप्त हुई**
- **भंडार की गिनती पांच चरणों में संपन्न हुई**

वैष्णव ने बताया कि इसके अलावा विभिन्न भक्तों ने विभिन्न स्थानों से मनी ऑर्डर भेजकर एवं स्वयं उपस्थित होकर एवं ऑनलाइन द्वारा 91 लाख 73 हजार 973 रुपए मंदिर कार्यालय में भेंट जमा करवाएं। वैष्णव ने बताया कि भंडार से 142 ग्राम सोना एवं 7 किलो 140 ग्राम चांदी प्राप्त हुई और मंदिर कार्यालय में 271 ग्राम सोना एवं 29 किलो 384 ग्राम 500 मिलीग्राम चांदी भेंट जमा हुई। भंडार गिनती के समय मंदिर बोर्ड सदस्य मदन लाल व्यास, भैरू लाल सोनी, विजय सिंह चौहान, भेरू लाल गाडरी, प्रशासनिक अधिकारी कैलाश चंद्र दाधीच, केशियर नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र शर्मा, कार्मिक प्रभारी लेहरी लाल गाडरी, अशोक तिवारी, भेंट कक्ष के संजय कुमार मंडोवरा, गजेंद्र गौड़, राजमल बारेठ सहित मंदिर कर्मचारी एवं बैंक स्टाफ उपस्थित थे।



# जल प्रकृति का वरदान

**जल क्या है:-** वैदिक पुराणों के अनुसार पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति के लिये जल पांच तत्वों में से एक है । आम कहावत है कि- जल बिन सब सूना।

ऋग्वेद में भी इसका उल्लेख किया गया है कि 'आपो वै सर्वा देवता' यानि समस्त देवताओं का स्वरूप जल है। जल प्रकृति का सर्वोत्तम वरदान है।

**वर्तमान में जल संकट क्यों है:-**

पर्यावरण असंतुलन से वर्षा में कमी। जनसंख्या में वृद्धि एवं अनियोजित औद्योगिक कारण। परम्परागत जल स्त्रोर्तो जैसे-झीलें, तालाब, कुंओं, बावड़ियों एवं नलकूपों का सूखना।

**जल संकट के दुष्परिणाम:-**

जल संकट के कारण शहरी एवं ग्रामीण जनसंख्या का पलायन होना तथा ग्रामीण विकास की गति रुकना।

पर्यावरण क्षेत्र में असंतुलन होना, बारिश कम होना आदि। वर्तमान जल स्त्रोतों में कमी होना तथा भूजल की गुणवत्ता में गिरावट आना।

**जल संरक्षण कैसे करें:-**

**( अ ) नगरीय स्तर पर-**

घरेलू नलों एवं मोहल्लों के नलों से व्यर्थ जल बहने एवं रिसाव पर पाबंदी/रोक। भूमिगत टांके बनवा कर एकत्रित करना चाहिए। बारिश में छत एवं मकानों के व्यर्थ जल को टांके में संरक्षण करना । नगर शहरों में तालाब, कुंए एवं बावड़ियों का रखरखाव समय पर करना चाहिये, जिससे उनमें जल आवक बना रहे। आम नागरिकों को जल संरक्षण के लिये जागरूक करना शहरों में पर्यावरण संरक्षण के कार्य पर विशेष ध्यान दिया जावे।

**( ब ) ग्रामीण स्तर पर:-**

प्रत्येक घर एवं पंचायत स्तर पर वर्ष के जल संग्रह के लिये भूमिगत टांके बनाये जाने चाहिये। पारम्परिक जल स्त्रोतों में जल आवक के लिये नहरों-नालों की सफाई होनी चाहिये।

वर्षा ऋतु में पानी के केचमेन्ट क्षेत्र में पानी की निकासी सुव्यवस्थित कर एनीकट एवं बांधों का निर्माण करना चाहिये, जिससे भूमिगत जल पुनः रिचार्ज हो सके।

सिंचित क्षेत्र में फव्वारों से सिंचाई कर बूंद-बूंद पानी से सिंचाई, खुले नालों की जगह पाईप का उपयोग करें ।

महिलाओं को जल संरक्षण के प्रशिक्षण से 60 प्रतिशत आबादी लाभान्वित हो सकेगी। कम सिंचाई वाली फसलों का उत्पादन करना आदि।

सड़क पर बहने वाले वर्षा जल का पुर्नभरण/संरक्षण करना। वन पर्यावरण को अधिक महत्व दिया जावे ।

बाढ़ के पानी का बहाव रोकना एवं बांध बनाकर उस पानी का संरक्षण करना।

**जल संरक्षण की उपयोगिता:-**

शहरी एवं ग्रामीण जनता के पलायन को रोका जा सकेगा। जल संरक्षण से भूमिगत जल स्त्रोतों को रिचार्ज किया जा सकेगा ।प्रशिक्षण, प्रचार एवं प्रसार माध्यम से जल निकासी ।

बूंद-बूंद पानी संरक्षण के दृढ़ संकल्प लेने से जल संरक्षण संभव हो सकता है । अतः जल संरक्षण विषय को विशेष महत्व देकर स्कूली शिक्षा एवं महिला शिक्षा में तथा जल संरक्षण पर उच्च एवं तकनिकी शिक्षा विषय विशेषज्ञ का पाठ्यक्रम शुरू किया जाना चाहिये।

**डॉ.सुभाष पुरोहित,**
**पूर्व सदस्य, राजस्थान**
**अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड**

## राशिफल


पंडित अनिल शर्मा

**शनिवार 8 जनवरी, 2022**

पौष मास शुक्ल पक्ष, षष्ठि तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2078, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र रविवार प्रातः 7:10 तक, वारियान योग दिन 11:39 तक, तैतिल करण दिन 10:43 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-मीन, मंगल-वृश्चिक, बुध-मकर, गुरू-कुम्भ, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में।

आज अनुरूपा छठ (बंगाल में) है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 8:34 से 9:57 तक, चर 12:53 से 1:51 तक, लाभ-अमृत 1:51 से 4:27 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:44

### मेष

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण मानसिक तनाव और मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

### वृष

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

### मिथुन

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। अटके हुए व्रयावसायिक कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### कर्क

धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा।

### सिंह

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### कन्या

परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। व्यावसायिक-आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### तुला

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित शुभ संदेश प्राप्त हो सकते हैं। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है।

### वृश्चिक

परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

### धनु

घर-परिवार में वाद-विवाद बढ़ सकते हैं। आपसी अनबन के कारण आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मकर

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

### कुंभ

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

### मीन

व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक सुविधाओं में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है।

# 'कर्बला में हो रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का विरोध किया तो पुलिस ने पप्पू कुरैशी और यूनूस चौंपदार को थाने में बैठाया, गाली-गलौच की'

## विधायक रफीक खान और अमीन कागजी पहले थाने पहुंचे, फिर पीड़ितों को लेकर पुलिस कमिश्नर से मिलकर एडिशनल डीसीपी सुमन चौधरी और एसीपी चंद्र सिंह रावत की शिकायत की

**जयपुर (कासं)।** कर्बला मैदान में जलदाय मंत्री महेश जोशी के पुत्र रोहित द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट करवाने से मुस्लिम समाज में जबरदस्त रोष व्याप्त है। क्रिकेट मैच का विरोध करने वाले पप्पू कुरैशी और यूनूस चौंपदार के साथ आमेर एसीपी चंद्र सिंह रावत और एडिशनल डीसीपी सुमन चौधरी ने गाली-गलौच करके और हाथ-पांव तोड़ने की धमकी तक दे डाली। बाद में ब्रह्मपुरी थाने में जब विधायक रफीक खान और अमीन कागजी पहुंचे तो पुलिस ने दोनों को छोड़ा। हालांकि पीड़ितों ने पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव से मिलकर दोनों अफसरों की शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित पप्पू कुरैशी ने बताया कि मुस्लिम समाज के लिए कर्बला का मैदान पवित्र है। यहां जलदाय मंत्री के पुत्र रोहित ने अपनी जिद के कारण क्रिकेट टूर्नामेंट करवा दिया। इससे मुस्लिम समाज में रोष छाया हुआ है। पिछले दिनों जब हमने विरोध जताया तो शुक्रवार को आमेर एसीपी चंद्र सिंह रावत और थानाधिकारी प्रदीप सिंह ने कर्बला मस्जिद से नमाज पढ़कर लौटते वक्त पप्पू कुरैशी, यूनूस चौंपदार और जहीम कुरैशी को चाय पिलाने के बहाने ब्रह्मपुरी थाने ले जाकर बैठा लिया। पप्पू कुरैशी का आरोप है कि थाने में पहले से मौजूद एडिशनल डीसीपी सुमन चौधरी और एसीपी चंद्र सिंह रावत ने बंद कमरे में बैठाकर डराया-धमकाया और मोबाइल छीनकर पुलिसकर्मी को दे दिया। मंत्री पुत्र रोहित के द्वारा करवाये जा रहे टूर्नामेंट का विरोध करने पर दोनों ने धमकाया कि "तुझे पता नहीं है कि तू कितने ताकतवर नेता से टक्कर ले रहा है, या फिर तू ही ज्यादा इंटरनेशनल नेता बन रहा है। तेरे साथ ऐसा करेंगे कि समझ नहीं पायेगा। हमने तुम्हारी पूरी जानकारी निकाल ली है, आज से ही तेरी उल्टी गिनती शुरू है। तेरे चैनपुरा में कारोबार को बर्बाद कर देंगे, ऐसे-ऐसे मुकदमें लगाएंगे कि जेल से बाहर नहीं निकल पायेगा।"



आमेर एसीपी चंद्र सिंह रावत और एडिशनल डीसीपी सुमन चौधरी की शिकायत पुलिस कमिश्नर से करने के लिये पप्पू कुरैशी और युनूस चौंपदार पुलिस कमिश्नरेट पहुंचे। उनके साथ विधायक रफीक खान और अमीन कागजी के अलावा कई समर्थक मौजूद थे।

- **कर्बला मैदान में जलदाय मंत्री महेश जोशी के पुत्र रोहित द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट करवाने पर मुस्लिम समाज में छाया है रोष**

पीड़ितों का कहना है कि पुलिस अफसरों के इस रवैये का विरोध जताना चाहा तो कुछ पुलिसकर्मियों को बुलाकर पीछे खड़ा कर दिया और गालियां देते हुए हाथ और गर्दन तोड़ने तक की धमकी दे डाली।

पप्पू कुरैशी ने बताया कि इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर आदर्श नगर विधायक रफीक खान और किशनपोल विधायक अमीन कागजी थी ब्रह्मपुरी थाने पर पहुंचे, जिस पर दोनों पुलिस अफसरों ने हमें छोड़ दिया। जब हमने दोनों विधायकों को पूरा घटनाक्रम बताया तो उन्होंने पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव से मिलकर शिकायत करने को कहा। इसके बाद पीड़ित पप्पू कुरैशी और यूनूस चौंपदार ने पुलिस कमिश्नरेट पहुंचकर आयुक्त आनंद श्रीवास्तव को पूरा मामला बताकर दोनों अफसरों को तुरंत सस्पैंड करने की मांग की। अब मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा गया है। पीड़ितों ने कहा कि पुलिस का ऐसा घिनौना और खतरनाक चेहरा बेहद घातक है। मंत्री महेश जोशी के दबाव में आकर दोनों अधिकारी वर्दी का गलत इस्तेमाल कर रहे है। इन्हें तुरंत सस्पैंड करके नॉन फील्ड करना चाहिए।

# जयपुर में ओले



जयपुर के कई इलाकों में शुक्रवार को ओले पड़े। प्रतापनगर सेक्टर 26 में सड़कों पर ओलों की सफेद चादर बिछ गई।

# कोटपूतली नगरपालिका में अगले 45 दिन तक किसी भी निर्माण को तोड़ने पर रोक लगाई

-यादवेन्द्र शर्मा-

**जयपुर।** राजस्थान हाई कोर्ट में कोटपूतली के 39 व्यापारियों और मकान मालिकों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की गई, जिन्हें स्थानीय नगरपालिका ने सड़क चौड़ी करने और रास्ते में आने वाली सभी स्थायी व अस्थायी निर्माण को तोड़ने के संबंध में नोटिस भेजा था और चिन्हित किया था। मामले में न्यायाधीश इन्द्रजीत सिंह ने याचिकाकताओं को राहत देते हुए नगरपालिका को निर्देश दिया और कहा 30 दिन के भीतर वह सभी दुकानदार व मकान मालिकों की सुनवाई करे और फिर उपरोक्त आधार पर आदेश पारित करे।

- **अदालत ने याचिकाकताओं को राहत देते हुए नगरपालिका को निर्देश दिया कि 30 दिन के भीतर वह सभी दुकानदार व मकान मालिकों की सुनवाई करे और फिर आदेश पारित करे**
- **अदालत ने यह भी कहा कि कोई भी दुकानदार या मकान मालिक नगरपालिका के निर्णय से संतुष्ट नहीं हो तो वह अगले 15 दिन में अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है**

अदालत ने अपने आदेश में आगे कहा कि कोई भी दुकानदार या मकान मालिक नगरपालिका के निर्णय से संतुष्ट नहीं हो तो वह अगले 15 दिन में अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। इसके साथ ही अदालत ने नगरपालिका को अगले 45 दिन तक किसी भी निर्माण को तोड़ने पर कोई भी कार्यवाही करने पर रोक लगा दी।

इस मामले में पीड़ितों की ओर से अधिवक्ता सचिन बोरा ने याचिकायें दायर की थी और वरिष्ठ अधिवक्ता कमलाकर शर्मा और उनके सहायक वकील मधूसुदन राजपुरोहित अदालत में पेश हुए थे।

जैसा कि विदित है कि इस मामले दिसंबर माह में एक मकान मालिक ने कोटपूतली में हाई वे से संलग्न सड़क का विस्तार करने के लिए कई निर्माणों को तोड़ने के संबंध में नगर पालिका द्वारा जारी किये गये नोटिस के खिलाफ याचिका दायर की थी। तब भी अदालत ने नगर पालिका के नोटिस को अवैध करार दिया था क्योंकि नगर पालिका ने कानूनी प्रक्रिया का अनुसरण नहीं किया था, और नोटिस में यह नहीं बताया था कि सड़क पर कहां-कहां अतिक्रमण है जिसे हटाया जाना है। साथ ही नगर पालिका ने मकान मालिकों और दुकानदारों को जमीन अवाप्त करे बिना ही उनके निर्माणों को तोड़-फोड़ के लिए चिन्हित कर लिया था।

अदालत ने इस मामले से संबंधित अन्य पक्षकारों की याचिका पर सुनवाई करी है और नगर पालिका को दुकानदारों व मकान मालिकों में सुनवाई कर निर्णय लेने कहा है और तब तक किसी भी निर्माण पर कार्यवाही करने पर रोक लगा दी है।

# प्रदेश में बाट, माप व पैकेज नियमों से संबंधित 104 निरीक्षण किये

**जयपुर।** उपभोक्ता मामले विभाग के विधिक माप विज्ञान प्रकोष्ठ ने 1 जनवरी से प्रारम्भ हुए शुद्ध के लिए युद्ध अभियान में प्रदेश में गुरूवार को 104 निरीक्षण किये और पाई गई अनियमिताओं के अन्तर्गत बाट व माप से संबंधित 38 प्रकरण व पैकेज नियमों का उल्लंघन करने पर 20 प्रकरण दर्ज किए। 55 प्रकरणों में शमन स्वरूप 1 लाख 21 हजार 500 रूपये की राशि राजकोष में जमा करवाई। 3 प्रकरणों पर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने बताया कि विधिक माप विज्ञान की टीम द्वारा प्रदेशभर में निरन्तर निरीक्षण और कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी से शुरू हुए इस अभियान में विभाग के अधिकारियों द्वारा अब तक कुल 470 निरीक्षण किए गए हैं। इसमें से बाट व माप से संबंधित 162 प्रकरण व पैकेज नियमों से संबंधित 69 प्रकरण दर्ज किए गए हैं।


**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वरूप सिंह चौधरी पुत्र श्री प्रताप सिंह निवासी 171-172, शक्ति नगर निवारू रोड, जयपुर ने समिति कार्यालय में शपथ-पत्र व गुमशुदगी सूचना क्रमांक 126 दिनांक 21.2.2014 को पुलिस थाना झोटवाडा जयपुर में प्रस्तुत कर समिति की योजना स्कीम नम्बर 10 (शक्ति नगर) निवारू रोड, जयपुर में भूखण्ड संख्या 154 क्षेत्रफल 252 वर्गगज का डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी करने की प्रार्थना की है। यदि किसी व्यक्ति संस्था व अन्य को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 14 दिवसो में समिति कार्यालय में ऐतराज प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजरे मियाद कोई ऐतराज स्वीकार नहीं होगा तथा डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी कर दिया जायेगा। मोहन लाल शर्मा, सचिव

मैं सूरज देवी w/o मोहन लाल जांगिड़ निवासी सी-643 योजना 4सी मां चड़ा है, सूचित किया जाता है की मेरी संपत्ति से संपर्क कोई पावर ऑफ़ ऑटोनी या कोई एग्रीमेंट आज की तारीख 06/01/2022 से पहले और बाद में वैद नहीं माना ज़ायेगा संपर्क सूत्र 9587777889


## नगरपालिका मण्डल श्रीमाधोपुर सीकर राज

प्ररूप-10

(नियम 6 (7) देखिए)

क्रमांक- नपाश्रीमा/2021-22/3783-84 **लोक सूचना** दिनांक- 06.01.2022

श्री प्रदीप चौधरी पुत्र स्व. श्री सीताराम निवासी वार्ड नं. 19 चौधरियों का मोहल्ला, सुरानी बाजार श्रीमाधोपुर तहसील श्रीमाधोपुर जिला सीकर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनों के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिघृति अधिकारों के निर्वापन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला सीकर तहसील श्रीमाधोपुर | श्रीमाधोपुर | 290 | 0.2800 हैक्टर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिघृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 06.01.2022 को जारी की गयी। **प्राधिकृत अधिकारी, नगर पालिका श्रीमाधोपुर**

## NOTICE TO SHOW CAUSE

[Appendix H, Form No. 4]

**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JAIPUR BENCH, JAIPUR**

Santra Devi VS. Bhanwar Lal & Ors.
Petitioner Respondent

**S.B. CIVIL MISC. STAY APPLICATION 28498/2021**
along with
**S.B. CIVIL FIRST APPEAL NO. 337/2021**

**TO**

1. Manju W/o Late Hansraj Joshi, Resident of Plot no. 66/67, Lohiya Bhawan, Kanti Nagar, Polovictory ke Samne, Jaipur.
2. Hitesh S/o Late Hansraj Joshi, Resident of Plot no. 66/67, Lohiya Bhawan, Kanti Nagar, Polovictory ke Samne, Jaipur.
3. Bhawna D/o Late Hansraj Joshi, Resident of Plot no. 66/67, Lohiya Bhawan, Kanti Nagar, Polovictory ke Samne, Jaipur.

Whereas the above named appellant has made a first appeal to this Court under Section 96 of the Code of Civil Procedure, a copy is enclosed.

You are hereby informed that you may appear in person or by a pleader duly instructed on the 12.1.22 (CD) at——— O' Clock, to show cause why the first appeal should not be admitted, failing wherein the said appeal will be heard and admitted exparty.ty.

Given under my hand and the seal of the court, this day 5.1.22 of

मोहर

**Registrar**
**Rajasthan High Court, Jaipur**

## NOTICE TO SHOW CAUSE

[Appendix H, Form No. 4]

**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JAIPUR BENCH, JAIPUR**

Santra Devi VS. Bhanwar Lal & Ors.
Petitioner Respondent

**S.B. CIVIL FIRST APPEAL NO. 337/2021**
along with
**S.B. CIVIL MISC. STAY APPLICATION 28498/2021**

**TO**

1. Manju W/o Late Hansraj Joshi, Resident of Plot no. 66/67, Lohiya Bhawan, Kanti Nagar, Polovictory ke Samne, Jaipur.
2. Hitesh S/o Late Hansraj Joshi, Resident of Plot no. 66/67, Lohiya Bhawan, Kanti Nagar, Polovictory ke Samne, Jaipur.
3. Bhawna D/o Late Hansraj Joshi, Resident of Plot no. 66/67, Lohiya Bhawan, Kanti Nagar, Polovictory ke Samne, Jaipur.

Whereas the above named appellant has made a first appeal to this Court under Section 96 of the Code of Civil Procedure, a copy is enclosed.

You are hereby informed that you may appear in person or by a pleader duly instructed on the 12.1.22 (CD) at——— O' Clock, to show cause why the first appeal should not be admitted, failing wherein the said appeal will be heard and admitted exparty.ty.

Given under my hand and the seal of the court, this day 5.1.22 of

मोहर

**Registrar**
**Rajasthan High Court, Jaipur**

# 32 मीटर से ऊंची इमारतों के निर्माण पर रोक को लेकर सुनवाई 15 तक टली

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने 32 मीटर से ज्यादा ऊंचाई की बहुमंजिला इमारतों के निर्माण पर लगी रोक के मामले में सुनवाई 15 फरवरी तक टाल दी है।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर राज्य सरकार के प्रार्थना पत्र जवाब पेश करने के लिए समय मांगा गया था। जस्टिस नरेन्द्र सिंह और जस्टिस सीके सोनगरा की खंडपीठ ने यह आदेश कुणाल रावत की जनहित याचिका पर दिए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि एजी एमएस सिंघवी ने अदालत से कहा कि बहुमंजिला इमारतों में आग बुझाने के लिए लेडर आ चुका है। इसलिए 32 मीटर से ज्यादा ऊंचाई की बिल्डिंग के निर्माण पर लगी रोक को हटाया जाए। वहीं याचिकाकर्ता ने कहा कि लेडर तो आ चुका है, लेकिन उसका संचालन नहीं किया जा रहा है और ना ही उसे नगर निगम को ही सौंपा गया है। इसके अलावा याचिकाकर्ता ने राज्य सरकार की ओर से पेश प्रार्थना पत्रों का जवाब पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर अदालत ने मामले की सुनवाई 15 फरवरी तक टाल दी है। जनहित याचिका में शहर के विद्याधर नगर में एक मकान में आग लगने से पांच लोगों की मौत का हवाला देते हुए फायर बिग्रेड स्टेशनों में संसाधनों की कमी का मुद्दा उठाया गया है। हाईकोर्ट ने ऊंची इमारतों में लगी आग को बुझाने के लिए हाइड्रोलिक लेडर नहीं आने तक 32 मीटर से ऊंची इमारतों के निर्माण पर रोक लगा दी थी।

# आयोग ने उपभोक्ता पर लगाया हर्जाना

**जयपुर, (का.सं.)।** जिला उपभोक्ता आयोग, प्रथम ने परिवाद की सुनवाई के लिए बिना कारण हवाई टिकट बुक करने वाले एजेंट को पक्षकार बनाने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही आयोग ने उपभोक्ता पर सात हजार पांच सौ रुपए का हर्जाना लगाते हुए परिवाद खारिज कर दिया है। आयोग ने हर्जाना राशि एक माह में बुकिंग एजेंट को देने के आदेश दिए हैं। आयोग ने यह आदेश मोहम्मद हारुन के परिवाद पर दिए।

आयोग ने कहा उपभोक्ता कानून ग्राहक के अधिकारों के संरक्षण के लिए ही बनाए गए हैं, लेकिन इसके आधार पर उपभोक्ता को न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। बुकिंग एजेंट का काम सिर्फ टिकट बुकिंग तक ही सीमित था। इसके अलावा परिवादी की यात्रा भी मुम्बई में पूरी हो गई थी। ऐसे में बुकिंग एजेंट को अनावश्यक पक्षकार बनाया गया है। परिवाद में कहा गया कि वह व्यवसाय के काम से मुम्बई होते हुए लुसाका गया था। इसके लिए उसने बीसीएस टूर एंड ट्रेवल्स से टिकट बुक कराए थे। वापस जयपुर आने के लिए वह 27 सितंबर 2012 को मुंबई उतरा था। वहां कीनिया एयरवेज ने उसका हैंड बैग जब्त कर लिया। इसके चलते उसे मुम्बई में तीन दिन अनावश्यक रुकना पड़ा। हैंड बैग में दवा और कपड़े आदि भी थे। दवा के अभाव में परिवादी बीमार भी हो गया। ऐसे में उसे कुल चार लाख 75 हजार रुपए का हर्जाना दिलाया जाए।


## तीये की बैठक



हमारे पूजनीय पिताजी **श्री रावत सिंह जी** (ठिकाना तुर्कीयावास) का स्वर्गवास दिनांक 6 जनवरी 2022 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 8 जनवरी 2022 को सायं 4.00 से 5.00 बजे ब्रज भवन, एचपी पेट्रोल पम्प के सामने, कालवाड रोड, झोटवाड़ा, जयपुर पर होगी।
**शोकाकुल-**सुरेन्द्र सिंह शेखावत, कर्नल वीरेन्द्र सिंह, कर्नल नरेन्द्र सिंह, कर्नल राजेन्द्र सिंह (पुत्र) एवं समस्त परिवारजन

## नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## नाम परिवर्तन

मैने मेरा नाम मनोज कुमार सिंह से बदलकर मनोज चौधरी रख लिया है भविष्य में मुझे मनोज चौधरी के नाम से जाना जाये। मो. 9680929292

मैंने अपने पुत्र का नाम रूद्र मोदानी से बदलकर अनंत मोदानी रख लिया है। भविष्य में उसे अनंत मोदानी पुत्र अरविन्द कुमार मोदानी के नाम से जाना पहचाना जावें। प्लाट नं. ए-34-ए, तुलसी नगर, अमानीशाह रोड, शास्त्री नगर, जयपुर

## आम सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री विशाल पुत्र स्व. श्री पूरण चन्द अग्रवाल द्वारा AXIS बैंक, ब्रांच- हवा सड़क, जयपुर से लिए गए ऋण को वापिस जमा करवा दिया। ऋण की एवज में रखे उनकी माता श्रीमती कुसुमलता धर्मपत्नी पूरण चन्द अग्रवाल के स्वामित्व के म.सं. 40, कनक विहार कॉलोनी, कनकपुरा (जयपुर) के मूल दस्तावेजात वापिस लिए जा रहे हैं। किसी भी व्यक्ति, संस्थान को आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी आपत्ति दर्ज करें।
**दिव्यप्रताप सिंह** (एडवोकेट)
राजस्थान उच्च न्यायालय। मो. 9001860869

## खोया-पाया

हमारे म.नं. क्यू-48 (एसएफएस) टाइप-ई, अल्टरनेटिव-द्वितीय, राज आंगन, एनआरआई कॉलोनी, सेक्टर-24, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का मूल रिवाइज्ड अलॉटमेंट लैटर नं.1148 दि. 27.09.2007 व कब्जा पत्र नं. 253 दि. 25.05.2009 कहीं गुम हो गया। **मिलने पर सूचित करें।** रविन्द्र कुमार माथुर बेनु माथुर मो. 8107255731

मेरे प्लॉट नं. 35 भंवर कॉलोनी, रामपुरा रोड़, सांगानेर जयपुर जिसका मित्र गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड सोसाईटी का मुल पट्टा खो गया है। **मिलने पर सूचित करें-** लड्डो पत्नी अब्दुल सलीम। मो. 9413384960


## जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांकः जविप्रा/उपा./जोन-14/2021/डी-1769 दिनांकः 16.12.21

**सार्वजनिक सूचना-** जविप्रा की योजना उदय विहार के भू.सं. 271 क्षेत्रफल 84 व.मी. की लीजडीड क्रमांक 168 दिनांक 28.05.2015 को श्रीमती भौंरी देवी खटीक पुत्री श्री मूलचन्द खटीक के पक्ष में जारी की गई थी। आवेदक श्री हेमन्त मल्होत्रा पुत्र श्री मदन लाल द्वारा स्व घोषणा-पत्र, उक्त लीजडीडधारिया श्रीमती भौंरी देवी खटीक की मृत्यु 19.02.2018 को होने का मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत वसीयतनामा व पहचान पत्र के आधार पर नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करवाने हेतु ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन किया गया है। अतः उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर कार्यालय समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में प्रकरण में उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करने की कार्यवाही कर दी जावेगी।

**उपायुक्त जोन-14 जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

## -: आम सूचना :-

मेरे पक्षकार नेमीचन्द पुत्र श्री बंशीलाल, आयु 61 वर्ष निवासी जैन मंदिर, पुराना बाजार, इटावा जिला कोटा के निर्देशानुसार इस आम सूचना के जरिये सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार का पुत्र अविनाश जैन एवं पुत्रवधु श्रीमती गीतांजली, मेरे पक्षकार के कहने में नही है तथा उक्त दोनों मेरे पक्षकार से लड़ाई झगडा व दुर्व्यवहार करते है। इनके आचरण से मेरा पक्षकार जो वरिष्ठ नागरिक है, बहुत दुखी है। इसलिए मेरा पक्षकार अपने पुत्र अविनाश जैन एवं पुत्रवधु श्रीमती गीतांजली को अपनी स्वअर्जित समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है तथा मेरे पक्षकार का इनसे कोई लेना-देना नहीं रहा है, कोई भी दीगर व्यक्ति इनसे मेरे पक्षकार के बिहाफ पर किसी प्रकार को व्यवहार नही करे, यदि इसके पश्चात भी कोई संव्यवहार इन दोनो से करता है तो उसकी जिम्मेदारी स्वयं उसकी होगी।

**विजय कछावाहा एडवोकेट**
मो. 9828451522

# कायोलय नगरपालिका मालपुरा जिला टोंक (राज.)

क्रमांक-न.पा.मा./21-22/7206 दिनांक- 6.1.2022

## सार्वजनिक आपत्ति आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा हितबद्ध व्यक्ति विशेष आम खास को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में अधोलिखित व्यक्तियों द्वारा स्टेट ग्रान्ट एक्ट पट्टा, लीज डीड पट्टा, कृषि भूमि नियमन नामान्तकरण, भवन निर्माण अनुज्ञा पट्टा चाहा गया है। किसी भी व्यक्ति को निम्नांकित इजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | नाम प्रार्थी | मोहल्ला | भूखण्ड संख्या/नाप | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री शिवराज चौधरी पुत्र बालूराम चौधरी निवासी शिव कॉलोनी दूदू रोड मालपुरा | आराजी खसरा नम्बर 1299/3 रकबा 2.17 बीघा आवासीय शिव कॉलोनी वाके कस्बा मालपुरा | पूर्व से पश्चिम 60 फीट, उत्तर से दक्षिण 40 फीट कुल 266.66 वर्गगज | 69-ए |
| 2 | श्रीमती सुशिला चौधरी पत्नि शिवराज चौधरी निवासी शिव कॉलोनी दूदू रोड मालपुरा | आराजी खसरा नम्बर 1310/2 वाके कस्बा मालपुरा | भूखण्ड संख्या 1 ए पूर्व से पश्चिम 15 फीट, उत्तर से दक्षिण 10 फीट कुल 16.66 वर्गगज | 69-ए |
| 3 | श्रीमती सुशिला चौधरी पत्नि शिवराज चौधरी निवासी शिव कॉलोनी दूदू रोड मालपुरा | आराजी खसरा नम्बर 1310/2 वाके कस्बा मालपुरा | भूखण्ड संख्या 16 पूर्व से पश्चिम 15 फीट, उत्तर से दक्षिण 15 फीट कुल 25 वर्गगज | 69-ए |
| 4 | श्री मोहम्मद शफी पुत्र खालिद अहमद निवासी छोटी मस्जिद के पास मोहल्ला सादात मालपुरा | छोटी मस्जिद के पास मोहल्ला सादात मालपुरा | . | 69-ए |
| 5 | श्री अ. हफीज पुत्र अहमद अली निवासी मोहल्ला सादात मालपुरा | मोहल्ला सादात मालपुरा | . | स्टेट ग्रान्ट एक्ट |
| 6 | श्री शहजाद अहमद पु. मो. सलीम निवासी नागोरियो की मस्जिद के पास नागोरी मोहल्ला मालपुरा | नागोरिया की मस्जिद के पास नागोरी मोहल्ला मालपुरा | . | 69-ए |
| 7 | श्रीमती शेहेबा पत्नि युसुफ अली निवासी बडी मस्जिद के पास मोहल्ला सादात मालपुरा | बडी मस्जिद के पास मोहल्ला सादात मालपुरा | . | स्टेट ग्रान्ट एक्ट |
| 8 | श्री अब्दुल सलाम पुत्र अब्दुल रहमान निवासी उर्दू ब्लाक के पास मालपुरा | उर्दू ब्लाक के पास मालपुरा | . | स्टेट ग्रान्ट एक्ट |
| 9 | श्री निजामुद्दीन पुत्र मोहम्मद शाह निवासी हथाई के पास मोहल्ला सादात मालपुरा | हथाई के पास मोहल्ला सादात मालपुरा | . | स्टेट ग्रान्ट एक्ट |
| 10 | श्रीमती कमला देवी पत्नि कैलाश चन्द शर्मा निवासी हाथगी तहसील मालपुरा | आराजी खसरा नम्बर 1471 रकबा 1.17 बीघा वाके कस्बा मालपुरा | भूखण्ड संख्या 15बी पूर्व से पश्चिम 50 फीट, उत्तर से दक्षिण 25 फीट कुल 138.88 वर्गगज | कृषि भूमि |
| 11 | श्री हुसैन पुत्र सुबराती खां जाति देशवाली निवासी देशवाली मोहल्ला मालपुरा | देशवाली मोहल्ला मालपुरा | 204.71 वर्गगज | 69-ए |
| 12 | श्री रामलाल पुत्र भॅवरलाल कुमावत निवासी वार्ड नं. 1 गोपाल नगर नगर मालपुरा | वार्ड नं. 1 गोपाल नगर मालपुरा | भूखण्ड संख्या 97, 98 साईज 50 X 25 | कृषि भूमि |
| 13 | श्री फय्युम अहमद पुत्र कय्युम निवासी नई मस्जिद के पास मालपुरा | नई मस्जिद के पास मालपुरा | . | स्टेट ग्रान्ट एक्ट |
| 14 | श्रीमती शान्ति देवी पत्नि स्व. घीसालाल जैन निवासी बघेरा तहसील केकडी जिला अजमेर | आराजी खसरा नम्बर 1312/4 रकबा 0.14 बीघा वाके कस्बा मालपुरा आवासीय साकेत नगर | कुल 293.33 वर्गगज | कृषि भूमि |
| 15 | श्री अय्यूब अली पुत्र अब्दुल रज्जाक एवं शबनम पत्नि अय्युब अली निवासी वार्ड नं. 22 मालपुरा | वार्ड नं. 22 मालपुरा | . | स्टेट ग्रान्ट एक्ट |
| 16 | श्री अब्दुल माजिद पुत्र अब्दुल मजीद एवं फिरोजा पत्नि अब्दुल माजिद निवासी वार्ड नं. 22 मालपुरा | वार्ड नं. 22 मालपुरा | . | स्टेट ग्रान्ट एक्ट |
| 17 | श्री अब्दुल मारूफ, मरगुब अहमद पुत्र अब्दुल रउफ निवासी वार्ड नं. 22 मालपुरा | वार्ड नं. 22 मालपुरा | . | स्टेट ग्रान्ट एक्ट |
| 18 | श्री रमजानी पुत्र अलादीन एवं वकीला पत्नि रमजानी निवासी वार्ड 5 मालपुरा | वार्ड नं. 5 मालपुरा | . | स्टेट ग्रान्ट एक्ट |
| 19 | श्री मोहम्मद सलीम पुत्र हबीब अली एवं संजीदा पत्नि मोहम्मद सलीम निवासी वार्ड नं. 11 मालपुरा | वार्ड नं. 11 मालपुरा | . | स्टेट ग्रान्ट एक्ट |
| 20 | श्री सैयद अनवर अली नकवी पुत्र सैयद अहमद अली निवासी कुम्हारो की गली मोहल्ला सादात कुम्होरा की गली मोहल्ला सादात मालपुरा | | . | स्टेट ग्रान्ट एक्ट |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका मालपुरा**

## उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 44/21

**विषय-** उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र। प्रार्थी नाम ठाकुर दास पुत्र स्व. श्री गेही मल जाति सिंधी विवाद स्थान 113/5, रामतीर्थ मार्ग, मानसरोवर, जयपुर मृतक डॉ. अनूप शर्मा की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक- 25.2.22

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम डॉ. अनूप शर्मा पुत्र राजेन्द्र कुमार शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी 113/4, रामतीर्थ मार्ग, मानसरोवर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 25 माह 02 सन् 2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 06 माह 01 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर

**शरिस्तेदार**
**अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश**
**संख्या 10, जयपुर महानगर**
**प्रथम, जयपुर**

# जोधपुर में 440 संक्रमित मिले, कलेक्टर ने बनाए माइक्रो कन्टेनमेंट एवं कंटेनमेट क्षेत्र

## जिले में शुक्रवार को 32 जनों को उपचार के बाद डिस्चार्ज किया गया

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में शुक्रवार को 440 संक्रमित सामने आए हैं। 32जनो को उपचार के बाद डिस्चार्ज किया गया। जिला कलक्टर के आदेशानुसार जोन मधुबन एवं जोन महामंदिर के कुछ क्षेत्रों को अठिाम आदेश तक माइक्रो कन्टेनमेंट एवं कंटेनमेट क्षेत्र घोषित किया है।

जोन मधुबन के इन्सीडेंट कमाण्डर द्वारा हितेन्द्र गोयल, मकान नम्बर ए 58, कृष्णा नगर, न्यू पाली रोड के पास मधुबन हाऊसिंग बोर्ड, भंवरसिंह मकान नम्बर 4/44 सेन्ट ऐन्स प्रथमिक विद्यालय के पास, मधूबन हाउसिंग बोर्ड तथा सुनिल अरोड़ा मकान नम्बर ए 42, सरस्वती नगर, मधुबन हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र को माइक्रो कन्टेनमेंट जोन घोषित किया है। महामंदिर जोन के इन्सीटेंड कमाण्डर राजेन्द्र सिंह ने ओल्ड एस एस बी कॉम्लेक्स भदवासिया क्षेत्र को कंटेनमेंट क्षेत्र घोषित किया है।

■ **जिले के मरीज जांच के लिए जयपुर पर निर्भर, ओमिक्रॉन के मरीजों की नहीं हो रही पहचान**

जोधपुर में अभी तक खतरनाक माने जाने वाले वैरिएंट ओमिक्रॉन की जांच शुरू नहीं हो पाई है। अभी तक मशीन ही जोधपुर नहीं पहुंची है। जांच के लिए जोधपुर पूरी तरह से जयपुर पर निर्भर है। जयपुर में कोरोना के संक्रमित बहुत बड़ी संख्या में आने से जोधपुर के सैंपलों का नंबर तक नहीं लग पा रहा है। सबसे बड़ी परेशानी यह है कि वायरस के वैरिएंट की पहचान नहीं हो पा रही है। सभी रोगियों के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए जयपुर तो भेजे जा रहे हैं, लेकिन वहां से रिपोर्ट नहीं आ रही।

### अलवर में 219 नए पॉजिटिव

**अलवर, (निसं)।** शुक्रवार को कोरोना के 219 केस आ गए जबकि एक दिन पहले 144 कोरोना संक्रमित आए थे। जिले में हर दिन के आंकड़े चौका रहे हैं। अब तक जयपुर व जोधपुर के बाद अलवर में तीसरे नंबर पर सबसे अधिक पॉजिटिव आने का सिलसिला जा रही है। जबकि डॉक्टर व एक्सपर्ट का मानना है कि पूरे देश में कोरोना की तीसरी लहर फैल चुकी है।

कम्यूनिटी स्प्रैड हो चुका है। जिसके कारण कुछ ही दिन में बड़ी संख्या में लोग संक्रमित हो चुके हैं। हर दिन नए संक्रमितों की संख्या बढ़ती जा रही है व लापरवाही रही तो हैल्थ सिस्टम के काबू से बाहर हो सकता है। हालांक अभी तक जिले में अस्पताल में भर्ती मरीज नहीं के बराबर हैं। अधिकतर का घर पर इलाज जारी है।

## उदयपुर जिले में शुक्रवार को 189 संक्रमित मिले

■ **आठवीं तक के स्कूल 17 जनवरी तक बंद**

■ **संक्रमितों में 16 कोरोना वॉरियर्स शामिल**

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले में लगातार बढ़ रहे संक्रमितों के बीच शुक्रवार को 189 पॉजीटिव मिले है। आज चार संक्रमित रिकवर भी हुए। बढ़ते संक्रमितों के बीच जिला कलक्टर ने उदयपुर नगरीय क्षेत्र के कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यालयों को 17 जनवरी तक बंद रखने के आदेश दिए।

कलेक्टर चेतन देवडा का स्कूल बंद करने का आदेश समस्त राजकीय निजी एवं सीबीएसई से मान्यता प्राप्त विद्यालय में तत्काल प्रभाव से लागू होगा। विद्यालय स्टाफ का समय शिविरा पंचांग के अनुसार रहेगा एवं विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से पढ ाने की व्यवस्था की जाएगी।

सीएमएचओ 189 पॉजीटिव मिलने की पुष्टि की। संक्रमितों में 146 शहरी क्षेत्र से होकर इनमें 16 कोरोना वॉरियर्स, 107 नए संक्रमित, 19 क्लॉज कांटेक्ट व 04 प्रवासी है। ग्रामीण क्षेत्र में मिले 43 संक्रमितों में 02 कोरोना वॉरियर्स, 15 क्लॉज कांटेक्ट व 26 नए संक्रमित हैं।

# बीकानेर में 165 नए कोविड पॉजिटिव निकले

■ **शहर के अलावा नोखा व देशनोक में बिगड़ रहे हालात**

■ **शुक्रवार से बीकानेर में 8वीं तक के सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं**

**बीकानेर, (कासं)।** बीकानेर में शुक्रवार सुबह की रिपोर्ट में 80 से ज्यादा पॉजिटिव आने के बाद दोपहर में 83 की नई सूची जारी हो गई। ऐसे में अब तक 165 कोविड पॉजिटिव एक ही दिन में सामने आए हैं। कोरोना रोगियों की बढ़ ती संख्या के बीच शुक्रवार से बीकानेर में पहली से 8वीं तक के सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। बीकानेर से सटे देशनोक में एक साथ 5 पॉजिटिव आए हैं, जबकि नोखा फिर हॉटस्पॉट बनता जा रहा है।

देशनोक के वार्ड संख्या दो और 24 में कोरोना पॉजिटिव आए हैं। इनमें वार्ड संख्या 2 में पांच साल का एक बच्चा भी कोविड संक्रमित मिला है। नोखा के रोडा, वार्ड संख्या 4, 5, 20, 22, 28 और 40 में भी कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। वहीं अणखीसर गांव में भी एक केस मिला है। पीबीएम अस्पताल में लिए गए सैंपल में तीन मरीज पॉजिटिव आए हैं। लालगढ़ के रामपुरा अस्पताल में लिए सैंपल में रामपुरा बस्ती के 5 केस पॉजिटिव, जबकि नया शहर थाने के पीछे रहने वाला एक युवक भी संक्रमित मिला है।

इसके अलावा बीकानेर शहर में बी. सेठिया गली, फड़ बाजार, रामपुरिया हवेली एरिया, कल्ला पेट्रोल पंप के पास, जंभेश्वर कॉलोनी, मुरलीधर व्यास कॉलोनी, रामदेव पार्क के पास, गांधी कॉलोनी, पुरानी गिन्नाणी, जयनारायण व्यास कॉलोनी, गंगाशहर, चौतीना कुआ, हनुमान हत्था, भीनासर, मिल्ट्री अस्पताल, जनता प्याऊ, सुगनी देवी अस्पताल के पास, सिंधियों का मोहल्ला, लक्ष्मीनाथ घाटी, मोहता सराय, मोहता चौक, बारह गुवाड़ व बंगला नगर में भी संक्रमित मिलने शुरू हो गए हैं।

# जालोर से जैसलमेर घूमने गए दोस्तों की कार पलटी, 2 की मौत

## 2 घायलों को जवाहिर अस्पताल लाया गया

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** जैसलमेर में कार पलटने से 2 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वहीं 2 घायलों को जवाहिर अस्पताल लाया गया। जवाहिर अस्पताल में गंभीर हालत में एक युवक को जोधपुर के लिए रैफर कर दिया वहीं एक युवक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। दोनों मृतकों के शवों को हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

सदर थाना एएसआई मुकेश बीरा ने बताया कि शुक्रवार दोपहर में जैसलमेर से 30 किलोमीटर दूर बाड़मेर रोड पर सागाना की प्याऊ के पास हादसा हुआ। जालौर से 4 युवक जैसलमेर घूमने आ रहे थे। घूमने आए युवाओं की कार सड़क पर पलट गई। गाड़ी में सवार 4 लोगों में से दो की मौत हो गई वहीं दो घायल हो गए। महेंद्र पुरी और महेंद्र बावरी निवासी जालोर की इस दुर्घटना में मौत हो गई। दो युवक अशोक और रावताराम निवासी जालोर को घायल अवस्था में जवाहिर अस्पताल लाया गया। पंचायत समिति सदस्य जानब खान घायलों को अस्पताल लाए। उन्होंने बताया कि मृतकों की गाड़ी बहुत तेज रफ्तार में थी। अचानक गाड़ी हवा में 8 से 10 फुट उछलकर सड़क पर पलट गई।



कार हादसे के बाद चकनाचूर हो गई।

### चाकसू में छह छात्रों सहित 11 पॉजिटिव

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे में करीब 4 महीने बाद एक बार फिर संक्रमित मरीजों सामने आ रहे हैं। इसके साथ चिंता की बात यह है कि स्कूली बच्चे भी कोरोना की चपेट में आ रहे हैं। शुक्रवार को कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 2 एवं कोटखावदा के सरकारी विद्यालय में 4 छात्र कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। बाद में स्कूल प्रशासन ने स्कूल को तीन दिनों तक के लिए बंद कर दिया है। उपखंड चिकित्सा अधिकारी सौम्या पंडित ने बताया कि उपखंड क्षेत्र में शुक्रवार को 11 नए कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं जिनमें कोटखावदा में 7, महादेवपुरा में 1 एवं चाकसू कस्बे में 3 कोरोना पॉजिटिव मरीज पाए गए हैं।

## रिश्वत मांगते ई-मित्र संचालक गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो देहात की टीम ने शुक्रवार को नगर निगम क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए ई-मित्र संचालक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया हैस आरोपी ई-मित्र संचालक ने पट्टा जारी करने की एवज में यह रिश्वत महिला परिवादी से मांगी थी। कोटा एसीबी देहात की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेरणा शेखावत ने बताया कि परिवादी राधा जैन से 12 हजार रुपए रिश्वत मांगी गई थी। इस मामले में 9 हजार रुपए लेते हुए ई-मित्र संचालक नरेंद्र निर्भीक को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उनसे पूछताछ और आगे की कार्रवाई जारी है।

कोटा एसीबी देहात की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेरणा शेखावत ने बताया कि परिवादी राधा जैन से 12 हजार रुपए रिश्वत मांगी गई थी। इस मामले में नौ हजार रुपए लेते हुए ई-मित्र संचालक नरेंद्र निर्भीक को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उनसे पूछताछ और आगे की कार्रवाई जारी है। मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता भी सामने आ सकती हैस कार्रवाई के बाद पूरे नगर निगम में सनसनी फैल गई है। आरोपी नरेंद्र निर्भीक से भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम पूछताछ कर रही है। साथ ही बाहर सुरक्षा के लिए जवान तैनात कर दिए गए।

## पछाड़ प्लांट के खिलाफ कुर्की वारंट जारी किया

**छबड़ा, (निसं)।** छबड़ा अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने पछाड़ प्लांट के खिलाफ कुर्की वारंट जारी कर दिया है। एडवोकेट डीसी कुशवाह ने बताया कि फर्म गायत्री कंस्ट्रक्शन का 25,52,102 रूपए का भुगतान मार्च 2014 से रोक रखा था, दो साल तक उक्त रूपए मांगने के बाद भुगतान नहीं किया गया। जिसके कारण पीड़ित को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। फरवरी 2016 में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश के समक्ष एसएम एनवायरमेंटल लिमिटेड पछाड़ प्लांट के खिलाफ वसूली हेतु पत्र पेश किया जिसमें न्यायालय द्वारा 22 सिंतबर 2021 को आदेश जारी कर 25,52,102 रूपए मूलधन व उसका ब्याज राशि अदा करने का निर्णय पारित किया।

इस पर पछाड़ प्लांट द्वारा आदेश की पालना नहीं करने पर छबड़ा न्यायालय द्वारा 63,29,212 रूपए का कुर्की वारंट जारी कर वसूली हेतु छीपाबड़ौद न्यायालय को भिजवाया। जिसकी पालना हेतु 6 जनवरी 2022 को छीपाबड़ौद न्यायालय के सहायक नाजीर, छीपाबड़ौद थानाधिकारी व गायत्री कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि हरगोविंद धनोरिया पछाड़ पहुंचे। एसएचओ ने बताया कि कार्रवाई के लिए अभी पर्याप्त जाब्ता नहीं है और प्लांट अभी चालू है।

# यूरिया का ट्रक आते ही पहुंचे हजारों किसान

**नारायणपुर, (निसं)।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत गढ़ी मामोड़ में गिर्राज खाद बीज भंडार व सैनी खाद बीज भंडार के पास ट्रक में 400 कट्टे खाद के आये थे। खाद लेने के लिए ग्राम पंचायत गढ़ी मामोड़ में हजारों की संख्या में किसानों की भीड़ जुट गई।

पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में खाद से भरे ट्रक को नारायणपुर खेल स्टेडियम में लाकर बांटा गया। काश्तकारों की भीड़ इतनी ज्यादा थी कि पुलिस की देखरेख में भी खाद वितरण नही हो पाया और भगदड़ मच गई, जिससे कई लोग भीड़ के नीचे दब गए। कृषि अधिकारी की मौजूदगी में डीलरों द्वारा किसानों से एक कट्टे के 267 रूपये के बजाय 300 रूपये वसूले गये।



नारायणपुर में यूरिया खाद के लिए एकत्रित किसानों की भीड़।

## 'दौसा में राशन लेने वाले 69,797 लोगों के नाम जन आधार कार्ड से नहीं जुड़े'

**दौसा, (निसं)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा में चयनित परिवारों को आगामी महिनों से जन आधार कार्ड से ही राशन मिलेगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर आर.के.मीना ने बताया कि आयोजना विभाग से प्राप्त सूची के अनुसार जिले में राशन लेने वालों के जन आधार कार्ड का सर्वेक्षण किया गया। जिसमें जिले के राशन लेने वाले 69797 व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड में तो दर्ज हैं, लेकिन जन आधार कार्ड से जुड़े हुए नहीं हैं। खाद्य सुरक्षा परिवार के ऐसे सदस्यों जिनका अभी भी जन आधार कार्ड से नाम नहीं जुड़ा है वे निकटतम ई-मित्र पर जाकर जन आधार में नामांकन करवायें। खाद्य सुरक्षा में शामिल परिवारों को पहले राशन काड में दर्ज सदस्यों के आधार पर राशन मिलता था। लेकिन अब जन आधार कार्ड में दर्ज सदस्यों की संख्या के आधार पर राशन मिलेगा।

# बांसवाड़ा कलेक्टर कोरोना संक्रमित

**बांसवाड़ा/राजसमंद, (निसं)।** बांसवाड़ा में शुक्रवार को जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह सहित 34 संक्रमित पाये गये। संक्रमण का आंकड़ा अब 75 हो चुका है। वहीं दूसरी ओर राजसमंद जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल की 31 वर्षीय पत्नी व कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष देवकीनंदन गुर्जर की 69 साल की पत्नी भी पॉजिटिव पाई गई हैं।

राजसमंद जिले में करोना संक्रमण ने एक बार फिर दस्तक दे दी है। शुक्रवार को आई रिपोर्ट में 20 पॉजिटिव केस मिले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक राजसमंद ब्लॉक से 11 पॉजिटिव हैं, जबकि एक रेलमगरा व शेष 8 नाथद्वारा के हैं।

जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल की 31 वर्षीय पत्नी व कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष देवकीनंदन गुर्जर की 69 साल की पत्नी भी पॉजिटिव पाई गई हैं। सूची में रेलमगरा का एक 30 वर्षीय युवक, गोवलिया-मादडी का 40 वर्षीय युवक, केलवा का 28 वर्षीय युवक, आशीर्वाद कॉम्पलैक्स नाथद्वारा में रहने वाली 69 वर्षीय महिला, बस स्टैण्ड नाथद्वारा का 29 साल का युवक, लालबाग नाथद्वारा का 60 वर्षीय बुजुर्ग, बिच्छू मगरी नाथद्वारा का 76 वर्षीय बुजुर्ग, मोहनगढ़ नाथद्वारा की 21 साल की युवती, मंदिर मण्डल नाथद्वारा की 36 वर्षीय युवती, मंदिर मण्डल नाथद्वारा का 38 साल का युवक, नाथद्वारा निवासी 25 वर्षीय युवक, पुलिस लाइन राजनगर का 34 वर्षीय युवक, पुलिस लाइन का 35 साल का व्यक्ति, कांकरोली की 42 वर्षीय महिला, सिविल लाइन निवासी 31 वर्षीय महिला, थाना राजनगर का 35 वर्षीय युवक, सदर बाजार राजनगर का 24 वर्षीय युवक, कुम्हारवाडा राजनगर का 35 साल का युवक, धोइन्दा का 22 वर्षीय युवक तथा कांकरोली का 44 वर्षीय व्यक्ति संक्रमित पाए गए हैं। जिले में 21 सितम्बर को एक केस सामने आया था। उसके बाद नवम्बर के चौथे सप्ताह में विधानसभा अध्यक्ष के निजी सहायक व फोटोग्राफर करोना पॉजिटिव आए थे। दिसम्बर में संक्रमित मिली एक महिला की मौत भी हो गई थी।

### कोटपूतली में 7 नये पॉजिटिव

**कोटपूतली, (निसं.)।** कोरोना महामारी संक्रमण का खतरा कोटपूतली में भी लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को भी सात मरीजों की रिपोर्ट पॉजीटीव प्राप्त हुई है। वहीं क्षेत्र में कोरोना के करीब 21 एक्टिव केस है। बीसीएमएचओ डॉ. रामनिवास यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को कस्बे के वार्ड नं. 34 निवासी एक 31 वर्षिय युवक, ग्रासीम मोहनपुरा कॉलोनी निवासी 44 वर्षिय महिला व उसके दो पुत्र एवं एक अन्य पुरूष पॉजीटीव आये है। इसी प्रकार कस्बे के रामविहार कॉलोनी निवासी पुरूष एवं वार्ड नं. 21 मौहल्ला बड़ाबास निवासी व्यक्ति भी कोरोना पॉजीटीव पाये गये है।

# कलेक्टर के आदेशों पर अविकानगर निदेशक को उपखण्ड अधिकारी ने नोटिस जारी किया

■ **4 जनवरी को किसान मेले में उमड़ी थी भीड़**

■ **फोटो वायरल होने के बाद कलेक्टर ने दिए आदेश**

**मालपुरा, (निसं)।** केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर के स्थापना दिवस एवं हीरक जयंति पर 4 जनवरी को आयोजित किसान मेले में उमड़ी किसानों की भीड़ के सोशल मीडिया पर वायरल हुए फोटो व वीडियो के बाद जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल के आदेशों पर एसडीएम मालपुरा आर के वर्मा ने अविकानगर निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा।

एसडीएम ने बताया कि अविकानगर निदेशक द्वारा संस्थान के स्थापना दिवस समारोह आयोजन को लेकर 2 जनवरी को जिला कलेक्टर से स्वीकृति मांगी थी। जिस पर 3 जनवरी को जिला कलेक्टर द्वारा गाईडलाईन की पालना करते हुए कार्यक्रम आयोजन की स्वीकृति जारी की गई थी। 4 जनवरी को नवीन गाईडलाईन जारी होने तथा गाईडलाईन में किसी भी आयोजन में 200 से अधिक लोगों के शामिल नहीं होने की लगाई पाबंदियों के बाद अविकानगर संस्थान परिसर में आयोजित हुये कार्यक्रम में बतौर अतिथि पहुंचे केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, विधायक कन्हैयालाल चौधरी, दौसा सांसद जसकोर मीणा के शिरकत करने तथा जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बड़ी संख्या में उमड़ी।

किसानों की भीड गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के आदेशों पर एसडीएम ने निदेशक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। शुक्रवार को केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी द्वारा स्वयं के कोरोना पॉजिटिव होने व हॉम क्वारंटाइन होने के साथ-साथ सम्पर्क में आये लोगों से भी जांच कराने की कि अपील के बाद हजारों लोगों में खलबली मच गई तो स्थानीय प्रशासन भी सख्ते में आ गया क्योंकि मंत्री की उपस्थिति के दौरान एसडीएम, एएसपी, तीन थानों का पुलिस जाप्ता भी कार्यक्रम स्थल पर मौजूद था।

## डीडवाना में पहले से ही निर्मित सीसी रोड़ पर फिर से टेंडर हुआ

■ **ऑक्सीजन प्लांट के पास पहले से ही सीसी रोड बनी हुई है**

**डीडवाना, (निसं)।** डीडवाना नगरपालिका द्वारा गत दिनों बांगड राजकीय अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट के पास सीसी रोड निर्माण के लिए एक टेंडर जारी किया है। इसके तहत इस कार्य के लिए नगरपालिका द्वारा अनुमानित लागत राशि 13 लाख रुपए दर्शाई गई है। जबकि हकीकत यह है कि उक्त स्थान यानी ऑक्सीजन प्लांट के पास पहले से ही नवीन सीसी रोड बनी हुई है। यही नहीं समूचे बांगड अस्पताल का पूरा परिसर सड़क युक्त है।

यह भी जानकारी सामने आई है कि ऐसा ही टेंडर कुछ दिनों पूर्व भी जारी किया गया था ओर अब जारी किया गया यह टेंडर भी उसी का दूसरा रूप है। उस समय स्टेशन रोड से टिकट खिड़की तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 13 लाख रुपए का टेंडर जारी किया गया था। जबकि अस्पताल चौराहा से रेलवे स्टेशन तक सड़क स्टेट हाईवे 60 है, जो कि पीडब्ल्यूडी के अधीनस्थ है। वही रेलवे परिसर की बाउंड्री से टिकट खिडकी तक का क्षेत्र रेलवे का अधिकार क्षेत्र है। अस्पताल चौराहे से लेकर रेलवे स्टेशन तक पीडब्ल्यूडी की सीसी सड़क बनी हुई है और रेलवे परिसर में भी ब्लॉक सडक मौजूद है। इसके बावजूद इस सड़क के नाम पर 13 लाख रुपए की बंदरबांट के लिए निविदा जारी कर दी गई थी। हालांकि राष्ट्रदूत द्वारा इस मामले को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद नगरपालिका प्रशासन ने यह टेंडर निरस्त कर दिया था। जानकारी मिली है कि इसी टेंडर को अब नए नाम और नए रूप में जारी किया गया है, ताकि चहेते ठेकेदार को 13 लाख रुपए का लाभ पहुंचाया जा सके। ऐसे में स्पष्ट है कि यह टेंडर 13 लाख रुपए की बंदरबांट के लिए जारी किया गया है, क्योंकि भले ही टेंडर जारी हो जाए, मगर ना तो अस्पताल में सीसी रोड का निर्माण होना है ना ही कोई निरीक्षण, मौका जांच होना है, क्योंकि पहले से सब फिक्स है।

## कोटा एसीबी की बारां नगर परिषद में कार्रवाई

**कोटा, (निसं)।** नगर परिषद में शुक्रवार को कोटा एसीबी टीम ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ठाकुर चंद्रशील के नेतृत्व में छापा मारा। टीम ने कार्रवाई करते हुए कई अहम दस्तावेजों को अपने कब्जे में लिया है। कर्मचारी और अधिकारी फाइलों को इधर-उधर करते नजर आए। धीरे-धीरे नगर परिषद में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ठाकुर चंद्र शील ने बताया कि नगर परिषद के दैनिक कार्यों जैसे पार्कों का रखरखाव, कायन हाउस का रखरखाव, कचरा संग्रहन समेत कई सारी अनियमितताओं के संबंध में कोटा एसीबी में परिवाद दर्ज हैं। परिवाद के संबंध में शुक्रवार को मौका निरीक्षण करके विभिन्न निर्माण कार्यों की गुणवत्ता संबंधी मौका रिपोर्ट देखी जा रही है। इन कार्यों से संबंधित दस्तावेजों को कब्जे में लेने के लिए कार्रवाई की गई है। परिवाद में व्यक्ति विशेष पर भी आरोप है। एसीबी टीम की जांच के बाद मामले का खुलासा होने की संभावना है।

## वैक्सीन की दोनों डोज लगवाने वाले ही कल्याण जी के दर्शन कर पायेंगे



डिग्गी कल्याणजी के दर्शन के लिए लगी श्रद्धालुओं की कतार।

**डिग्गी, (निसं)।** प्रदेश में कोविड के नए वैरिएंट ओमिकॉन से संक्रमण के लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए एसडीएम रामकुमार वर्मा ने श्री कल्याणजी महाराज मंदिर डिग्गी आने वाले दर्शनार्थियों को दिशा निर्देशों की सख्त पालना करवाने को लेकर आदेश जारी किए हैं।

आदेशानुसार मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा डबल डोज वैक्सीनेशन, मास्क, दो गज की दूरी, सेनेटाइजन इत्यादि की पालना करनी होगी।। मंदिर में प्रवेश व निकासी द्वार पृथक-पृथक किये जायें। बिना डबल डोज वैक्सीनेशन व बिना मास्क वाले श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश वर्जित करें व मंदिर में प्रवेश से पूर्व सभी के लिए साबुन से हाथ धोना, सेनेटाइजर लगाना अनिवार्य है। मंदिर में प्रसाद, फूल माला व अन्य पूजन साम्रगी ले जाना वर्जित रहेगा। मंदिर ट्रस्ट को जागरूकता के लिए अनाउंसमेंट करवाना होगा।

# बीकानेर में अनार व सरसों की 70 प्रतिशत फसलें बर्बाद

## पांच दिन की सर्दी ने किसानों की मेहनत पर फेरा पानी

■ **लगातार सर्दी पड़ने से नहीं पक पा रही अनार की फसल**

**बीकानेर, (कासं)।** कड़ाके की सर्दी के चलते राज्य में अनार की फसल बर्बाद हो गई है, जबकि सरसों पर भी बर्फ जमने से नुकसान हुआ है। पश्चिमी राजस्थान में नुकसान ज्यादा हुआ है, जबकि पूर्वी राजस्थान में भी फसलें खराब होने की आशंका जताई जा रही है। कृषि विशेषज्ञ इंद्रमोहन शर्मा का कहना है कि सर्दी से मैदानी एरिया में ज्यादा नुकसान हुआ है। अरावली की पहाड़ियों में खेती करने वाले किसानों को तुलनात्मक दृष्टि से कम नुकसान हुआ है।

दरअसल, मैदानी एरिया में बर्फ जमने से खेत में खड़ी फसल खराब हुई है। फसलों के नुकसान को लेकर कृषि विभाग की ओर से कोई सर्वे फिलहाल नहीं हो रहा है। पश्चिमी राजस्थान में कुछ समय से अनार की जबर्दस्त खेती हो रही है। अनार को पकने के लिए अच्छी गर्मी की जरूरत होती है, लेकिन तापमान में कमी से अनार की फसलें बर्बाद हो रही हैं। बीते दिनों पश्चिमी राजस्थान में तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस के आस-पास पहुंचने पर अनार को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। देशनोक के ओम प्रकाश भांभू बताते हैं कि करीब 70 परसेंट अनार खराब हो गए हैं। इस बार सर्दी के कारण अनार पक नहीं पाए। इसी तरह नागौर जिले के कई एरिया में अमरुद के पेड़ों को भी काफी नुकसान उठाना पड़ा है।

बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, नागौर, जोधपुर व जैसलमेर में सरसों की खेती होती है। इस बार चार पांच दिन जमी बर्फ ने सरसों को भी नुकसान पहुंचाया है। लूणकरनसर क्षेत्र के कुछ खेतों में तो सत्तर से 80 परसेंट सरसों खराब हो गई। हालांकि सब जगह नुकसान के आंकड़े अलग-अलग हैं। दरअसल, गेहूं और चने की फसल इन दिनों खेत में खड़ी है। यहां पौधे अभी छोटे हैं, ऐसे में पाला पड़ने पर भी इन पर ज्यादा असर नहीं हुआ।

फलों के पौधे ऊंचाई पर होते हैं, ऐसे में उन पर ज्यादा असर पड़ा है। कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. उदयभान का कहना है कि फसल खराब होने का डर कम है लेकिन फसल अब विलंब से होने का खतरा है। प्रदेश में बाड़मेर के अलावा कहीं भी अनार की फसल को नुकसान होने पर इंश्योरेंस क्लेम में शामिल नहीं किया जाता। बीकानेर के अलावा अन्य जिलों में भी अनार की फसल बड़ी मात्रा में हो रही है।

# जयपुर में 250 मोबाइल लूटने वाले बदमाश दबोचे, 121 फोन बरामद

## यू-ट्यूब से लॉक खोलना सीखा और दोनों बन गए मोबाइल चोर

**जयपुर**। जयपुर शहर में बीते दो सालों में करीब 250 मोबाइल फोन लूटने व चुराने की वारदात करने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को संजय सर्किल थाना पुलिस ने केस का खुलासा किया। दोनों बदमाशों से पुलिस ने चुराए व लूटे गए 121 मोबाइल फोन बरामद कर लिए है। इनमें पांच हजार से लेकर 25 से 30 हजार रुपए तक के मोबाइल फोन भी है।

प्रारंभिक पड़ताल में सामने आया कि नशे की लत पूरी करने के लिए बदमाशों ने मोबाइल फोन चुराना व लूटना शुरु कर दिया। इनमें एक लुटेरा ऑटोरिक्शा चालक है। बदमाशों ने यूट्यूब वीडियो देखकर मोबाइल के लॉक खोलने का तरीका सीखा और सुनसान जगहों पर वारदातें करने लगे।

डीसीपी (नार्थ) परिस देशमुख ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आरिफ नूर मोहम्मद (22) कोटा जिले में मकबरा क्षेत्र में घंटाघर कसाई बाड़ा का रहने वाला है। जयपुर में पिछले काफी समय से ऑटोरिक्शा चलाता है और सेक्टर 8, विद्याधर नगर में रहता है। दूसरा आरोपी शकील (36) टोंक जिले में निवाई स्थित शिवाजी कॉलोनी का रहने वाला है। जयपुर में दशहरा मैदान, विद्याधर नगर में रहता है।


संजय सर्किल थाना पुलिस ने मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया।

- **खुद को गरीब बताकर राह चलते लोगों को बेचते थे मोबाइल, रकम लेकर नशा करते**

एडिशनल डीसीपी धर्मेंद्र सागर ने बताया कि सवाईमाधोपुर में बौंली क्षेत्र के अलूदा गांव में रहने वाले बहादुर सिंह ने 5 जनवरी को संजय सर्किल थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि उनके भाई का मोबाइल फो टैक्सी कार में स्टैण्ट में आगे रखा हुआ था। बाइक सवार दो युवक आए। वे टैक्सी कार में आगे रखा मोबाइल उठाकर ले गये। पीड़ितों ने पीछा कर लुटेरों को पकड़ने की कोशिश भी की, लेकिन बदमाश पकड़े नहीं जा सके। थानाप्रभारी मोहम्मद शरीफ के सुपरविजन में पड़ताल शुरु हुई। कांस्टेबल सोनू सिंह की सूचना पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की सूचना पर संदिग्धों की निगरानी करके ऑटोरिक्शा चालक आरिफ नूर मोहम्मद को पकड़ा। दोनों बदमाश सड़क किनारे खड़े वाहनों, रात्री में बस स्टैंड व फुटपाथ पर सो रहे लोगों व राहगीरों के मोबाइल फोन लूटते हैं और कुछ दिन बाद आर्थिक तंगी बताकर अनजान लोगों फोन बेच देते है और नशा करते है।

## शादी-समारोह की अनुमति नहीं ली तो 10 हजार रु. जुर्माना देना होगा

**जयपुर** (कासं)। राज्य में तेजी से बढ़ते करोना संक्रमण के चलते सरकार ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। जहां अब शादी-समारोह में 100 लोगों की संख्या सीमित कर दी गई हैं, वहीं अनुमति न लेने पर 10 हजार रु. जुर्माना भी वसूलने की तैयारी है। हालांकि गत वर्ष जुर्माने की यह रकम 25 हजार रु. तक थी।

राज्य सरकार ने राजस्थान महामारी एक्ट में संसोधन करते हुए शुक्रवार को नई अधिसूचना जारी की। इसमें कहा गया है कि शादी तथा सार्वजनिक, सामाजिक, राजनैतिक, खेल-कूद, मनोरंजन, शैक्षणिक, सांस्कृति व धार्मिक समारोह तथा रैली, धरना-प्रदर्शन, जूलूस और मेले के आयोजन की पूर्व सूचना डीओआईटी द्वारा तैयार ऑनलाइन पोर्टल पर देनी होगी। इन कार्यक्रमों में 100 से ज्यादा लोग इकठ्ठे किये तो 10 हजार रु. जुर्माना लगेगा। साथ ही कोविड प्रोटोकॉल जैसे वैक्सीन की डबल डोज, मास्क, सैनेटाइजर और दो गज की दूरी जैसे नियम-कायदों की पालना नहीं की तो अलग से 10 हजार रु. चुकाने पड़ेंगे। शादी समारोह की पूर्व सूचना उपखंड अधिकारी को देनी होगी। साथ ही वीडियोग्राफी भी करवानी हो, जो कि सरकार द्वारा मांगने पर देनी पड़ेगी।

# हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब के खिलाफ थाने में शिकायत

## महिला के बालों में थूकने का वीडियो हुआ था वायरल

**जयपुर** (कासं)। एक शो में बाल काटते वक्त महिला के बालों में थूकना मशहूर हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब को भारी पड़ रहा है। बालों में थूकने का वीडियो सामने आने के बाद शुक्रवार को जयपुर की पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल कोतवाली थाने पहुंची। उन्होंने जावेद हबीब के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। इससे पहले राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी संज्ञान लेते हुए दिल्ली के पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना को पत्र लिखा है और जावेद हबीब की इस हरकत के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने जावेद हबीब को एक नोटिस भी जारी किया है।

कांग्रेस नेत्री ज्योति खंडेलवाल ने बताया कि वीडियो सामने के बाद उन्होंने कोतवाली थाने में शिकायत दी। इस तरह की हरकत महिलाओं का अपमान है। थाना अधिकारी ओम प्रकाश मतवा ने बताया कि परिवाद के आधार पर शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक शो में मौजूद जावेद हबीब हेयर स्टाइल के गुर सिखाते हुए नजर आ रहे हैं। वे कुर्सी पर बैठी महिला के बालों को काटते हुए कह रहे है कि यदि आपने शैंपू नहीं किया है, आपके बाल गंदे है। पानी नहीं है तो यह कहते हुए महिला के बालों पर थूक देते है। फिर हंसते हुए कहते है कि इस थूक में जान है। इसके बाद शो में मौजूद महिलाओं में हंसी का ठहाका फूट पड़ता है। जानकारी के अनुसार जावेद ने जिस महिला के बालों पर थूका। वह भी एक ब्यूटी पार्लर संचालिका है और उत्तरप्रदेश में बागपत की रहने वाली है। यह वीडियो वायरल होने पर महिला को भी जावेद हबीब के द्वारा उनके बालों पर थूकने का पता चला। जिसका महिला ने विरोध जताया। इस बीच वीडियो वायरल होने से जावेद की मुश्किलें बढ़ गई। कई शहरों में जावेद की इस हरकत का सामाजिक संगठनों ने विरोध किया और इसे शर्मनाक बताया।


कांग्रेस नेत्री ज्योति खंडेलवाल ने कोतवाली थाने में पहुंचकर हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

## बच्चा नहीं हुआ तो सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने प्रेमिका को छोड़ा

**जयपुर** (कासं)। जयपुर के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवक ने बच्चा नहीं होने पर 14 साल बड़ी प्रेमिका को छोड़ दिया। इससे नाराज प्रेमिका ने अपने प्रेमी पर रेप का मामला दर्ज करवा दिया। मामला दर्ज होने के बाद प्रेमी तीन महीने फरारी काटता रहा, आखिरकार परेशान होकर गुरुवार को उसने कोर्ट में सरेंडर किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक प्रेमी-प्रेमिका के बीच एफआईआर वापस लेने को लेकर बातचीत भी चली थी, लेकिन महिला युवक के साथ रहने की बात पर अड़ी रही। युवक इस पर तैयार नहीं हुआ तो महिला ने भी एफआईआर वापस नहीं ली। मामला जयपुर के झोटवाड़ा थाने का है। यहां तीन महीने पहले प्रेमिका ने अलवर के शहजादपुर गांव निवासी सोनू कुमार जाट (34) के खिलाफ रेप का मामला दर्ज करवाया था। पीड़िता का आरोप था कि वह अपने पति से अलग होकर 12 साल से सोनू के साथ लिव इन में थी। जब उसने सोनू से शादी करने की बात कही तो वह झांसा देने लगा। महिला का आरोप है कि शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार रेप भी किया। जब साथ रहने का दबाव बनाया तो आरोपी उससे अलग रहने लगा। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने अक्टूबर में मामला दर्ज कर लिया था। लेकिन आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। रेप का मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार था। उसने तीन महीने तक अलवर समेत आस-पास के इलाकों में अपने रिश्तेदारों के यहां फरारी काटी। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह घर में इकलौता है। वह 14 साल बड़ी अपनी प्रेमिका से शादी भी करना चाहता था, लेकिन बच्चा नहीं हो रहा था। इसलिए उसने महिला से शादी से इनकार कर दिया। जबकि महिला उसके साथ रहने की जिद पर अड़ी थी।

- **14 साल बड़ी महिला के साथ बीते 12 साल से लिव इन रह रहा था युवक**
- **महिला ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया तो युवक ने 3 महीने फरारी काटकर कोर्ट में सरेंडर किया**

# करोना संक्रमण के बढ़ते प्रसार के चलते राजनीतिक कार्यक्रमों पर ब्रेक

## *कांग्रेस ने स्थानीय निकाय प्रमुखों की कार्यशाला को किया स्थगित, अधिवेशन भी नहीं होगा*

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान में कोरोना संक्रमण के लगातार बढ़ते मामलों के बाद में राजनीतिक कार्यक्रमों पर ब्रेक लग गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करोना संक्रमित होने के बाद कांग्रेस ने अपने तमाम राजनीतिक कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर दो दिवसीय स्थानीय निकाय प्रमुखों की कार्यशाला के दूसरे दिन के कार्यक्रम को भी स्थगित कर दिया गया है। इसी के साथ आगे होने वाले अधिवेशन और अन्य कार्यक्रमों पर भी ब्रेक लग गया है। हालांकि अभी तक मंत्रियों की जनसुनवाई को लेकर कोई आदेश नहीं आए हैं, लेकिन जिस तरह से पार्टी ने कार्यक्रम स्थगित किए हैं। उससे लगता है कि अगले सप्ताह से मंत्रियों की जनसुनवाई भी स्थगित कर दी जाएगी।

दिसम्बर महीने में राजस्थान में कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया था। इसके बाद जनवरी महीने में 6 ओर 7 को कांग्रेस के नगर निकाय में जीते हुए चैयरमैन ओर वाइस चैयरमैन की कार्यशाला जयपुर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय मुख्यालय पर बुलाई गई थी। 6 जनवरी को पार्टी कार्यालय में सोशल डिस्टेंसिंग अपनाते हुए कांग्रेस ने कार्यशाला कर ली, लेकिन 6 जनवरी की दोपहर को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रेस कॉन्फ्रेंस करने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय आए थे और उसके बाद जांच में वे करोना पॉजिटिव आए थे। इसके बाद शुक्रवार 7 जनवरी को होने वाली 3 संभागों की कार्यशाला को करोना के बढ़ते असर के चलते स्थगित कर दिया गया है।

- **प्रदेश मुख्यालय पर होने वाली मंत्रियों की जनसुनवाई भी स्थगित होगी**

प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम को स्थगित करने के साथ ही कांग्रेस ने अपने जिलों पर होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भी फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। करोना प्रसार का असर सीधे तौर पर पार्टी के उस अधिवेशन पर भी पड़ा है। यह अधिवेशन 16 और 17 जनवरी को जयपुर में होने जा रहा था। इसी अधिवेशन के जरिए कांग्रेस पार्टी सरकार को जनता की समस्याओं को सुलझाने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजते, लेकिन अब यह अधिवेशन भी स्थगित कर दिया गया है। संगठन महामंत्री को लिखे अपने पत्र में पीसीसी अध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने एआईसीसी से कहा है कि करोना की स्थिति को देखते हुए राजस्थान में होने वाले पार्टी के कार्यक्रमों को या तो स्थगित किए जाए या फिर वर्चुअल तरीके से आयोजित किए जाएं, क्योंकि ऐसे कार्यक्रमों का वर्चुअल तरीके से होना संभव नहीं होता है, ऐसे में अब इन सभी कार्यक्रमों की नई तारीखों का ऐलान जल्द ही होगा।

सभी कार्यक्रमों को स्थगित करने के बाद अब आगामी सप्ताह होने वाली मंत्री जनसुनवाई भी स्थगित होंगी। इस पर भी एक दो दिन में निर्णय ले लिए जाएगा और सम्भव है कि जनसुनवाई भी कुछ दिनों तक स्थगित कर दी जाए। इससे पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी करोना पॉजिटिव आ गए और कोविड जांच से पहले मुख्यमंत्री का अंतिम सार्वजनिक कार्यक्रम प्रेस कॉन्फ्रेंस के तौर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर हुआ था। इस कारण कोविड प्रोटोकॉल के तहत प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय को सैनेटाइज करवाया जायेगा।

## *जयपुर में करोना से एक संक्रमित मरीज की मौत*

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में तेज रफ्तार से करोना संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है। इसके चलते शुक्रवार को 1527 नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 103 नए संक्रमित वैशाली नगर में मिले हैं। इस बीच राजधानी में एक मरीज की मौत होने के साथ ही एक्टिव केस बढ़कर 5 हजार के पार हो गए हैं।

जयपुर में शुक्रवार को 91 इलाकों में नए करोना संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 103 रोगी वैशाली नगर इलाके में पाए गए है। वहीं 110 संक्रमित ऐसे है जिन्होंने जांच कराते समय सही पता नहीं लिखवाया है। इसके अलावा झोटवाड़ा में 81, सोडाला में 56, अजमेर रोड इलाके में 49, मानसरोवर में 45, आदर्श नगर व मालवीय नगर में 42-42, पत्रकार कॉलोनी में 40, जवाहर नगर में 39, जेएलएन मार्ग, दुर्गापुरा व जगतपुरा में 37-37, बनीपार्क में 36, सीतापुरा में 35, टोंक रोड इलाके में 33, आमेर व शास्त्रीनगर में 31-31, गोपालपुरा में 29, प्रतापनगर व सांगानेर में 28-28, चांदपोल में 27, सी-स्कीम व इंदिरा गांधी नगर में 24-24, अग्रवाल फार्म में 22, शाहपुरा व लालकोठी में 21-21, गांधी नगर, सिरसी व किरणपथ 20-20, घाटगेट में 19, सिविल लाइंस में 18, राजापार्क में 16, चाकसू व जामडोली में 15-15, जौहरी बाजार में 13, बरकत नगर, मुरलीपुरा, गोविंदगढ़ व ब्रह्मपुरी में 12-12, खातीपुरा, त्रिवेणी नगर व विद्याधर नगर में 11-11, जमवारामगढ़, सांभर व टोंक फाटक इलाके में 9-9, बस्सी, सुभाष चौक, अम्बाबाड़ी, एसएमएस, कोटपूतली, व घाटगेट जिला जेल में 7-7, चौड़ा रास्ता, रामगंज, करतारपुरा, लुणियावास व दूदू 6-6, गलता गेट, एमडी रोड, महेश नगर व तिलक नगर में 5-5, माणक चौक, स्टेशन रोड, आमेर रोड व भांकरोटा में 4-4, गुर्जर की थड़ी, सिंधी कैम्प, हसनपुरा, विराट नगर, छोटी चौपड़ व किशनपोल में 3-3, वाटिका, सांगानेरी गेट, रामबाग, एमआई रोड, फागी, झालाना, ईदगाह व बगरू में 2-2, बाइस गोदाम, बीलवा, गोनेर रोड, हरमाड़ा, जयसिंहपुरा खोर, जालूपुरा, फुलेरा, किशनगढ़ रेनवाल, पुरानी बस्ती, रामगढ़ मोड़ और सीकर रोड में 1-1 नया मरीज मिला है। वहीं दूसरी ओर पुलिस मुख्यालय में भी करोना ने फिर दस्तक दे दी है। यहां के 44 पुलिस अफसर-कर्मचारी पॉजिटिव मिले हैं। इनमें आईपीएस, आरपीएस, इंस्पेक्टर और ऑफिस कर्मचारी शामिल हैं।

- **शुक्रवार को सबसे ज्यादा सबसे ज्यादा 103 नए संक्रमित वैशाली नगर में मिले हैं, जबकि 110 ऐसे रोगी है जिनका एड्रेस नहीं मिला है।**
- **राजधानी में एक्टिव केस बढ़कर 5 हजार के पार हो गए हैं।**

## व्यापारियों ने मांगी मुहाना मंडी में सुविधाएं


मुहाना मंडी परिसर में शुक्रवार को जयपुर फल व सब्जी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष राहुल तंवर ने साधारण सभा बुलाई, जहां व्यापारियों ने अपनी समस्याएं रखीं।

**जयपुर**। मुहाना मंडी परिसर में शुक्रवार को जयपुर फल व सब्जी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष राहुल तंवर ने साधारण सभा बुलाई, जहां व्यापारियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों को बताईं।

बैठक में भूखंड़ों के पट्टे, सड़कों के नवीनीकरण, पार्किंग, पानी सप्लाई, फोगिंग और आवारा पशुओं की रोकथाम समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में मुहाना मंडी सचिव मनोहर लाल गुप्ता, मुहाना थानाधिकारी लखन खटाना के अलावा कई बैंकों के प्रबंधक उपस्थित रहे। मुहाना सब्जी मंडी अध्यक्ष राहुल तवंर ने बताया कि कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सरकारी गाइड लाइन की पालना की जाएगी। व्यापारियों की प्रमुख मांग है कि फल-सब्जी की आढत में बढ़ोतरी हो और की जाए मंडी में डोम लगाएं। मंडी मे आवंटित भूखंड़ों के आवंटितों को पट्टे वितरण किये जाएं। प्रत्येक दुकान पर बिजली के मीटर लगें और टूटी-फूटी सड़कों को दुरुस्त किया जाये। मंडी परिसर में पार्किंग हो और मंडी के व्यापारियों को कम ब्याज दर पर लोन की सुविधा मिले। मंडी परिसर में चिकित्सा सुविधा, नियमित फोगिंग, जलपान गृह और आवारा पशुओं की रोकथाम की व्यवस्था हो। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने सभी समस्याओं को सुनकर उनका जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

## गांधी सर्किल पर विरोध के लिए जुटे 100 से ज्यादा नेता

**जयपुर**। पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में हुई चूक के विरोध में गांधी नगर सर्किल पर भाजपा ने धरना दिया। इस धरने में भाजपा के सभी बड़े नेताओं समेत 100 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया और पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि ये योजनाबद्ध तरीके से किया गया षडयंत्र है। प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे में प्रॉटोकॉल का पालन नहीं किया गया जो एक साजिश का हिस्सा था। पंजाब सरकार गलती स्वीकारे और इस चूक पर माफी मांगे। धरने में जयपुर शहर के तमाम बड़े नेता जुटे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया पश्चिमी राजस्थान के दौरे पर हैं, इसलिए वो धरने में नहीं पहुंचे। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, अरुण चतुर्वेदी, विधायक अशोक लाहोटी, शहर अध्यक्ष राघव शर्मा, कार्यवाहक महापौर शील धाभाई, उप महापौर पुनीत कर्णावट भी धरने में मौजूद थे।

## एयरपोर्ट पर 581 ग्राम सोने के साथ दो लोग गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। जयपुर एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की टीम ने सोने की तस्करी का मामला पकड़ा है। शारजहां से आए व्यक्ति के पास से कस्टम ने 581 ग्राम के 6 गोल्ड बिस्किट पकड़े। इनकी बाजार में कीमत करीब 28 लाख 58 हजार रुपए आंकी जा रही है। गोल्ड बिस्किट इलेक्ट्रिक मीट ग्राइंडर मशीन में छिपाए हुए थे। शुरुआती जांच में पता चला है कि पकड़े गए युवक को 15 हजार कैश और एयर टिकट का लालच देकर सोने की तस्करी करवाई गई थी। वहीं, कस्टम टीम ने युवक के साथ उसे रिसीव करने वाले को भी हिरासत में ले लिया है। जिनसे पूछताछ जारी है।

कस्टम कमिश्नर राहुल नांगरे ने बताया कि असिस्टेंट कमिश्नर भारत भूषण अटल के नेतृत्व में की गई। आरोपी शारजाह से अलसुबह फ्लाइट से जयपुर पहुंचा था। इस दौरान एक्स-रे मशीन से उसका लगेज चेक किया गया। संदिग्ध वस्तु दिखने पर जब युवक से पूछताछ की गई तो वह घबरा गया। उसके लगेज में रखी इलेक्ट्रॉनिक मीट ग्राइंडर मशीन खोल जांचा गया। जिसमें छोटे-छोटे ब्लैक बॉक्स में 6 सोने के बिस्किट रखे गए थे। कस्टम विभाग से छिपाने के लिए गोल्ड बिस्किट पर ब्लैक कार्बन प्लास्टिक की परत भी चढ़ाई गई थी। पकड़े गए युवक ने पूछताछ में बताया कि वह रियाद में मजदूरी करता है। शारजाह में उसे एक व्यक्ति ने उसे यह मशीन दी थी। उस व्यक्ति ने शाहजाह से जयपुर का फ्री एयर टिकट और साथ ही 15 हजार रुपए कैश भी दिए थे। उसने कहा था कि एयरपोर्ट के बाहर मेरा जानकार व्यक्ति तुमसे यह सामान ले लेगा।

- **शारजहां से जयपुर एयरपोर्ट पर आया था यात्री, सोना लेने वाला भी हिरासत में**

## सार-समाचार

### 575 कार्टून बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर**। बगरू क्षेत्र में पुलिस की अपराध शाखा ने पुलिस के सहयोग से हरियाणा नंबर के एक ट्रक कंटेनर से अवैध अंग्रेजी शराब के 575 कार्टून बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत करीब 75 लाख रुपये आंकी गई है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध डॉ. रवि प्रकाश ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर सुखदेव जाट सीकर जिले में थाना बलारा क्षेत्र के बीजसर गांव का रहने वाला है। जिसने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह यह शराब हरियाणा के चरखी दादरी निवासी नरेश फौजी से लाया है एवं गुजरात के गांधीधाम शहर लेकर जा रहा था। वह पहले भी कई बार इस तरह से अवैध शराब हरियाणा से गुजरात सप्लाई कर चुका है। उन्होंने बताया कि मुखबीर की सूचना पर अपराध शाखा की टीम ने पुलिस की टीम को साथ लेकर आज टोल प्लाजा पर हरियाणा नंबर के संदिग्ध ट्रक को रुकवाया। ट्रक चालक से कंटेनर में रखे सामान के बारे में पूछताछ की तो वह घबरा गया और हिचकिचाने लगा। टीम ने ट्रक कंटेनर को चेक किया तो उसमें हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब की विभिन्न ब्रांडों के 575 कार्टून मिले। अवैध शराब से भरे ट्रक को जब्त कर गिरफ्तार तस्कर सुखदेव जाट के विरुद्ध थाना बगरू जयपुर पश्चिम में आबकारी अधिनियम में मुकदमा पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### फुटवियर पर जीएसटी बढ़ाने का विरोध

**जयपुर** (कासं)। फुटवियर उत्पादों पर जीएसटी 5 से बढ़ाकर 12 फीसदी करने के विरोध में व्यापारी उतर आये हैं। जयपुर फुटवियर होलसेलर संघ के अध्यक्ष गोरधन तनवानी ने कहा कि करोना महामारी, लॉकडाऊन और आर्थिक मंदी के कारण देश में कई फुटवियर प्रतिष्ठान पहले ही बंद होने की कगार पर है, अब सरकार द्वारा जीएसटी में टैक्स प्रतिशत बढ़ाना अन्याय है, व्यापारी इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। मुख्य संरक्षक मनोहर मंगतानी ने कहा कि जीएसटी से पहले जूतों पर टैक्स नहीं था, जीएसटी में टैक्स दर 7 फीसदी बढ़ जाने से होलसेलर्स के पास पहले से मौजूद स्टॉक पर 7 फीसदी का अतिरिक्त नुकसान होगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयराम पमनानी, सचिव शशिप्रकाश गुप्ता और मुख्य सलाहकार राजेन्द्र खंडेलवाल ने भी केन्द्र सरकार के इस फैसले का विरोध जताया।

### रेणू शर्मा को पीएचडी की उपाधि



**जयपुर** (कासं)। राजस्थान यूनिवर्सिटी ने रेणु शर्मा पुत्री हजारीलाल शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्हें यह उपाधि "रोल ऑफ पावर सेक्टर इन राजस्थान इकोनामी (ए कंपैरेटिव स्टडी ऑफ पब्लिक एंड प्राइवेट पावर सेक्टर कंपनी)" विषय पर शोध के लिए प्रदान की गई है। इन्होंने शोध कार्य प्रोफेसर कृष्णा गुप्ता के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है।

# प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जुड़े विषय को जातिगत और सामाजिक भेद का रंग देने की कोशिश : गजेन्द्र सिंह

## केंद्रीय जलशक्ति मंत्री और पंजाब में भाजपा के चुनाव प्रभारी ने विपक्ष पार्टियों पर निशाना साधा

**जयपुर**। पंजाब के फिरोजपुर जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक को लेकर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री और राज्य में भाजपा के चुनाव प्रभारी गजेंद्र सिंह शेखावत ने विपक्ष पार्टियों पर जमकर निशाना साधा है। शेखावत ने कहा कि दूसरी राजनीतिक पार्टियों के नेतृत्व कहीं न कहीं इसमें भी अपने लिए राजनीति के अवसर तलाश रहे हैं। जो विषय प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है, उसको जातिगत और सामाजिक भेद का रंग देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि 21वीं सदी का भारत और देश का युवा इन विषयों को बहुत गंभीरता के साथ देख रहा है। समय आने वाले में वो हिसाब बराबर करेगा।

शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्हें हर विषय को राजनीतिक रंग देना है। चाहे वो सैनिकों की शहादत हो, बाटला हाउस एनकाउंटर हो, सर्जिकल या एयर स्ट्राइक हो, इन्हें राजनीति करनी है। ऐसे लोगों को छोड़कर देश के सामान्य मानवी ने प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक को लेकर अपनी चिंता जाहिर की है, क्योंकि प्रधानमंत्री कोई व्यक्ति नहीं हैं, एक इंस्टीट्यूशन हैं। एनआईए जैसी एजेंसी को जांच सौंपने के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चूंकि यह विषय सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है। इस पर टिप्पणी करना उचित नहीं है कि कौन सी कमेटी होगी या क्या होगी? केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक कमेटी बनाई है। सुप्रीम कोर्ट ने भी चर्चा की है। पंजाब सरकार ने भी एक कमेटी बनाई है। हालांकि, राज्य सरकार ने जो कमेटी बनाई है, उस कमेटी में कौन लोग हैं। उनका इतिहास जरूर खंगालना चाहिए। उनकी पृष्ठभूमि क्या है? उन्होंने अपने पदों पर रहते हुए किस तरह का आचरण और व्यवहार किया।

प्रधानमंत्री की बॉर्डर एरिया में सुरक्षा के प्रश्न पर शेखावत ने कहा कि इसे गंभीरता से लेना चाहिए। मैं देख रहा था, पंजाब के मुख्यमंत्री किसी चैनल पर वार्ता करते हुए कह रहे थे कि ये जगह तो 50 किलोमीटर के एरिया में है, जहां बीएसएफ का कार्याधिकार होता है। इस तरह की टिप्पणी करना उचित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह केवल सरकार की विफलता नहीं है, यह सुनियोजित रूप से रचा षड्यंत्र है। जो कांग्रेस आलाकमान और उनके साथ में जुड़े हुए लोगों के इशारे पर, उनके दिमाग की उपज से हो रहा था।

क्या पंजाब में रैली या राजनीतिक गतिविधियों में कटौती होगी, के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस तरह के षड्यंत्रों और कुकृत्यों से भारतीय जनता पार्टी के विचार, विचारधारा, कार्यकर्ता की ऊर्जा और शक्ति को न कम किया जा सकता है, न रोका जा सकता है, न थामा जा सकता है। जनसंघ के समय तो ज्यादा परेशानियां और चुनौतियां थीं, लेकिन उसे न दबाया जा सका और न कुचला जा सका। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के भविष्य को और भविष्य की भारतीय जनता पार्टी की पंजाब की राजनीति को इस तरह के षड्यंत्र नहीं रोक पाएंगे। पीएम मोदी की रैली समेत सभी तरह के राजनीतिक कार्यक्रम होंगे। इस तरह की घटनाएं नरेंद्र मोदीजी का रास्ता नहीं रोक पाएंगी और न झुका पाएंगी। उन्होंने कहा कि हालांकि, कोरोना आपदा की वजह से आने वाले समय में क्या होगा, इस पर टिप्पणी नहीं की जा सकती।

## जयपुर में लिटरेचर फेस्टिवल अब 5 मार्च से शुरू होगा

**जयपुर**। कोविड के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए अब जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल अब 5 से 14 मार्च तक आयोजित किया जायेगा। पहले यह फेस्टिवल 26 जनवरी से 6 फरवरी तक होना था। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के प्रोड्यूसर टीमवर्क आर्ट्स ने शुक्रवार को फेस्टिवल को इस संबंध में निर्णय लिया।

मैनेजिंग डायरेक्टर संजॉय के. रॉय ने कहा, नए वेरिएंट और देशभर में इसके तेजी से बढ़ते मामलों को देखते हुए फेस्टिवल को मार्च में किया जाएगा। हम फेस्टिवल को ऑन ग्राउंड लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां विचारों और भावों के उसी प्रवाह को श्रोता महसूस कर पाएंगे। फेस्ट हाईब्रिड मोड में यानी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित किया जाएगा। फेस्टिवल आयोजन के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की गाइडलाइन की पालना की जायेगी।



## Earth's Rotation Day

January 8 is observed as Earth's Rotation Day every year to commemorate French physicist Leon Foucault's demonstration in 1851 that the Earth rotates on its axis. The rotation of the earth is a phenomenon we all know about. It takes place when our planet rotates on a vertical axis around the sun. This takes place every 24 hours. It is celebrated as Earth Rotation Day discovered many years ago.

राष्ट्रदूत
SATURDAY
8 January 2022
A-B

#EVENT

# Photography & Art Exhibits

With most of the other events for January getting cancelled or re-scheduled owing to surge in Covid-19 cases, it'll be a good idea to visit these art and photography shows at JKK before the mundane 'Work from Home' and Netflix on weekends routine kicks in. Don't forget to mask on, maintain social distancing and sanitize your hands while you soak in the artistic strokes and hues at these exhibitions.





**Tusharika Singh**
*Freelancer writer and city blogger*

For the art lovers and shutterbugs of the Pink City, the new year has kick-started with two well curated photography and art shows at Jaipur's multi-arts center, Jawahar Kala Kendra (JKK). While the Jaipur Photographers' Club (JPC) is hosting their 9th annual photography exhibition from 6th January to 9th January, a group art exhibition 'Advita', by Five Finger Art Studio will be on from 7th January to 12th January.

### 9th Photographers' Club Exhibition

The Chaturdik Art Gallery of JKK has on display a whopping 150 selected photographs of as many as 100 photographers of the country and abroad. The exhibition also includes the work of 6 foreign photographers. The photographs showcase diverse subjects including landscapes, nature, wildlife, street, portraits as well as fine art and architecture, among others.

Telling more about the exhibition, the Founder of Jaipur Photographers' Club, Anil Khubani shared that around 2000 entries were received for the exhibition not only from different cities of the country but also abroad. The jury selected 150 photographs out of these entries, which are currently being displayed at JKK.

Expressing his happiness on being a part of the exhibition, one of the participants from Indore, Col Amit Kanwar shared: "I have been associated with JPC for the past five years and the progress they have made is commendable. JPC Photo Exhibition has attained great prestige not only in India but the world over. It's a matter of pride and honour for me that my work has been shortlisted for the exhibition. Despite the challenges thrown at everyone by the pandemic, it is great to see the event taking place."

"The exhibition, its quality of participants and the evocative collection of pictures that it puts up each year has drawn me towards it in past years. I can conveniently say that JPC has converted by part-time hobby of photography into a full-time passion!" Remarked another participant from Jodhpur, Pavnesh Arora.

**Date:** January 6 – January 9.
**Time:** 11 am to 7 pm
**Venue:** Chaturdik Art Gallery, Jawahar Kala Kendra

### 'Advita': A Group Art Exhibition

The Surekh Art Gallery, on the other hand, has on display a group art exhibition entitled 'Advita'. The exhibition has been organized by The Five-Finger Art Studio, which is promoted by artist Rajula Loona. "Curated by artist Lakhan Singh Jat, the exhibition has on display art works made by artists during the Covid-19 pandemic. The objective of this exhibition is to promote and motivate young artists and give a platform to their work," shares Rajula Loona, whose own artwork is also on display at the gallery.



The exhibition is showcasing around 45 art works of 9 artists from Jaipur. These have been made using mediums like acrylic, watercolour etc. and depict myriad themes like nature, childhood memories and still life, among others. The other painters whose paintings are on display include Abhilasha Haver, Dr Asha Kasliwal, Devesh Prajapati, Jitendra Verma, Jyotsna Shukla, Nikhil Singh, Vandana Pandey and Vikas Meena.

With most of the other events for January getting cancelled or re-scheduled owing to the surge in Covid-19 cases, it'll be a good idea to visit these art and photography shows at JKK before the mundane 'Work from Home' and Netflix on weekends routine kicks in. Don't forget to mask on, maintain social distancing and sanitize your hands while you soak in the artistic strokes and hues.

**Date:** January 7 – January 12
**Time:** 1 am to 7 pm
**Venue:** Surekh Art Gallery, Jawahar Kala Kendra





One passenger and I survived the crash. How or why we survived is a mystery. There is absolutely no explanation - just pure luck! For a long time after the accident, I used to ask myself, "why were the other passengers not lucky?" I guess nobody can answer that question. When the helicopter wreckage was retrieved from the sea the British aircraft accident investigating investigator met me and wondered how I could have possibly survived the crash. I not only survived the crash, I came out with very minor injuries.

# The Deadliest Helicopter Accident of Recent Times



**Maj Chandrakant Singh VrC** *(Retd)*
*Military Historian*

On 8th December, the news of the fatal helicopter crash involving the CDS Gen Rawat and his wife Madhulika Singh along with the other crew and passengers of the MIG17 helicopter came as a great shock to the entire nation. To me it was a triple whammy, Bipin and Madhulika were not only friends but family too, and I greatly respected his professionalism and integrity. On 10th December, that is only a couple of days later Bipin was scheduled to release my book 'MEGHNA - RIVER OF VICTORY'. The book is a detailed account by commanders of all levels and all arms and services of the most significant battle of the Bangladesh Liberation War.

In the book there is an account of this operation by Sqn Ldr Pushp Vaid VrC, who was one of the heroic band of heroic helicopter pilots who carried me and my troops across the Meghna. Pushp was my contemporary at the NDA as were many others, who were at the bayonet end of Sagat's IV Corps advancement to Dacca. Pushp was the pilot of the first helicopter with me and my troops inside to cross the Meghna.

Pushp took early retirement from the IAF and moved to the UK where he took up a job with the British Airways flying Chinook helicopters in support of the oil rigs in the North Sea. On 6 November 1886, while returning to base his helicopter crashed into the sea just two minutes before landing, killing 43 persons. Pushp Vaid, who was the pilot and one passenger were the only ones to survive. This was the deadliest helicopter crash in civil aviation history.

### The Deadliest Crash

This is a blow by blow, split second by split second account of the final moments of that accident by the pilot himself. It gives the reader an idea of the hazards and challenges of aviation and what it feels to look at death in the face.

I survived the deadliest helicopter crash in European history on the 6th of November 1986, at 1132 hours, I was the captain of a chinook helicopter that crashed just two miles short of its destination, the Sumburgh airport in the Shetland islands, 150 nautical miles north of the mainland of the United Kingdom. At the time it was the worst ever civilian helicopter crash, taking the lives of 45 out of the 47 people on board.

One passenger and I survived the crash. How or why we survived is still a mystery. There is absolutely no explanation - just pure luck! For a long time after the accident, I used to ask myself, "why were the other passengers not lucky?" I guess nobody can answer that question. When the helicopter wreckage was retrieved from the sea, the British aircraft accident investigating investigator met me and wondered how I could have possibly survived the crash. I not only survived the crash, I came out with very minor injuries.



Pushp at Agartala

### #COMING BACK

I joined British Airways Helicopters in 1975, after leaving the Indian Air Force. In 1982, I converted on to Chinooks, the Boeing Vertol BV-234, the biggest civilian helicopter in the world. By 1986, I had already flown over 2500 hours on the chinooks and loved every minute of it.

I have flown helicopters for over 45 years. In spite of the accident, I would say that the chinook is the best helicopter I have ever flown, because of the tremendous amount of power it has and with full fuel we had six hours of endurance. We were always able to carry the full capacity of passengers with full fuel tank. We had six Chinooks in the company. One of our Chinooks had the flight routed to Sumburgh, Shetland Islands, on Monday morning and operate out of Sumburgh for five days, returning to Aberdeen on Friday evening. I had taken G-BWFC, a Chinook helicopter, to Sumburgh for the week on November 3, 1986. We had two sets of crews: one did the morning two flights to the East Shetland basin (just over 100nm northeast of Sumbrugh Airport) and the second came in at 1300 hours and did one flight in the afternoon.

First Officer Neville Nixon, my co-pilot, who was 43, had left Bristow Helicopters a few years earlier and had given up flying to help his wife to set up a chemist shop in York, England. After three years the shop was doing very well and he found that Pauline could manage the shop by herself. He loved flying and decided to come back to flying.

He joined British Airways Helicopters in the summer of 1986. Since Neville hadn't flown for nearly three years, he was very keen to fly as much as possible. On the 6th of November, he was roistered to do the afternoon shift. Since morning shift did two flights and the afternoon shift with first officer Mike Stanley. Sadly for him, this change of shift caused him his life.

Thursday, the 6th of November 1986, was a beautiful day at Sumburgh. The wind was light and it didn't feel cold I expected good flying conditions. Neville was already in the operations doing planning for our flight by the time I arrived that morning. After finishing the planning he rang up his home. That was the last time he spoke to his wife.

Mike Walton, our cabin attendant, arrived about 0730 and went to do his checks on the helicopter. Checks included making sure that cabin was clean and all the safety equipment was on board.

Our original plan was to land at Brent Bravo and Brent Delta. At the last minute we were given a load to drop at Brent Alpha also. This added about ten minutes to our trip. These ten minutes became very important when we were returning to base and we crashed just two miles short (about two minutes before touchdown) of our destination. Destiny! Yes!

We taxied across from our hanger at Virkie to Wilsness passenger terminal, on the other side of the runway, to pick up our passengers. After doing the onboard briefing, we taxied at 0900 for our flight to the Brent field.

I was handling pilot on the way out and my co-pilot was looking after all the radios and other admin duties, like load sheets. The flight was uneventful and after landing at Brent Alpha, Charlie and Delta we set our course back to Sumburgh at 1043. We had full complement of 44 passengers and three crew members on board. Neville was the handling pilot and I was doing all the paperwork and the radio calls.

We climbed to 2500 feet and our route back to Sumburgh was via track Mike. We flew in and out of the clouds, but the weather was nice and we had a pleasant flight. We talked about all sorts of things to pass the time. Neville told me about his brother who had been to India and had loved it there.

And all the time our bevel ring gear in the front gear box was breaking up and we had no way of knowing of the looming disaster. I discovered this when listened to the cockpit voice recorder at the Aircraft Accident Investigation Board's workshop. I could hear the noise of the gear breaking up for the entire 30 minutes of the tape HUMS would have been a great help. At 10nm we changed from Sumburgh approach. We started a slow descent to 500 feet. When we were just over two minutes to land, I contacted my company and gave them the routine two minutes to landing call.

In the Bristow hanger, Captain Gordon Mitchell and the rest of the coast guard crew were getting ready to do the search and rescue training that morning. They had the helicopter fueled and ready. They were just waiting for one of the crews to return from an errand; otherwise they would have been airborne earlier. It was a coincidence that they got airborne after 1129, just when we were on finals for landing. The control tower advised the coast guard helicopter, "Oscar Charlie" to look out for the Chinook which was on finals.

Bout 3.5nm from the runway, we started hearing a whining noise and seemed to be getting louder. The noise did not sound dangerous. Just then our cabin attendant, Mike Walton came through the door and told us that he had checked the cabin and that the passengers were all strapped in and ready for landing. He heard us discussing the noise, so he told us the noise was coming from the front gearbox, which was just above his head, behind the cockpit. He also didn't seem alarmed by the noise. Landing approximately 250-300 feet above the surface of the water, in the descent, our speed reducing below 100 knots. We decided that on landing we would inform the engineers to sort out the noise before we went for our next flight. I informed that "Foxtrot Charlie" was on finals and we were cleared to land. On finals, I saw the Coast Guard Sikorsky S-61 take off for their training.




### Death Do Not Be Proud

After informing us the passengers were all ready for landing, our cabin attendant had opened the door and closed it behind him. I don't think he had a chance to sit down and strap himself in. A fraction of a second after he closed the door, at 1132 to be exact, we heard a very loud bang. Suddenly, the helicopter pitched up and was pointing vertically up - I could see the sky ahead of me. I had no time to give a 'May-Day' call. But of course we were towards the North Sea. The helicopter which was travelling at about 100 knots, had come to a sudden stop. Sadly, the whiplash effect killed at least half of the passengers.

My co-pilot probably died at the moment. Being the handling pilot, he was sitting without his back touching the backrest, with the result that the whiplash effect broke his neck. I being the non-handling pilot, had my back resting at the backrest. The whiplash effect on me was not that great, though thinking about it or writing about it, like right now, I start feeling the pain in my back.

What happened? I found out later that the whining noise we had been hearing was actually our front gear (spiral bevel ring gear) breaking up. Once the gear split, it was a matter of 20-30 seconds before the two counter rotating blades hit each other and that was the loud bang we had heard. The rear rotor blades were shaking so much that they along with the gearbox parted company from the helicopter and splashed into the water about a mile away from us.

One gentleman standing about five miles away on top of a hill, near Sumburgh airport, saw our helicopter falling towards the sea and he actually pointed out to the salvage team where to look for the rear rotor blades. No, he did not have a video camera.

Now there was no rear rotor. Nothing was holding the back end of the helicopter up. So the back fell and the nose was pointing to the sky straight in front of me. I got the feeling we were going straight up. Instinctively, I grabbed the cyclic control and pushed it all the way forward to level the helicopter to level the helicopter. It appeared I had done an outside loop. I felt a negative G force when the helicopter seemed to move from pointing vertically up to pointing vertically down. Now I could see the sea in front of me. It appeared the helicopter was rushing nose down, vertically towards the sea.

What actually happened was that, with the break away of the rear set of rotor blades and gear box from the helicopter, the whole body of the helicopter had become weak and had started breaking up. When I pushed the cyclic stick all the way forward, the front rotor blades, which were still responding to the controls, flipped the cockpit section of the helicopter over. Now only the floor of the cockpit was attached to the main part of the helicopter.

### What Saved The Two

My action of moving the cyclic stick forward was perhaps responsible for saving the two who survived. The whole helicopter was falling backward towards the sea. The cockpit which had tipped over was still attached to the cabin floor, seemed to be going straight towards the sea. That also meant that there was a huge hole at the top of the cabin, where the cockpit had been. The hole is the one through which Eric Morrans, the other survivor was thrown, when he was unconscious under water.

While we were falling, I was aware that everything around me was breaking up. I was thinking double time to see if anything I could do to save the helicopter and all of us in it. To me it felt as if I was on a roller coaster ride and I was wishfully thinking/hoping that the helicopter would roll out, we would land on the water, and everybody would come out. Strange - not for a moment did I think that anybody was going to die.

Later, I discovered that the front rotor blade had chopped off the part of windscreen in front of the co-pilot. Broken bits from the windscreen were flying in and some were hitting me on the left side of my face cutting into the flesh and my nose was broken too. I discovered this when I was in hospital.



Amazingly and luckily nothing hit my eyes.

When we hit the water, the rear end of the helicopter took all the impact. Nearly twenty feet of the rear end of the helicopter was completely smashed. All the seats came off their moorings. Only my seat looked like a seat after the accident. I discovered this when the cockpit had been salvaged.

Subsequently, I discovered that the cockpit broke off from the main cabin on impact, and seemed to splash in the water from a height of about 30-40 feet. The rest of the passengers and our cabin attendant died on impact. No one drowned. Only one passenger survived.

The North Sea is pretty cold. The water temperature that day must have been around -7 degree Celsius. The cockpit with me still in it, seemed to keep going down and down under in the water. It must have gone down at least 3 feet below the surface, before it stopped moving. I could see the sunlight and I knew which way to swim. However when I left the cockpit and started to move I discovered hat I was going the wrong way. It was getting darker. I turned around and headed towards sunlight. I passed through the emergency window, which had blown away on impact, I think, and started to swim towards the surface.

I discovered in my hustle that I had not even unbuckled my belt. When the cockpit was salvaged, we discovered that one strap had broken but the other three were still locked in their position. I have no idea how I came out of those straps.

### Being Alive

It was a beautiful sunshine which met me when I reached the surface. I was feeling cold and breathing very fast and hard. I saw what looked like a big bowl. I think it was a part of the fuel tank cover. I managed to climb into it. But two seconds later a small wave tipped me over and I was back in the water. I wasn't worried; in the back of my mind I knew the rescue helicopter would be overhead in a few minutes. I was just waiting for them to come and pick me up.

Then a body popped up next to me and then another, and another. There must have been at least seven bodies floating close to me. They were not moving or doing anything. That was the first time it occurred to me that perhaps some people were dead. Then there was a lot of hydraulic fluid and broken pieces of the helicopter that were floating around in the sea around me. I could see broken pieces everywhere.

When the coast Guard helicopter turned to go to his training area, he asked where the Chinook was. The controller looked up and couldn't see the Chinook on finals and was amazed because he had seen us just thirty seconds earlier and had given us permission to land.

The Coast Guard crew saw somethings floating in the sea and headed towards that area. As soon as I saw coast guard helicopter, I waved. The helicopter came overhead of me, the winch man came down, put a strap around me and hauled me up. My shoes were coming off but for some reason I kept hanging on to them. However I never saw my shoes again.

Only one 20 year old passenger, Eric Morrans, survived the crash with me. He was sitting in the front row seats, which faced backward. He was facing the 42 passengers and saw the fear of death in their faces, when the helicopter was plunging vertically backwards into the sea. He could make out that all of them knew that they were going to die. In fact some of the passengers had already died because of the whiplash, when the rear set of rotor blades parted company from the helicopter.

Eric was just plain lucky - like me instinctively he had zipped up his survival suit when he heard the big bang. There were a lot of broken pieces flying around in the cabin and he was injured and became unconscious. When the helicopter plunged into the water he went with it. However when he was thirty feet, his survival suit, which was full of air, acted like a football under water, and threw him out through the hole behind him and towards the surface of the water.

> When the crew realized that both of us were closing our eyes, he went and told the captain to take us to the hospital. By this time other helicopters were on the scene and a rescue ship was on the way. When we arrived my body temperature was around 33 degrees Celsius. They cut pen all my clothes and wrapped me up in a piece of a space blanket.

When he reached the surface, one wave came over his face and woke him up. Luckily for him, just as his eyes opened a dinghy inflated just next to him. He quickly got hold of it and tied his hand with the roe from the dinghy and passed out again. Then he heard the helicopter overhead and saw me being winched up. He got worried that he might be left behind, so started waving frantically.

He was winched up after me. We were now both in the coast guard helicopter. My suit was full of cold water, so even though I was out of the sea I was still in cold water. Every time the crew came to see me I made a hand signal, requesting him to cut the survival suit so that the water could go out. With all the helicopter noise he couldn't understand me, however ten minutes later he realized what I was trying to tell him and he cut my suit and the water came out. My eyes were closing now. When the crew realized that both of us were closing our eyes, he went and told the captain to take us to the hospital. By this time other helicopters were on the scene and a rescue ship was on the way.

When we arrived my body temperature was around 33 degrees Celsius. They cut pen all my clothes and wrapped me up in a piece of a space blanket. It is like aluminum foil; the idea was that I would warm my own self up. My eyes were still closed, but suddenly I heard the doctor talking to me in Hindi, my native language. Then I knew I was alive. They don't speak Hindi in heaven or hell. Or maybe they did.

### The Odds

The mechanical failure that caused the gearbox break was one in a million chance. That it resulted in in so many fatalities was a terrible orchestration of events. The Chinook was withdrawn from civil operation, though it still operates with the military. Friends advised me not to go back to flying. After all the company would pension me off comfortably. But I knew money wouldn't fill the hours. Flying was all I wanted to do. By February, I was ready to fly again. The company insisted on psychiatric tests, however, so I resumed flying in April.

I was 45 when the accident happened and flew for another twenty years before retiring.

writetoarbit@rashtradoot.com



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# किन्नू का प्रोडक्शन कम व डिमांड ज्यादा होने से भाव बढ़े

## पिछले वर्ष आठ से दस व इस बार बीस से छत्तीस रुपए प्रति किलो में बिक रहा किन्नू

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** पिछले दिनों 345 टन किन्नू बांग्लादेश भेजने के बाद लोकल मार्केट की डिमांड पूरी करने की तैयारी की जा रही है। श्रीगंगानगर मंडी में हर दिन करीब आठ टन किन्नू आ रहा है। इनमें पचास प्रतिशत पर वह किन्नू है जिसे एक्सपोर्ट के लायक नहीं माना गया है और जो ग्रेडिंग और वैक्सिंग प्लांट पर भी नहीं गया है। यानी इस किन्नू को सीधे खेत से बाजार में लाया जा रहा है।

इस किन्नू में चमक कम है लेकिन इसी के अनुसार इसके भाव भी बाहर भेजे जाने वाले किन्नू से कम हैं। प्रोडक्शन कम होने और डिमांड ज्यादा होने से इसके भाव में तेजी देखने को मिल रही है। जिले में इस साल महज डेढ लाख मीट्रिक टन किन्नू का उत्पादन हुआ है। पिछले साल यह इससे दो गुना के करीब था।

किन्नू के कम प्रोडक्शन का असर बाजार पर नजर आ रहा है। अभी बाजार में बेहद कम किन्नू आया है। पिछले वर्ष जहां किन्नू आठ से दस रुपए प्रति किलो में मिल रहा था, वहीं इस बार प्रोडक्शन कम होने से यह बीस से छत्तीस रुपए तक पहुंच गया है। फल-सब्जी मंडी समिति अध्यक्ष किशन वधवा बताते हैं कि अभी बाजार में आठ टन तक किन्नू हर दिन आ रहा है। इसमें पचास प्रतिशत अच्छी क्वालिटी का है। शेष वह किन्नू है जिसकी क्वालिटी कमजोर है तथा इसे लोकल मार्केट में बेचा जाता है।

- **जिले में इस साल डेढ लाख मीट्रिक टन किन्नू पैदा हुआ जो गत साल से लगभग आधा है**

सब्जी मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष जीएस खनूजा बताते हैं कि अभी प्रोडक्शन कम है। स्थानीय बाजार की मांग पूरी करने का प्रयास करते हैं लेकिन इसमें भी बड़ा हिस्सा देश के अलग-अलग हिस्सों बैंगलुरु, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली आदि की मांग पूरी करने में लग जाता है। इसमें ज्यादातर वह प्रोडक्शन जाता है जो अच्छी क्वालिटी का हो। किन्नू संघ के सचिव श्याम बगड़िया बताते हैं कि किन्नू के प्रोडक्शन की बात करें तो स्थानीय बाजार में बड़े साइज के किन्नू की मांग रहती है। कम भाव में किन्नू चाहने वाले बिना वैक्सिंग और ग्रेडिंग के इसे ले लेते हैं।

# बंदर सामने आने पर पलटा ऑटो, छह कॉलेज छात्राएं घायल

## लोगों ने ऑटो के नीचे दबी छात्राओं को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के दोवडा थानान्तर्गत नया गांव सड़क पर अचानक बंदर आने से ऑटो पलट गया। जिसमे 10 कॉलेज की छात्राएं बैठी थी, इनमे से 6 घायल हो गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

दोवडा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया कि रागेला के पास नयागांव मोड पर ऑटो के सामने अचानक बंदर आ गया। जिससे ऑटो पलट गया। हादसे में 2 छात्राओं को प्राईमरी इलाज के बाद छुट्टी दी गई। ऑटो पलटने से सिदडी खेरवाडा निवासी माया, माता टेबा निवासी ज्योति, वलोता निवासी छाया रोत, डोलवर निवासी टीना, फलोज निवासी अंजना ननोमा और माना तलाई निवासी शीला परमार घायल हुई हैं। सभी घायल छात्राओं की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।



नया गांव मोड पर अनियंत्रित ऑटो पलटने के बाद जमा भीड़।

# पंजाब में मोदी की सुरक्षा में हुई चूक के खिलाफ धरने पर बैठे पूनिया

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** पंजाब में प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा व्यवस्था में चूक के खिलाफ कांग्रेस के विरूद्ध रोष जताते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जैसलमेर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे बैठ धरना दिया।

भाजपाइयों ने प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी की हत्या करवाने की साजिश का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन में सोनिया गांधी होश में आओ, कांग्रेस पार्टी होश में आओ, अशोक गहलोत होश में आओ, राहुल गांधी होश में आओ के नारे लगाए गए। धरना प्रदर्शन में जैसलमेर भाजपा अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सारदा, पूर्व विधायक छोटूसिंह भाटी, सांग सिंह भाटी, महा सचिव सुशील कुमार व्यास, नगर अध्यक्ष अरूण, जिला प्रमुख प्रताप सिंह, प्रतापपूरी महाराज, ग्वालदास, सावल, विक्रमसिंह नाचना, जुगलकिशोर व्यास, कंवराजसिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**पीएम की लम्बी आयु के लिए महामृतुन्जय जापः-** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया की उपस्थिति में जैसलमेर जिले की महिला मोर्चा की बहनों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लम्बी आयु के लिए महामृतुन्जय मन्त्र के अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन नीलकंठ महादेव मंदिर में किया गया। आयोजन में दर्जनों लोग शामिल हुए।



जैसलमेर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठे पूनिया।

# चाइनीज मांझे से बाईक सवार की गर्दन की नस कटी

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिला कलेक्टर के आदेश और रोक के बावजूद बाजार में धडल्लें से बिक रहा है चाइनीज मांझा। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को सामने आया जिसमें प्रशासन के दावों की पोल खुलती नजर आ रही हैं। शुक्रवार को राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं में अयान पुत्र मुबारक 18 वर्षीय किशोर चायनीज मांझे से घायल हो गया जिसे बीडीके अस्पताल में भर्ती किया गया।

घायल अवस्था में अयान ने बताया कि वह शहर में होजरी की दुकान पर काम करता है एवं किसी काम से 2 नंबर रोड से बाईक से जा रहा था। इसी दौरान गर्दन पर चाइनीज मांझा लग गया तथा गर्दन से मुख्य नस कटने से अत्यधिक रक्त स्त्राव चालू हो गया। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. दुष्यंत बसेरा ने ईलाज कर रक्त स्त्राव को रोका तथा मुख्य नसों की सूचरिंग कर रोगी को स्टेबलाइज किया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र भांबू ने बताया की चाइनीज मांझा धातु के मिश्रण से बना होने के कारण एक तरह से तार का काम करता है।

# विपक्षी पार्टियों पर जमकर बरसे केंद्रीय जलशक्ति मंत्री

**जोधपुर, (कासं)।** पंजाब के फिरोजपुर जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक को लेकर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री और राज्य में भाजपा के चुनाव प्रभारी गजेंद्र सिंह शेखावत ने विपक्ष पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। शेखावत ने कहा कि दूसरी राजनीतिक पार्टियों के नेतृत्व कहीं न कहीं इसमें भी अपने लिए राजनीति के अवसर तलाश रहे हैं। जो विषय प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है, उसको जातिगत और सामाजिक भेद का रंग देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इक्कीसवीं सदी का भारत इन विषयों को बहुत गंभीरता के साथ देख रहा है।

शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्हें हर विषय को राजनीतिक रंग देना है। चाहे वो सैनिकों की शहादत हो, बाटला हाउस एनकाउंटर हो, सर्जिकल या एयर स्ट्राइक हो, इन्हें राजनीति करनी है। ऐसे लोगों को छोड़कर देश के सामान्य आदमी ने प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक को लेकर अपनी चिंता जाहिर की है।

एनआईए जैसी एजेंसी को जांच सौंपने के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चूंकि यह विषय सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है। इस पर टिप्पणी करना उचित नहीं है कि कौन सी कमेटी होगी या क्या होगी? केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक कमेटी बनाई है। सुप्रीम कोर्ट ने भी चर्चा की है।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह केवल सरकार की विफलता नहीं है, यह सुनियोजित रूप से रचा षड्यंत्र है। जो कांग्रेस आलाकमान और उनके साथ में जुड़े हुए लोगों के इशारे पर, उनके दिमाग की उपज से हो रहा था।

स्थानीय सांसद और केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शुक्रवार को जोधपुर पहुंचे। जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर जोधपुर दक्षिण की महापौर वनिता सेठ, भाजपा नेता अतुल भांसली, पार्षद अनिल प्रजापत, मोहित ओझा, अजय सिंह ने अगवानी कर स्वागत किया। शेखावत ने जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया के साथ अनौपचारिक बातचीत की।

# भीलवाड़ा में 96 पॉजिटिव मिले

**भीलवाडा, (निसं)।** शुक्रवार को एक बार फिर रिकॉर्ड तोड 96 पॉजीटिव केस सामने आए हैं। इन मरीजों में से 5 मरीजों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सबसे बडी बता यह है कि इनमें से 89 मरीजों को वैक्सीन लग चुकी है। आने वाले समय में मरीजों की संख्या बढ ने व हालात खराब होने की आशंका को देखते हुए प्रशासन की ओर से प्रत्येक अस्पताल में ऑक्सीजन व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया जा रहा है। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. घनश्याम चावला ने बताया कि जिले में 96 मरीज सामने आए है। पहले अन्य प्रदेशों से आए लोगों के कारण शहर में संक्रमण फैला था, लेकिन अब जिले के ग्रामीण हिस्सों से भी मरीज सामने आ रहे है। जिले में शुक्रवार को बापू नगर में 7, चपरासी कॉलोनी में 12, सीएसए नगर में 8, गंगापुर में एक, जहाजपुर में एक, काशीपुरी में 5, मांडल में दो, मांडलगढ में दो, पुर में दो, सांगानेरी गेट में तीन, सांगानेर में 7, शाहपुरा में तीन, शास्त्री नगर में 17, सुभाष नगर में 19, सुवाना में 5 और रायपुर में एक मरीज के संक्रमित होने की पुष्टी हुई है।

# एसएफआई ने सीएम का पुतला फूंका

**झुंझुनूं, (निसं)।** शुक्रवार को एसएफआई के तहसील महासचिव राजेश आलडयिा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छात्र संगठन एसएफआई ने मोरारका महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर राज्य सरकार के पुलिसिया दमन के खिलाफ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुतला फुंका। एसएफआई के जिला महासचिव सचिन चोपडा ने बताया कि रीट अभ्यर्थी एसएफआई के बैनर तले पिछले 2 महीनों से रीट के पद 31 हजार से बढ ाकर पचास हजार करने की मांग को लेकर शहीद स्मारक जयपुर पर धरना दे रहे थे। शांतिपूर्ण चल रहे धरने पर राज्य की गहलोत सरकार ने पुलिस का सहारा लेकर प्रदर्शनकारियों पर पुलिस द्वारा दमन करवाया गया और उन पर मुकदमे लगाए गए जिनकी छात्र संगठन एसएफआई कडे शब्दों में निंदा करता है।

एसएफआई के जिलाध्यक्ष पंकज गुर्जर ने बताया कि जिस प्रकार से गहलोत सरकार बेरोजगार युवाओं की मांगे मानने की बजाय उनके साथ कुठाराघात कर रही है, प्रदर्शनकारियों पर पुलिस द्वारा दमन करना और उन पर मुकदमे दर्ज करना राज्य सरकार की तानाशाही नीति को दर्शाता है। छात्रसंघ अध्यक्ष अनीश ने कहा कि जल्द ही रीट अभ्यर्थियों की मांग को मानते हुए पद बढाकर पचास हजार किए जाए और रीट प्रदर्शनकारियों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाए अन्यथा छात्र संगठन एसएफआई प्रदेश भर में उग्र आंदोलन करेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार और प्रशासन की होगी। इस दौरान राज्य कमेटी सदस्य चुकी नायक, पूजा, कॉलेज कमेटी अध्यक्ष नवीन, अंकित, अभिषेक, प्रियंका, पार्थ, साहिल, राविन, सचिन महरिया, विनय, बुलकेश, अनिमेष समेत सैंकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जेल में मोबाइल व चार्जर मिले

**अजमेर, (कासं)।** केंद्रीय कारागृह में कैदियों के पास मोबाइल मिलने के बाद अब राजस्थान के सबसे सुरक्षित माने जाने वाली हाई सिक्योरिटी जेल में भी मोबाइल मिलने का खेल शुरू हो गया है। शुक्रवार को एक बार फिर हाई सिक्योरिटी जेल में एक मोबाइल फोन व चार्जर मिलने का मामला सामने आया है।

पूरे मामले पर हाई सिक्योरिटी जेल प्रशासन की ओर से सिविल लाइन थाना मे मुकदमा दर्ज करवाया गया है। मामले की जांच कर रहे हेड कांस्टेबल अर्जुन राम ने बताया कि जेल प्रशासन की ओर से मिली शिकायत के अनुसार वार्ड नंबर 2 के ब्लॉक नंबर 4 में नहाने के खुले स्थान के पास कोने में फर्श की टाइल के नीचे एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ है। जेल प्रशासन की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर थाना पुलिस ने आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

# भगवान परशुराम की मूर्ति तोड़ने वाला गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** भगवान परशुरामजी की मूर्ति गुरुवार रात बदमाशों ने तोड दी। पुलिस ने 6 घंटे में ही मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले सुबह श्रीगौड ब्राह्मण और सर्वसमाज के लोगों ने हंगामा कर दिया। आरोपियों को पकड़ने की मांग को लेकर जाम लगा दिया। पुलिस ने समझाकर जाम खुलवाया था। मामला डूंगरपुर के दोवडा थाना क्षेत्र का है।

दोवड़ा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया कि पुनाली गांव में बस स्टैंड पर भगवान परशुरामजी की मूर्ति को बदमाशों ने तोड़ दिया। आस-पास दुकानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। फुटेज में एक युवक नजर आया। पहचान कर युवक पुनाली का ही रहने वाला शंकर उर्फ पप्पू प्रजापत को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने मूर्ति को तोड़ना कबूल कर लिया, जिस पर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी अहमदाबाद में मजदूरी का काम करता है। रात 3 बजे पुनाली बस स्टैंड पर उतरा था। उसके बाद उसने मूर्ति तोडने की वारदात की और घर जाकर सो गया। मूर्ति तोडने के कारणों को लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। दोवड़ा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया कि बस स्टैंड पर आज सुबह आए लोगों ने गांव के लोगों को सूचना दी। मौके पर पुनाली और आस-पास के गांव के लोग एकत्रित हो गए। साढे सात बजे सडक पर जाम लगाकर बैठ गए।

सूचना पर जाब्ते के साथ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने समझाने का प्रयास कियाए मगर नहीं माने। डूंगरपुर-आसपुर मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। पुलिस ने आरोपियों को जल्द पकडने का आश्वासन दिया। काफी मशक्कत के बाद लोग माने और जाम खोला। घटना को लेकर पुलिस आस-पास दुकानों पर लगे सीसीटीवी खंगाले जिसके बाद आरोपी पकड़ में आ गया।



घटना के विरोध में डूंगरपुर-आसपुर मार्ग लोगों ने जाम कर दिया।

# आरपीएससी की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित

## अध्यक्ष डॉ. शिव सिंह राठौड़ ने आरपीएससी के नवाचारों से अवगत कराया, डॉ. प्रदीप कुमार जोशी वीसी के जरिये उपस्थित रहे

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग में संघ लोक सेवा आयोग सहित राज्य लोक सेवा आयोगों के राष्ट्रीय सम्मेलन की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत से पूर्व संक्षिप्त समारोह में राज्य लोक सेवा आयोग अध्यक्षों का प्रदेश की परंपरा अनुसार तिलक लगाकर व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सदस्य राजकुमारी गुर्जर, रामू राम राईका, संगीता आर्य, जसवंत राठी, बाबू लाल कटारा, डॉ मंजू शर्मा द्वारा शॉल व बुके भेंट कर उपस्थित अतिथियों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आरपीएससी अध्यक्ष व उपस्थित विभिन्न राज्य लोक सेवा आयोग अध्यक्षों द्वारा दीप प्रज्जवलन से की गई। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ लोक सेवा आयोग अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार जोशी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में आरपीएससी अध्यक्ष को बैठक के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि नेशनल कांफ्रेंस की स्टैंडिंग कमेटी बैठक का आयोजन राजस्थान लोक सेवा आयोग में किया जा रहा है। नेशनल कांफ्रेंस विभिन्न मुद्दो पर चर्चा करने के साथ संघ लोक सेवा आयोग व राज्य लोक सेवा आयोगों की सवोत्तम प्रक्रियाओं को साझा करने का मंच प्रदान करता है। स्टैंडिंग कमेटी द्वारा एजेंडे का निर्माण व नेशनल कांफ्रेंस में लिए गए निर्णयों को क्रियान्वित करने का व समीक्षा का कार्य किया जाता है। वर्तमान कोराना महामारी के दौर में परीक्षाओं व साक्षात्कारों का पूर्ण सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए आयोजन कराना निश्चित ही चुनौतीपूर्ण है। स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में इसके लिए मानक संचालन पद्धति पर भी चर्चा की जाएगी। डॉ जोशी ने कहा कि आयोगों का यह दायित्व है कि देश-प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था के संचालन के लिए कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार व समर्पित मानव संसाधन उपलब्ध कराए। इसके लिए सभी आयोगों को निरंतर नवाचारों को बढ ावा व पद्धितियों को संशोधित करना होगा।





आरपीएससी में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक के दौरान भाग लेते अधिकारी।

स्टैंडिंग कमेटी अध्यक्ष डॉ. दिनेश दासा ने कहा कि स्टैंडिंग कमेटी की इस बैठक में विभिन्न चुनौतियों व लक्ष्यों पर विचार विमर्श के माध्यम से नेशनल कांफ्रेंस के लिए प्रस्ताव का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ विभिन्न समस्याओं एवं भर्ती प्रक्रियाओं पर भी चर्चा की जाएगी। आयोग अध्यक्ष डॉ शिव सिंह राठौड ने कहा कि वर्तमान दौर परिवर्तन का है और सार्थक व समयानुकूल परिवर्तनों के लिए आपसी संवाद व का कायम होना आवश्यक है। आज की इस बैठक के माध्यम से आयोग द्वारा किए गए नवाचारों से आपका परिचय होगा एवं आप के दीर्घ अनुभवों से हमें बहुत कुछ सीखने को प्राप्त होगा। इसके माध्यम से हम सभी निकट भविष्य में अपनी प्रक्रियाओं को और परिष्कृत बना सकेंगे। आयोग परिवार कड़ी मेहनत, निष्ठा एवं लगन से कार्य कर पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता व उत्कृष्टता के साथ "समय पर परीक्षा, समय पर साक्षात्कार व समय पर परिणाम" का लक्ष्य लेकर सफलता पूर्वक आगे बढ़ रहा है।

आरपीएससी के नवाचारों को किया गया नेशनल कांफ्रेंस के ऐजंडे में सम्मिलित - बैठक में ई-गर्वनेंस, सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ ाने, आयोगों के कार्य व्यवहार में एकरूपता, समन्वय स्थापित करने तथा समयबद्ध, पारदर्शी व निष्पक्ष कार्य प्रणाली के संवर्धन पर चर्चा गई। बैठक में गुजरात, गोआ, ओडिशा, तेलंगाना, अरूणाचल प्रदेश व के राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष तथा केरल लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष विशिष्ट आमंत्रित सदस्य के तौर पर सम्मिलित हुए। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्षों ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में भाग लिया।

आरपीएससी के नवाचारों को स्टैंडिग कमेंटी ने नेशनल कांफ्रेंस के एजेंडे में शामिल करने का निर्णय लिया है। इसके माध्यम से आयोग के नवाचार राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित किए जाएंगे इन्हें अपनाया जाएगा। समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई।

# दिव्यांगों के लिए बनाई अनोखी बैसाखी, पेटेन्ट भी मिला

**झुंझुनूं, (निसं)।** प्रिंस इन्टरनेशनल स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र मेहुल सिंह को दिव्यांगों की सुविधा के लिए बनाये छातानुमा छडी आधारित मॉडल के लिए भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से गुजरात में आयोजित मानक इंस्पायर्ड अवार्ड समारोह में राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान के निदेशक डॉक्टर विपिन कुमार ने प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मेहुल सिंह के इस आइडिया का पेटेन्ट भी हो चुका है।

इस बैसाखी की खास बात यह है कि इसमें छाते के साथ ही कुर्सी फोग लाइट ऑन टॉर्च और चार्जर जैसी उपयोगी सुविधाएं हैं, यह वैशाखी छाता दिव्यांगों के लिए चमत्कार के रूप में साबित होगा। इस मॉडल का व्यवसायिक निर्माण करने वाली कम्पनी मेहुल सिंह को रॉयल्टी प्रदान करेगी। इस उपलक्ष्य में शुक्रवार को प्रिंस इन्टरनेशनल स्कूल में आयोजित समारोह में मेहुल सिंह व उसके पिता बलबीर सिंह का अभिनन्दन किया गया। स्कूल के चेयरमैन जीएल कालेर ने बताया कि छात्र की इस उपलब्धि के लिएउसे फीस के लिए शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जायेगी। स्कूल के निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि स्कूल प्रबंधन हमेशा से प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करता रहा है। आज के बच्चें ही कल के नागरिक हैं।

# महिला पार्षद की मौत का मामला, पुलिस जांच में जुटी

**भीलवाडा, (निसं)।** नगर परिषद के वार्ड 42 की पार्षद वर्षा दरियानी के सुसाइड केस में पुलिस अन्य पहलू पर भी जांच कर रही है। पुलिस मामले को संदेहास्प्रद मानते हुए मामले में हर एंगल को खंगाल रही है। परिजनों ने पिछले कुछ महीनों से कमर दर्द से परेशान होने के कारण सुसाइड करना बताया था। परिजनों द्वारा बताया गया कि यह कारण भीमगंज पुलिस के गले नहीं उतर रहा है। मामले में पुलिस ने मृतका पार्षद और उसके पति के मोबाइल को जब्त कर कॉल डिटेल मंगवाई है। मामले में अब तक पार्षद के पीहर पक्ष द्वारा कोई मामला दर्ज नहीं करवाया गया है।

भीमगंज थाना प्रभारी सुरजीत सिंह ने बताया कि वर्षा कमर दर्द के चलते काफी समय से आरसी व्यास कॉलोनी स्थित फिजियोथेरेपिस्ट के पास जा रही थी। घटना के दिन मंगलवार को भी वर्षा का पति जितेंद्र उसे गाडी से फिजियोथेरेपी सेंटर छोडकर गया था। इसके बाद वर्षा गांधी सागर कैसे पहुंच गई। पुलिस इस मामले की भी जांच कर रही है।

गौरतलब है कि शहर के वार्ड 42 की पार्षद वर्षा दरियानी ने भीमगंज थाना क्षेत्र में गांधी सागर में छलांग लगा ली थी। वहां मौजूद लोगों ने वर्षा को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वर्षा के सुसाइड के पीछे परिजनों ने पिछले कुछ महीनों से कमर दर्द से परेशान होना बताया। परिजनों ने बताया कि उसे इतना तेज कमर में इतना दर्द होता था कि वह तडपती थी। इस मामले में पुलिस पारिवारिक विवाद और बीमारी दोनों ही कारण मान रही है। पुलिस ने वर्षा और उसके पति जितेंद्र की कॉल डिटेल मंगवाई है, साथ ही परिजनों के बयान भी लिए हैं। फ़िलहाल पुलिस मामले को सनदेहस्पद मानते हुए गहनता से हर पहलू की जांच में जुटी हुई है।

# मौसम विभाग ने पूर्वी राजस्थान में यलो अलर्ट जारी किया

**बयाना, (निसं)।** बयाना क्षेत्र में मावठ की बारिश होने के बाद तापमान में काफी गिरावट आने से सर्दी का असर काफी बढ़ा हुआ है। बाजारों में ग्राहकों की चहलपहल काफी कम रही। अधिकांश दुकानदार अपनी अपनी दुकानों के आगे अलाव जलाकर ग्राहकों का इंतजार करते देखे गए। मौसम विभाग की ओर से पूर्वी राजस्थान में यलो अलर्ट जारी कर भारी बारिश व ओलावृष्टि की संभावना व्यक्त किए जाने से से भी किसानों की चिता बढ़ गई है।

## संक्षिप्त

### टीकाकरण हेतु शिविर लगाया

**दौसा,** (निसं)। इम्पल्स कॉलेज ऑफ एज्युकेशन में शुक्रवार को 15 से 18 आयु वर्ग के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों के कोविड-19 टीकाकरण हेतु शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुभाष बिलोनियां, ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. राजपाल मीना एवं डॉ. जमशेर खान ने किया। संस्था सचिव डॉ. इन्द्रजीत शर्मा ने टीकाकरण की अनिवार्यता बताते हुए इस हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। सहायक निदेशक कल्पना शर्मा ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को कोविड-19 की तीसरी लहर से बचाव बताये।

### मंत्री भूपेश आज सिकराय में

**दौसा,** (निसं)। मंत्री ममता भूपेश 8 जनवरी को सिकराय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगी। मंत्री के निजी सहायक ने बताया कि 8 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे जयपुर से रवाना होकर पंचायत समिति सिकराय में दोपहर 12 बजे जयसिंहपुरा पहुंचकर स्थानीय विद्यालय में कक्षा कक्षों का उद्घाटन एवं दोपहर 1:30 बजे जयसिंहपुरा से प्रस्थान कर 2 बजे कैलाई में स्थानीय विद्यालय में कक्षा कक्षों का उद्घाटन करेगी। इसके पश्चात महिला एवं बाल विकास मंत्री कैलाई से दोपहर 3 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगी।

### दो दिन में 13 सौ कट्टे यूरिया बांटा

**खैरथल।** खेतों में खड़ी फसल को प्रकृति ने अमृत बरसा कर सिंचाई में राहत दी है तो यूरिया खाद की भारी किल्लत के चलते खैरथल क्रय-विक्रय सहकारी समिति की ओर से दो दिनों में तेरह सौ कट्टे यूरिया का वितरण कर किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है। खैरथल क्रय-विक्रय सहकारी समिति के मुख्य प्रबंधक रामस्वरूप संधु ने बताया कि मात्र एक सप्ताह बाद दो दिनों में इफ्को यूरिया के तेरह सौ कट्टे वितरण किया गया है। इससे यूरिया की किल्लत किसानों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही और भी रैक लगने पर यूरिया खाद आ जाएगा।

### जरूरतमंदों को 50 रजाईयां बांटी

**श्रीमाधोपुर।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर एवं कस्बे के मूल निवासी मुरारी लाल अग्रवाल हाल निवासी मुंबई के सौजन्य से भयंकर सर्दी को देखते हुए शुक्रवार को समाज के जरूरतमंद लोगों को 50 रजाईयो का वितरण किया गया। इस अवसर पर सागर हलवाई , अमित हलवाई ,लायंस क्लब के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त वैज्ञानिक सीताराम सैनी,मानक चन्द तिवारी, मालीराम बिजारणिया ,राजू निठारवाल ,गणपति स्वामी मौजूद थे।

### छात्राओं को साइकिल मिली

**थानागाजी।** समीपवर्ती गोवडी स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय गोवडी में स्कूली छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार ने बताया की मुख्यमंत्री निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत 33 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत गढबसई के उप सरपंच सुरज्ञान सैनी , श्रीमती रेखा यादव पं.स.सदस्य, एस एम सी अध्यक्ष कालूराम यादव, वार्ड पंच मुकेश, पूरन यादव आदि मौजूद थे।

### 'केंद्र की योजनाओं से अलवर हो रहा लाभान्वित'

**अलवर।** अलवर सांसद महंत बालक नाथ योगी द्वारा आज लोकसभा के संसदीय क्षेत्र मुंडावर और बहरोड में विभिन्न कार्यक्रमों में उपस्थित रहते हुए केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। अलवर सांसद ने इस दौरान मुंडावर विधानसभा क्षेत्र की दौलतसिंहपुरा पंचायत समिति के उमरावगढ गांव में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया।

अलवर सांसद ने बताया कि ग्राम उमरावगढ में जल जीवन मिशन के तहत गांव के प्रत्येक घर तक पानी पहुँचाने के लिए 19 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इस दौरान अलवर सांसद ने (उमरावगढ से रोडवाल बहरोड )को जोडने वाली डांबर सडक व गांव के अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। इसके उपरांत अलवर सांसद ने रोडवाल बहरोड में ग्राम चौपाल को संबोधित किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए कहा कि हम सभी को राष्ट्रहित में संगठित होकर कार्य करने की आवश्यकता है।

# 'सिकराय क्षेत्र के विकास के लिये हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं'

**भाण्डारेज,** (निसं)। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास, बाल अधिकारिता एवं आयोजना विभाग मंत्री ममता भूपेश ने कहा कि सिकराय विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिये हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। कोरोना की स्थिति को ध्यान में रखते हुये चिकित्सा के क्षेत्र में आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाकर आमजन को चिकित्सा सुविधाये उपलब्ध करवाने का कार्य किया जायेगा।

शुक्रवार को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भाण्डारेज के नवीन भवन का लोकार्पण करते हुये महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि सिकराय विधानसभा क्षेत्र के विकास में धन की कमी को आडे नहीं आने दिया जायेगा। आमजन को समय पर आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करवाने के लिये संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कोरोना के दौरान आमजन को समय पर खाद्य सामग्री, विद्युत, चिकित्सा, पेयजल सहित सभी सुविधाये उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार क्षेत्र में विकास कार्यो को गति प्रदान करने के लिये संबंधित कार्यकारी एजेन्सी को पाबन्द किया गया है कि स्वीकृत कार्य समय पर पूर्ण करावे ताकि आमजन को उनका लाभ मिल सके। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि कोरोना अभी गया नहीं है, उसका प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में असर दिखाई देने लगा है। कोरोना से बचाव के लिये सरकार द्वारा जारी की गई गाईड लाईन की पालना करना व करवाना हम सबका दायित्व है। इस अवसर पर जिला प्रमुख हीरा लाल सैनी, शिवराम मीना, प्रधान सिकन्दरा सुल्तान बैरवा, जिला परिषद सदस्य कल्याण सहाय गोठवाल, ग्राम पंचायत भांडारेज के सरपंच राम प्रसाद बैरवा, उप सरपंच धनबो देवी गुर्जर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुभाष बिलोनिया, पूर्व सरपंच दुर्गा प्रसाद सैनी सहित चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इसके पश्चात मंत्री ने राउमावि बावडी से बने निवास होते हुए ढाणी बिरूका वाली तक सडक निर्माण कार्य का शिलान्यास, मोहचिंगपुरा में रामतलाई खेजडा ढाणी से मोहचिंगपुरा तक मिसिंग लिंक सडक निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं गण्डरावा से मोरोली वाया अगावली, गुमानपुरा, मोहचिंगपुरा तक सडक के नवीनीकरण कार्य का शिलान्यास किया।



**ग्राम भाण्डारेज में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का काबिना मंत्री ममता भूपेश, जिला प्रमुख हीरालाल सैनी ने लोकार्पण किया।**

### लूट का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**दौसा,** (निसं)। जिला पुलिस की साइबर सेल व स्पेशल टीम ने शुक्रवार को संयुक्त कार्रवाही करते हुये जयपुर में दबिश देकर दो वर्ष से फरार पेट्रोल पंप लूट के एक इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि 18 मई 2020 को कार सवार अज्ञात बदमाश सरिए व शराब की बोतल लेकर जगन्नाथ पेट्रोल पंप पहुंचे। जहां पेट्रोल पंप संचालक नीरज मीणा द्वारा लॉकर की चाबी नहीं देने पर बदमाशों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान वे सेल्समैन की जेल से करीब 42 हजार रूपये लूटकर फरार हो गए थे। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर तलाश शुरू की लेकिन सफलता नहीं मिली। इस पर एसपी ने फरार बदमाश पर इनाम घोषित किया था।

बताया जाता है कि शुक्रवार को साइबर सेल एवं स्पेशल टीम को आरोपी अशोक कुमार उर्फ धोल्या मीणा निवासी बंध की ढाणी छारेडा नांगल राजावतान के जयपुर में होने की सूचना मिलीए सूचना मिलते ही टीम जयपुर पहुंची तथा मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में उत्कृष्ट प्रस्ताव पर सम्मान मिलेगा

**लालसोट।** स्वच्छ भारत कार्यक्रम के स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के टेक्नोलॉजी चैलेंज के लिए भारत सरकार द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में अब तक किए गए प्रयासों के अतिरिक्त विशेष क्या किया जा सकता है। इससे क्षेत्र संपूर्ण स्वच्छता की ओर अग्रसर हो इसे लेकर भारत सरकार द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 टेक्नोलॉजी चैलेंज के तहत आम जनों से सुझाव प्रस्ताव के रूप में मांगे गए हैं। नगर पालिका लालसोट मंडावरी की अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 टेक्नोलॉजी चैलेंज के लिए आमजन स्टार्टअप कंपनी शैक्षिणक संस्थान सामाजिक संगठन से सामाजिक सामाजिक समायोजन जीरो डंप प्लास्टिक कचरा प्रबंधन तथा पारदर्शिता श्रेणी के अंतर्गत आवेदन मांगे जाने हैं। भारत सरकार द्वारा प्राप्त आवेदनों में से उत्कृष्ट प्रस्ताव का चयन कर सम्मानित किया जाएगा। उपरोक्त श्रेणियों में स्वच्छ टेक्नोलॉजी चैलेंज के तहत आवेदन इच्छुक व्यक्ति संस्था आदि निर्धारित प्रपत्र में अगामी 14 जनवरी शाम 4 बजे तक नगरपालिका कार्यालय एवं नोडल अधिकारी स्वच्छता सर्वेक्षण के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

# 50 दिव्यांगों को मिली ट्राई साइकिल


**देवली में आम्रपाली प्रशिक्षण संस्थान ने दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण की।**

**देवली,** (निसं)। स्थानीय आम्रपाली प्रशिक्षण संस्थान ने शुक्रवार को गांधी पार्क के जैन मंदिर में निशक्तजन व दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण किए जाने का कार्यक्रम आयोजित किया । संस्था की सचिव माया सुवालका ने जानकारी में बताया कि। योजनान्तर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार व संस्थान के सहयोग से 100 ट्राई साईकिल वितरण किए जाने का कार्यक्रम 7 जनवरी से प्रारंभ किया है।

इस ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम में कोविड 19 की पालना करते हुए। ट्राई साइकिल वितरण दो चरणो में 50-50 कुल 100 निशक्तजन को लाभार्थी बनाया जाएगा। सचिव माया ने बताया कि शुक्रवार को निशक्तजन के बीच ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवल खान सहायक निदेषक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग टोंक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चान्दमल जैन ने की। वही डॉ. सी.पी. बैरवा सआतद हॉस्पीटल, टोंक एवं कांग्रेसी नेता सत्यनारायण बूलियां विषिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे। कार्यक्रम के अतिथि रूप में राजकीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य बन्ना लाल वर्मा एवं सुशीला देवी प्रधानाचार्य राबाउमावि , चेतन प्रकाश जैन आमंत्रित हुए । कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षक दशरथ शर्मा बखूबी निभाया। वहीं मौजूदा पत्रकारों का सम्मान भी किया । इस कार्यक्रम में संस्थान की सचिव माया सुवालका एवं डायरेक्टर राहुल सुवालका ने अतिथिगणो का स्वागत सत्कार करते हुए निशक्तजन को 50 ट्राईसाईकिल वितरण के साथ-साथ भविष्य में आगे बढने का संदेश दिया।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 107 मरीज लाभान्वित

**श्रीमाधोपुर।** निकटवर्ती ग्राम गोविंद सिंह वाली ढाणी में नंदघर परियोजना अनिल अग्रवाल फाउडेशन वेदांता समूह एवं सहयोगी संस्था हुमाना पीपल टू पीपल इण्डिया के संयुक्त प्रयास एवं धायल हॉस्पिटल के सहयोग से श्रीमाधोपुर ब्लॉक के नंद घर गोविंद सिंह वाली ढाणी में गुरुवार को धायल हॉस्पिटल के सीईओ डा .एच एस धायल के निर्देशन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें क्षेत्र के गोविंद सिंह वाली ढाणी एवं किकारियो की ढाणी नन्द घर एरिया के लोगों ने चिकित्सा सेवाओं का लाभ लिया। शिविर में ओ पी डी,ब्लड प्रेशर,रैंडम ब्लड शुगर, वेट, हाइट एवं मेडिसन की सुविधाएं निःशुल्क दी गई तथा निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 107 मरीजों की जांच कर लाभांवित किया। इस स्वास्थ्य शिवर मे धायल हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम से आंख, नाक, कान व गला रोग ,नवजात, बाल रोग व जनरल पिजियशन विशेषज्ञों ने अपनी सेवाए दी ।इस कैंप के माध्यम से नंद घर एरिया के गरीब लोगों को भी स्वास्थ सेवाओं का लाभ मिल रहा है तथा इससे लोग बहुत खुश हैं।

## बालाजी मंदिर में चोरी

**देवली,** (निसं)। शहर के एजेंसी एरिया स्थित नेवरबाग बालाजी मंदिर में गुरुवार रात चोरों ने खराब मौसम का फायदा उठाते हुए दान पेटी तोड़कर उसमें रखी राशि चुरा ली। वारदात का पता सुबह मंदिर पुजारी के पहुंचने पर लगा। जहां मंदिर का ताला तथा दान पेटी टूटी हुई मिली।

सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा वारदात की बारीकी से जानकारी ली। मंदिर पुजारी दशरथ वैष्णव ने बताया कि चोरों ने गुरुवार रात हो रही बारिश के बीच मंदिर में ताला तोडकर भीतर प्रवेश किया तथा बालाजी की प्रतिमा के सामने लगी जाली पर लगे दानपेटी को तोड डाली। वही दान पेटी रखी राशि चोरों ने चुरा ली। पुजारी ने बताया कि दानपेटी पिछले दो माह से नहीं खोली गई थी। ऐसे में पिछले दो माह से एकत्र हुई धनराशि चोरी हुई गई।

## पौषबड़ा कार्यक्रम आयोजित

**मंडावरी।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित संत शिरोमणि महर्षि बालीनाथ धाम पर महर्षि बालीनाथ बैरवा विकास समिति एवं बालीनाथ उधम सहकार समिति के तत्वावधान में पोस बड़ा कार्यक्रम आयोजन के साथ धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। पोष बड़ा कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा प्रसादी प्राप्त कर ग्रहण किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान महर्षि बालीनाथ सत्संग मंडल एवं महर्षि बालीनाथ म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भक्ति व सांस्कृतिकता से ओतप्रोत धार्मिक संगीत की प्रस्तुतियां पेश की गई.. इस कार्यक्रम के दौरान धर्मावलंबी धर्म प्रेमी लोग मौजूद रहे।

### छात्रों ने जैविक उद्यान का भ्रमण किया

**थानागाजी।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थानागाजी की बीएससी तृतीय वर्ष जीव विज्ञान के नियमित विद्यार्थियों ने गुरुवार को नाहरगढ़ जैविक उद्यान जयपुर का शैक्षिणक भ्रमण डॉक्टर पुनर दत्त मीणा सहायक आचार्य प्राणी शास्त्र के मार्ग निर्देशन में किया। उद्यान में विद्यार्थियों ने अनेक शाकाहारी या मांसाहारी बनने जीवो का प्राकृतिक आवास में रहते हुए उनके व्यवहार खान-पान रहन-सहन इत्यादि की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की साथ ही सभी विद्यार्थी वन्यजीवों को प्रत्यक्ष प्रत्यक्ष रूप से देखकर अत्यंत प्रसन्न हुए तथा वन्यजीवों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली। भ्रमण के दौरान गौरव कुमार रेंजर नाहरगढ़ जैविक उद्यान के द्वारा छात्रों को वन्यजीवों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## छात्रों को कला किट बांटे

■ संक्रमण काल में लंबे समय तक स्कूल बंद रहने के कारण छात्र-छात्राओं का शिक्षा से जुड़ाव रखने हेतु कला किट वितरित की गई

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में प्राइमरी स्तर के कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को शुक्रवार के दिन विद्यालय परिसर में विद्यालय प्रशासन द्वारा कला किट का निशुल्क वितरण किया गया।

बेहतर एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षण एवं जानकारी देने के लिए उपयोगी कला किट को पाकर प्राइमरी छात्र-छात्राएं काफी खुश नजर आए। संस्था प्रधान जगदीश नारायण मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा एक से पांच तक के कुल 102 छात्र-छात्राओं को कलाकृति का निशुल्क वितरण किया गया। संस्था प्रधान ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रारंभिक स्तर पर बुनियादी शिक्षा एवं संख्या ज्ञान की समझ पर जोर दिया गया।

वार्षिक कार्य योजना 2021 व 2022 फाउंडेशन लिटरेसी न्यूमेसी अंतर्गत बालक बालिकाओं को गतिविधि व गुणवत्ता आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने एवं संक्रमण काल में लंबे समय से स्कूल बंद रहने के कारण छात्र-छात्राओं का शिक्षा से जुड़ाव व अधिगम को निर्बाध जारी रखने हेतु कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को सीखने के लिए सरल सहज व रोचक आनंददाई बनाने के लिए विद्यार्थियों को कला किट वितरित की गई। इस दौरान विद्यालय के कमलेश कुमार मीणा अलका गुप्ता विष्णु कुमार शर्मा सांवलाराम मीणा जय प्रकाश शर्मा आदि अध्यापक मौजूद रहे।

# प्रशासन शहरों के संग अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर ईओ, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सम्मानित

■ कार्यशाला में मिला सम्मान, 611 पट्टों का हुआ था वितरण

**नैनवा।** नगर पालिका द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान में सरकार की मंशा अनुरूप कार्य करते हुए शिविरों में प्राप्त हुए प्रकरणों के समय पर एवं अधिक से अधिक निपटारे पर वह पट्टे वितरण को लेकर नैनवा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेंद्र कुमार मीणा एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम भाई गुर्जर व पालिका उपाध्यक्ष आबिद हुसैन को एक कार्यशाला में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की गई।

गुरुवार को नैनवा नगर पालिका परिसर में मंत्री अशोक चांदना द्वारा नगर पालिका द्वारा बनाए गए 611 पट्टों का वितरण किया था। जहां अल्प समय में बड़े पैमाने पर पट्टे बनाने को लेकर मंत्री चांदना द्वारा भी नगर पालिका प्रशासन की तारीफ की गई थी। शुक्रवार को नगर पालिका क्षेत्र की ग्रैंड परमेश्वरी होटल में आयोजित एक कार्यशाला के दौरान नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी अध्यक्ष उपाध्यक्ष अधिक उत्कृष्ट कार्यो पर स्वायत शासन विभाग के निदेशक व जिला कलेक्टर व अन्य अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही पट्टा बनवाने में विशेष सहयोग पर कांग्रेस के युवा नेता रामू गुर्जर को भी सम्मानित किया गया।

कार्यशाला के दौरान स्वायत शासन विभाग के निदेशक जिला कलेक्टर ने कहा कि नैनवा नगर पालिका द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान के दौरान अल्प समय में किया गया पट्टा वितरण सराहनीय है वही शिविर के दौरान पालिका प्रशासन द्वारा प्राप्त प्रकरणों का बेहतर ढंग से प्रिया नमन करते हुए उनका निपटारा करना काबिल काबिले तारीफ है। गौरतलब है कि नैनवा नगर पालिका प्रशासन शहरों के संग अभियान में पट्टा वितरण में जिले में प्रथम एवं संभाग में दूसरे पायदान पर आई है। प्रशासन शहरो के संग अभियान कोटा संभाग मै नैनवा नगरपालिका का दितीय और बूंदी जिले मै प्रथम स्थान आने पर स्वायत शासन विभाग के निदेशक दीपक नंदी एवं रेणु जयपाल कलेक्टर बूंदी, डीडीआर कोटा दिप्ती मीणा और संभागीय पर्यवेक्षक आर.डी.मीणा द्वारा नैनवा अधिशासी अधिकारी सुरेन्द्र मीणा,अध्यक्ष प्रेम बाई गुर्जर और उपाध्यक्ष आबिद हुसैन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया।

इस दौरान कोटा संभाग के नगरीय निकाय के अधिकारी,जनप्रतिनिधि और स्वायत शासन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



**नैनवा में कार्यशाला के दौरान डीएलबी निदेशक द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अध्यक्ष को सम्मानित किया।**

### 'नवीन मेडिकल कॉलेज हेतु अतिरिक्त भूमि के लिए दिशा निर्देश जारी'

**अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता एवं कारागर विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि मेडिकल के विद्यार्थियों के लिए अलवर में एक बड़ी सौगात लेकर आए नवीन मेडिकल कॉलेज के संचालन हेतु अतिरिक्त भूमि के आवंटन के लिए दिशानिर्देश जारी हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि अलवर जिले में ईएसआई मेडिकल कॉलेज की शुरुआत के बाद यहां मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए अतिरिक्त भूमि आवंटन की प्रक्रिया पिछले लंबे समय से प्रक्रियाधीन थी। जिसको राज्य सरकार ने अमलीजामा पहनाते हुए विभाग के संयुक्त शासन सचिव के एल स्वामी ने नवीन मेडिकल कॉलेज के संचालन हेतु अतिरिक्त भूमि आवंटन के संबंध में पत्र जारी किया है। केंद्रीय कारागृह अलवर जेल की भूमि से संशोधन कर जेल विभाग के नाम से खारिज कर राजस्थान भू राजस्व नियम 1963 के तहत नवीन मेडिकल कॉलेज संचालन हेतु चिकित्सा शिक्षा विभाग को निशुल्क आवंटन किए जाने की राज्य स्वीकृति जारी कर दी है।

## सार-समाचार

### इन्दिरा रसोई में पानी जैसी दाल मिलने पर सभापति नाराज



**अलवर,** (निसं)। नगर परिषद अलवर के सभापति मुकेश सारवान शुक्रवार को अचानक इंदिरा रसोई पहुंच गए। 8 रुपए देकर खाने का टोकन लिया फिर रोटी, दाल व चावल खाकर भोजन की क्वालिटी परखी। इसके बाद रसोई के ठेकेदार को नोटिस देने के आदेश जारी कर दिया। असल में दाल पानी की तरह पतली मिली व रोटी भी बहुत अच्छी नहीं मिली। इसके अलावा आसपास साफ-सफाई भी कम थी। सभापति मुकेश सारवान ने कहा कि इंदिरा रसोई योजना मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गरीबों को समर्पित की है। ताकि विशेष परिस्थिति में गरीब लोग खाना खा सके। वैसे कोई भी व्यक्ति 8 रुपए देकर खाना खा सकता है। सभापति ने अलवर के बस स्टैंड स्थित रसोई में पहुंचे। वहां खाना खाया। इसके बाद केडलगंज व रेलवे स्टेशन सहित तीनों जगहों पर इंदिरा रसोई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सभापति ने खाना खाने वाले लोगों से पूछा कि 8 रुपए से अधिक पैसे तो वसूल नहीं किए जा रहे हैं। लेकिन अधिक राशि लेने जैसी बात सामने नहीं आई। इसके अलावा रजिस्टर भी चेक किया गया। सभापति ने कहा कि सफाई व्यवस्था तुरंत दुरुस्त कराई जाएगा। आगे से गंदगी मिली तो बर्दाश्त नहीं होगा।

### मूर्ति स्थापना कार्यक्रम आयोजित

**निवाई।** बडागांव में आयोजित बाबा रामदेव मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में प्रधान रामअवतार लांगडी ने भाग लिया। इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर प्रधान रामअवतार लांगडी ने सामुदायिक भवन बनाने के लिए 11 लाख रुपये की घोषणा की। लांगडी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे लिए मेले, लोक देवता और लोक संस्कृति का महत्वपूर्ण स्थान है। लोक संस्कृति से विदेशों में रहने वाले भारतीय भी अपने गांव को हमेशा अहमियत देते है। आयोजन समिति द्वारा प्रधान और अन्य अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। प्रधान गांव सींदडा के बालाजी मंदिर में पौषबडा महोत्सव में शामिल होकर ग्रामीणों से रूबरू होकर समस्या जानी और समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर खेमराज मीणा, विरेन्द्र गौतम सहित कई लोग मौजूद थे।

### तीन मोटरसाइकिलें चोरी

**निवाई।** गुरुवार की शाम को तीन अलग-अलग स्थानों से वाहन चोर तीन मोटरसाइकिल चुराकर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम करीब सात बजे पुलिस थाने के पास नेशनल जिम के बाहर खडी थी जिसे चोर चुराकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित से जानकारी ली। इसी दौरान पुलिस को दीनदयाल कॉलोनी से दो बाईक चोरी होने की सूचना मिली जिस पर पुलिस दीनदयाल कॉलोनी पहुंची। सब इंस्पेक्टर अरविंद लक्षकार ने बताया कि गुरुवार की शाम को नेशनल जिम के बाहर युवराज बैरवा की बाईक को अज्ञात चोर चुरा ले गए। इसी प्रकार दीनदयाल कॉलोनी की गली नंबर 3 से हेमराज चौधरी तथा गली नंबर चार से धर्मराज गुर्जर की बाईक को चोर चुराकर फरार हो गए।

### बालक-बालिकाओं को जर्सी, टोपे दिये

**दौसा,** (निसं)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय बैरवा ढाणी एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय मोडा पाला वास में शुक्रवार को नन्हे बालक-बालिकाओं को जर्सी, टोपे एवं मास्क वितरित किये तथा बालक-बालिकाओं को केसर, पिस्ता युक्त दूध भी पिलाया। इस अवसर पर उप जिला कलेक्टर संजय गोरा तथा विधिक चेतना प्राधिकरण के सचिव प्रदीप कुमार ने शिक्षार्थियों को संबोधित भी किया। इनरव्हील क्लब दोसा की ओर से बैरवा ढाणी में जर्सी वितरण किया गया। पूर्व सरपंच किरण डोरिया की ओर से ऊनी टोपे एवं मास्क बांटे गए। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब की सदस्य लीना वधावन, सुनीता जैन, मंजू खंडेलवाल, मीना मीणा, रोटरी क्लब के अध्यक्ष शंकर सोनी, मधुसूदन शर्मा तथा लोक कलाकार ओम प्रकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

### प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला

**बौंली।** क्षेत्र में कोरोना पॉजिटिव की बढ़ती संख्या को देखकर प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकालकर कोरोना गाइडलाइन की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मलारना डूंगर उपखंड मुख्यालय के खिरनी भाडौती व भारजा नदी में मिले एक-एक कोरोना पॉजिटिव को देखते हुए एसडीएम योगेश कुमार डागुर थाना प्रभारी धनराज मीणा व चिकित्सा अधिकारियों के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकालकर दुकानदारों व राहगीरों को कोरोना गाइडलाइन की पालना करने के निर्देश दिए। बौंली उपखंड मुख्यालय पर एसडीएम बद्रीनारायण मीणा के नेतृत्व में प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकालकर सदर बाजार व अन्य जगह पर दुकानदारों व अन्य लोगों को मास्क लगाकर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए करो ना गाइडलाइन के निर्देश दिए।

### पशु चिकित्सा शिविर लगाये



**चौमूं / कालाडेरा।** एन एच 52 पर स्थित ग्राम राजावास के मोटू का बास के नन्दघर केन्द्र व आस पास के गांवों में अनिल अग्रवाल फाउंडेशन व ममता हैल्थ इन्स्टीटयूट फॉर मदर एण्ड चाइल्ड के तत्वावधान में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. राजबहादुर ने पशुपालकों को पशुओं में होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ठण्ड के मौसम में पशुओं में आमतौर पर खुरपका - मुंहपका रोग, गलाघोंटू , लंगड़ी, चेचक, निमोनिया व बछडो में खांसी संबंधित रोग होते हैं। इसके अलावा दुधारू पशु गाय, भैंसों में थनैला रोग लगने की सम्भावना हो हैं। सही समय पर बीमार पशुओं का इलाज नहीं होने के कारण पशु की मौत हो जाती है। शिविर में जालसू ब्लॉक के क्लस्टर कोर्डिनेटर मीना चोपड़ा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बीणा यादव ने सहयोग किया। उपचार के बाद पशुओं का स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा साथ ही दुध का उत्पादन भी अधिक होगा। शिविर में 15 पशुओं का स्वास्थ्य चेकप किया गया व 20 पशुओं को हो रही बीमारीयों की दवाई दी गई साथ में 91 पशुओं के टीका करण किया गया।

### तीन दुकानों से सैम्पल लिये

**बौंली।** क्षेत्र के मलारना डूंगर उपखंड मुख्यालय के मुख्य बाजार में आज राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा की टीम ने तीन दुकानों पर छापा मारकर उसके सैंपल लिए। जानकारी के अनुसार टीम में शामिल पदम सिंह परमार ने अपने साथ मलारना डूंगर गिरदावर राम दयाल मीणा व हल्का पटवारी प्रेम राज गुर्जर व टीम में शामिल मोहम्मद असलम के साथ पुलिस जवानों को लेकर मलारना डूंगर के बाजार में शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत मिठाई के सैंपल लिए इस दौरान अनेकों व्यापारी दुकानें बंद कर भाग छूटे।

### महामृत्युंजय का जाप किया

**निवाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सकुशल पंजाब से वापस लौटने और उनके दीर्घायु जीवन की कामना को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की ओर से टोंक जिले के सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर शिव मंदिरों में महामृत्युंजय का जाप किया गया। टोंक जिला अध्यक्ष राजकुमारी शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मालपुरा, टोडारायसिंह,उनियारा, देवली व निवाई में महामृत्युंजय का जाप किया और भगवान शिव से मोदी जी की लंबी उम्र की प्रार्थना की। इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिला स्तर पर सैकडों कार्यकर्ताओं ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के लिए महामुत्युजय का जाप किया।

## संक्षिप्त

### अतिक्रमण मुक्त होगी चारागाह भूमि

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा व निकटवर्ती ग्राम पंचायत लाडाकाबास में चारागाह की जमीनों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए पावटा एसडीएम राजवीर सिंह व तहसीलदार पावटा मुकेश अग्रवाल द्वारा गांव झींडागढ की चारागाह भूमि से 13 जनवरी को अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी किए गए हैं। पूर्व में दो बार आदेशों कि पालना नहीं हुई हर बार पुलिस मुहैया नहीं कराई तो अब प्रागपुरा थाना प्रभारी हवासिंह से तहसीलदार मुकेश अग्रवाल ने बातचीत कर संशोधित आदेश जारी कर चारागाह की जमीनों को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिये। जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

### किसान सभा का सदस्यता अभियान

**रींगस।** अखिल भारतीय किसान सभा तहसील खण्डेला में सदस्यता अभियान तेज गति से चल रहा है। किसान सभा के तहसील सचिव केशाराम धायल ने बताया कि किसान आन्दोलन में सक्रियता लाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। किसान सभा और संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा घरेलू बिजली के बढे हुए दाम वापस लेने आवारा पशुओ की व्यवस्था करनें सहित अनेक मुद्धो को लेकर जन जागरण किया जा रहा है। इस दौरान भूदाराम बीरबल बगडिया,बीन्जाराम, रोलानियां, शिवराम बराला,राजेन्द्र जांगिड सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### विद्यालय स्टाफ ने रैली निकली

**श्रीमाधोपुर।** ग्राम पंचायत स्तरीय कोर कमेटी,भारणी द्वारा कोरोना जागरूकता अभियान रैली राउमावि भारणी से भागीरथ मल सरपंच भारणी व हरफूल सिंह, प्रधानाचार्य राउमावि भारणी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें ग्राम पंचायत के सभी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया, सोहन सिंह निठारवाल कृषि अधिकारी, ग्राम वासी व स्कूल कमेटी सदस्य व विद्यार्थियों ने रैली में भाग लिया।

### रींगस में सर्दी ने दिखाए तेवर

**रींगस।** अंचल में शुक्रवार को सर्दी के तेवर तीखे रहे। हवा चलने से ठिठूरन बढ गई। अलाव तापने के बावजूद राहत नही मिली। बादल छाये रहने से सर्दी का सितम ज्यादा तीखा नजर आया।

# गरीब की मदद भी करेंगे और कोरोना से जंग भी जीतेंगे: एसडीएम सहारण

- सर्दी में गरीबों के प्रति एसडीएम का सेवा भाव लोगों को कर रहा प्रेरित



**किशनगढ़ बास की सपेरा बस्ती में सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले गरीब बच्चों को एसडीएम ओमप्रकाश सहारण ने जर्सियां वितरित की।**

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** सर्दी में कोई गरीब निर्धन व्यक्ति का बच्चा सरकारी स्कूल में पढ़ने के लिए बिना गर्म कपड़ों के नहीं आए इसके लिए किशनगढ़ बास एसडीएम की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के चलते शुक्रवार को किशनगढ़ बास के सपेरा बस्ती और गांव ओदरा के सरकारी स्कूलों में 251 गरीब बच्चों को भामाशाह के सहयोग से एसडीएम ने जर्सियों का वितरण किया। इससे पहले शिक्षकों के सहयोग से गांव लंगड बास में 101 बच्चों को जर्सी वितरण की गई।

एसडीएम क का कहना है कि किसी भी अच्छे कार्य की पहल खुद से करनी होती है तभी लोगों का जुडाव होता है। सडीएम ने कहा कि पिछले दिनों ठंड भरी सर्दी में रात को खैरथल रेलवे स्टेशन पर गरीब बेसहारा व्यक्तियों को उनके द्वारा कंबल वितरण करने की बात जब कार्मिक अधिकारियों पता लगी तो उन्होंने कहा हम भी इस पुनीत कार्य में भागीदार बनकर गरीब असहाय लोगों की मदद करना चाहते हैं। ऐसे ही किशनगढ बास के गांव लंगडबास के सरकारी स्कूल में अभी हाल ही में कार्यरत शिक्षक व कार्मिकों ने अधिकारी को कहां स्कूल में पढने वाले करीब 101 गरीब बच्चों को जर्सी वितरण करना चाहते हैं।

गरीब असहाय व्यक्ति के प्रति प्रशासनिक अधिकारी के सेवा और समर्पण के भाव की चर्चा सरकारी कार्यालयों में कार्यरत अधिकारी कार्मिकों के साथ साथ राजनेताओं से लेकर व्यापारियों और आमजन के बीच होने लगी है। चर्चा हैं अधिकारी घर से जब ऑफिस व फील्ड के लिए निकलते हैं तो रास्ते में यही देखते हैं कि कोई गरीब व्यक्ति गर्म कपडों के अभाव में ठंड से परेशान तो नहीं है वह केवल देखते ही नहीं बल्कि दिखाई देने पर गाडी रोक कर ठंड से परेशान हो रहे व्यक्ति को गर्म कंबल देने के साथ बात कर बाद में ऑफिस बुलाकर सरकारी मदद भी दिलाते हैं।

शुक्रवार को एसडीएम ओमप्रकाश सहारण भामाशाहों के सहयोग से गरीब बच्चों के लिए एकत्रित की गई गर्म जर्सी लेकर किशनगढबास के गांव मोठूका की सपेरा बस्ती और गांव ओदरा के सरकारी स्कूल में वितरण के लिए पहुंचे। दोनों स्कूलों में 251 बच्चों को गरम जर्सी का वितरण किया गया। एसडीएम ने बताया लंगडबास के सरकारी स्कूल में शिक्षकों के सहयोग से पिछले दिनों बच्चों को गर्म जर्सी वितरण की गई। उस दौरान जब बालक बालिकाओं से बात की और उनकी स्तिथि को देखा व जाना तो अन्य सरकारी स्कूलों पढने जा रहे बालक बालिकाओं का ख्याल आया और उन्होंने उसी दिन तय कर लिया की इस कार्य को अभियान के रूप में लेना है। ओर स्कूलों में पढने वाले गरीब बच्चों को ठंड से बचाव के लिए जर्सी मुहैया करानी है।

एसडीएम ओमप्रकाश सहारण का कहना है कोरोना की तीसरी लहर दस्तक दे चुकी है। हमें और समझना और लोगों को समझाना होगा कि बिना मास्क के प्रवेश नहीं व बिना मास्क के बाहर निकलना नहीं है। तभी हम मिलकर कोरोना से लडाई को जीत पाएंगे।

## 'किसानों की मांगों को आने वाले बजट में पूरा करें'

- किसान महापंचायत ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया

**टोंक, (निसं)।** टोंक जिले के किसानों की मांगों को पूरा करने की घोषणा आने बजट में पूरी करने की मांग किसान महापंचायत ने मुख्यमंत्री से जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर की है।

किसान महापंचायत के प्रदेश मंत्री रतन खोखर, रामप्रसाद जाट, रामकिशन जाट, बंशी खाती, गोपाल बैरवा, पप्पू, गौरुलाल सैनी, भरत मीणा, मुरली आदि ने जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में बताया कि किसान महापंचायत की कृषि मंडी में गोष्ठी में प्रमुख मांगों पर चर्चा की गई और ज्ञापन देने के निर्णयानुसार प्रमुख मांगों का लेकर ज्ञापन दिया, जिसमें मांग की है कि बीसलपुर बांध का ओवर फ्लो पानी टोरडी सागर व घारेडा सागर में ढाला जाएं। 2 फीट भराव क्षमता बढाकर कच्ची नहरो को पक्की की जाएं। टोंक जिले के सभी जीएसएस समर्थन मूल्य खरीद केन्द्रों पर फ्लेट फार्म व टीन शेड बनाया जाएं। प्रत्येक किसान से 25 क्विंटल की जगह 40 क्विंटल सरसों, चना की खरीद करे। टोडारायसिंह गौण मंडी को पूर्ण मंडी की घोषणा करे।

2017 में भाजपा सरकार ने भी एवं वर्तमान गहलोत सरकार ने फरवरी के पिछले बजट में पूर्ण मंडी का दर्जा देने की घोषणा की थी, लेकिन आज भी अधुरी है। टोंक जिला मुख्यालय पर समंवित नाशीजीव प्रबंध प्रयोगशाला खुलवाने की घोषणा करे। जिले के किसानों की खरीफ फसले बारिश के कारण हुई खराब का मुआवजा दे व बीमा क्लेम दिया जाएं। कृषि मंडी मे कार्यरत पलेदारों को 60 साल के बाद 2000 रूपए की पेंशन की घोषणा करे। इन मांगों को आने वाले बजट में घोषणा करे, अन्यथा किसान आंदोलन पर उतरेगे।

## फ्लैग मार्च निकाल जागरूक किया

**चौरू/उनियारा,(निस)** उनियारा में कोरोना वायरस की तीसरी लहर से बचाव के लिए आमजनों को जागरूक करने हेतु फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया।

फ्लैग मार्च उनियारा थाने से प्रारंभ होकर मैन बाजार से होते हुए विभिन्न मार्गों से निकाला गया।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस उपाधीक्षक शकील अहमद खान, उनियारा सर्किल थानाधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों ने लोगों को लापरवाही नहीं बरतने, हमेशा मास्क लगाने, भीड़ से बचने ,दो गज की दूरी बनाए रखने सहित अन्य सावधानियां बरतने हेतु जागरूक किया। ताकि समय रहते हुए कोरोना की तीसरी लहर से बचा जा सके तथा सभी का जीवन हमेशा सुरक्षित बना रहे। इस अवसर पर उनियारा पुलिस उपाधीक्षक शकील अहमद खान , उनियारा सहायक थानाधिकारी चावण्ड सिंह, एएसआई महावीर,पलाई चौकी इंचार्ज नरेंद्र सिंह,बनेठा थानाधिकारी राजमल, अलीगढ़ थानाधिकारी गोपाल सिंह राणावत,सोप थानाधिकारी देवेन्द्र सिंह सहित कई अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद थे।

## नवजात शिशु की देखभाल करने का प्रथम कर्तव्य उसकी मां का होता है : शर्मा

- 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत महिला अधिकारिता विभाग ने बैबी किट बांटे

**फागी, (निसं)।** राज्य सरकार के निर्देश पर महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत शुक्रवार को फागी उपखंड मुख्यालय की दूदू रोड पर स्थित उपजिला चिकित्सालय के महिला वार्ड में नवजात शिशुओं को जन्म देने वाली 4 नवजात बच्चियों की माँ को महिला अधिकारिता विभाग की ओर से बैबी किट वितरित किए गए।

फागी ब्लॉक सुपरवाइजर मंजू सैनी एवम माधोराजपुरा सुपरवाइजर ज्योति कंवर ने इस योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को फागी उपजिला अस्पताल में फागी ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी दिनेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बेबी किट वितरित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ब्लॉक सीएमएचओ दिनेश कुमार शर्मा ने उपस्थित नवजात शिशुओं को जन्म देने वाली महिलाओं एवम उनके साथ अन्य महिलाओं को बच्चो के लालन-पालन, स्वछता व पोष्टिकता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि नवजात शिशु की देखभाल करना प्रथम कर्तव्य उसकी मां का होता है, मां को अपने शिशु की देखभाल व पौष्टिक आहार देने में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रखनी चाहिए, जिससे बच्चा कुपोषण का शिकार नहीं होगा।इस मौके पर उपजिला अस्पताल के प्रभारी अतुल सक्सेना, ब्लॉक सुपरवाइजर मंजू सैनी एवं ज्योति कंवर ने भी बच्चियों के साथ साथ वहाँ उपस्तिथ अन्य महिलाओ को जागरूक किया।

## विकास कार्यों के लिये धन की कमी नहीं आने दी जायेगी : कुमावत

- विद्यालय में कमरों की आधारशिला रखी

**सांभरझील,(निसं)।** फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत ने कहा है कि विकास कार्यों के लिये मेरी ओर से किसी भी प्रकार की कोई धन की कमी नहीं आने दी जायेगी, उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में समान रूप से सभी को मूलभूत सुविधायें मिलती रहे,इसके लिये मेरी ओर से भरसक प्रयास पहले भी किये जाते रहे हैं और आगे भी निरन्तर करता रहूंगा।

ग्राम पंचायत डूंगरसी का बास के देवलिया ग्राम स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय समसा व डीएमएफटी योजनान्तर्गत बनने वाले चार कमरों का शिलान्यास करते हुये उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा प्राप्त करना सभी मौलिक अधिकार है, कोई भी शिक्षा से वंचित नहीं रहे इसके लिये सभी को सरकार की मंशा के अनुरूप काम करना चाहिये, क्योंकि आज की युवापीढी बेहतर तकनीकी शिक्षा हासिल कर नये भारत का निर्माण करने में अपनी भूमिका निभा सकती है, इसलिये तकनीकी ज्ञान भी उतना ही जरूरी है। इस अवसर पर विधायक कुमावत ने स्कूल में बच्चों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये विधायक कोष से शौचालय निर्माण कराये जाने व क्षितग्रस्त चारदीवारी निर्माण बनाये जाने की घोषणा पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने उनका करतल ध्वनि के साथ उनका अभिनन्दन किया। इस मौके पर रेनवाल प्रधान संतोष वर्मा, सरपंच पिंकी कुमावत सहित अनेक लोगों की उपस्थिति रही।

## सांभर में 1152 बच्चों को वैक्सीन लगाई

**सांभरझील।** स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सांभर की तरफ से 15 से 18 वर्ष के 1152 बच्चों को कोरोना से बचाव के लिये कोवेक्सीन का पहला टीका लगाया जा चुका है, इस प्रकार सांभर सीएचसी ने निर्धारित समय से पहले ही करीब 85 प्रतिशत का आंकडा बच्चों को टीका लगाने का पार कर लिया है। सीएचसी प्रभारी अधिकारी डॉक्टर महेश वर्मा से बात करने पर बताया कि इस काम में स्वास्थ्य विभाग की टीम को घर घर सर्वे के लिये पहले से ही तैयार कर आंकडे जुटाये जा चुके थे, उसी अनुरूप यथा संभव नर्सिंग स्टाफ की ओर से अनेक स्कूलों में जाकर बच्चों का सावधानीपूर्वक टीकाकरण कर लिया गया है। डॉक्टर वर्मा ने भी यह भी बताया कि अभी ठण्ड का प्रकोप चरम पर है, ऐसी स्थिति में खांसी, जुकाम, बुखार हो सकती है, इसे हल्के में नहीं ले और सरकार की गाइड लाईन का पालन करते हुये स्वास्थ्य की जांच भी कराते रहे।

## हत्या एवं जानलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे में कुछ दिनों पूर्व टोंक रोड स्थित एक होटल पर हुए हत्या एवं जानलेवा हमले के आरोप में दो लोगों एवं एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण मृदुल कच्छावा आई.पी.एस. ने बताया कि पुलिस थाना चाकसू ईलाके में गरीब नवाज होटल पर कुछ दिनों पूर्व रात 10.40 बजे होटल मालिक मौ . रफीक के पुत्र काजिम खान व एक अन्य राजु उर्फ कालू नागौरी पर हुए जानलेवा हमले में काजिम खान की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई व राजु उर्फ कालू नागौरी गम्भीर रुप से घायल हो गया था तथा हमला करने वाले सुरेन्द्र उर्फ बाल्या गुर्जर व उसके साथी फरार हो गये थे उक्त मामले में थाने में तभी से प्रकरण दर्ज था और फरार आरोपियों की तलाश जारी थी।

घटना की गम्भीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर तभी से थाना अधिकारी यशवंत सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की तलाश जारी थी। थाना अधिकारी यशवंत सिंह ने बताया कि मामले को लेकर टीमों द्वारा घटना स्थल के आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये तथा फरार अभियुक्तगणों की तलाश ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई व आरोपी सुरेन्द्र उर्फ बाल्या व उसके साथीयो के हुलिया तथा फोटो ग्रामीणों को बताये गये व मुखबीर की सूचना पर प्रतापनगर ईलाके के होटल, धर्मशाला तथा रैस्टोरेन्टो में तलाश की गई तथा इण्डिया गेट के पास पेडों की आड से मुल्जिम सुरेन्द्र उर्फ बाल्या गुर्जर व राकेश उर्फ रिंकू गुर्जर को घेरा देकर पुलिस टीम ने पकड़ लिया। एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गिरफ्तार मुल्जिमान सुरेन्द्र उर्फ बाल्या गुर्जर व राकेश उर्फ रिंकूं गुर्जर को न्यायालय में पेश कर रिमाण्ड प्राप्त कर से अन्य साथीयो के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है ।

## सड़क हादसों में तीन घायल

**कोटपूतली।** स्थानीय थाना क्षेत्र व सरूण्ड थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर घायल हो गये, जिनमें दो लोगों को नाजुक स्थिती में जयपुर रैफर कर दिया। बीडीएम पुलिस चौकी प्रभारी भवानी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गोरधनपुरा पुलिया के निकट एक पैदल जा रहे रूड सिंह राजपूत निवासी राजनौता को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। जिसे यहां के राजकीय बीडीएम अस्पताल भर्ती कराया गया जहां से उसे गंभीर स्थिती में जयपुर रैफर कर दिया। इसी तरह सरूण्ड थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ा निहालपुरा के निकट बाईक के सामने अचानक नील गाय आ जाने से बाईक चालक रामफल पुत्र सुवालाल योगी व धर्मवीर पुत्र कुलदीप योगी निवासी खेडा निहालपुरा गंभीर घायल हो गये जिन्हें यहां के राजकीय बीडीएम अस्पताल लाया गया जहां रामफल की स्थिती गंभीर होने पर उसे जयपुर रैफर कर दिया।

## सार-समाचार

### गौ सेवा कर जन्मदिन मनाया



**पावटा।** सरपंच संघ जिलाध्यक्ष व भांकरी सरपंच मेहरसिंह धनकड ने जन्मदिन पर पाथरेडी गौशाला में गौ माता को कई प्रकार के फल व सब्जियों के व्यंजन खिलाये वहीं गौ माताओं को गुड और दलिया खिला कर वहां के सभी कर्मचारी व जरूरतमंद लोगों को हर वर्ष की भांति कंबल वितरण किए। वहीं गौ माताओं के लिए टीन सेड का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच संघ जिलाध्यक्ष व भाँकरी सरपंच मेहरसिंह धनकड ने कहा कि जन्मदिन गौ सेवा और समर्पण भाव के साथ गौशाला में मना कर जन्मदिन की सार्थकता सिद्ध हुई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चोबाला सरपंच प्रतिनिधि राजू धनकड, सावल राम गुर्जर, मुकेश गुर्जर, इरफान कुरैशी सहित गांव के गणमान्य लोगों ने साफा व माला पहनाकर जन्मदिन की बधाई देकर दीर्घायु और यशस्वी जीवन की कामना की। वहीं ग्राम भांकरी के उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभी छात्र- छात्राओं व समस्त स्कूल स्टाफ सहित पूर्व उपसरपंच महेश धनखड, वार्ड पंच सुरेश शर्मा, पंच जगदीश योगी, पंच मूलाराम, पंच नरेश सैनी, पंच लालाराम सैनी, पंच रंजीत गढवाल, कुलदीप शर्मा सहित गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे वे छात्रों ने केक काटकर के जन्मदिन मनाया।

### पानी का सैम्पल जांच के लिए भेजा

**टोंक, (निसं)।** देवली शहर के वार्ड नम्बर 10 के लोगों द्वारा बुधवार को उपखण्ड अधिकारी देवली भारत भूषण गोयल को दूषित पेयजल आपूर्ति के संबंधित ज्ञापन दिया गया था। इस संबंध में जल स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग उपखण्ड देवली के सहायक अभियंता दिनेश कुमार मीना ने बताया कि शहर के पटेल नगर स्थित फिल्टर प्लांट से व बीसलपुर परियोजना से शुद्ध फिल्टर पानी की आपूर्ति की जा रही है। शिकायत पर गुरुवार को वार्ड नम्बर 10 की पेयजल आपूर्ति की जांच करवाई गई है। पेयजल आपूर्ति के समय वार्ड के निवासी रूपम जिंदल के घर के पानी का सैम्पल लिया गया है। जिसको रासायनिक व जीवाणु जांच के लिए टोंक प्रयोगशाला में भिजवाया गया है।

### जानलेवा हमले का मामला दर्ज

**मालपुरा।** डिग्गी थाना क्षेत्र के मोतीपुरा गांव में बीते दिन ग्रामीण महेन्द्र जाट के घर में जबरन घुस कुछ लोगों द्वारा लाठियों से किये गये जानलेवा हमले व मारपीट को लेकर महेन्द्र जाट की ओर से डिग्गी थाने में मारपीट का मामला दर्ज करवाया गया। महेन्द्र जाट द्वारा दी गई रिपोर्ट में अवगत करवाया कि 5 जनवरी की सवेरे श्योराज, छोटु, जगदीश सहित आधा दर्जन से अधिक जनों ने जबरन उसके घर मे घुस उसके साथ मारपीट की। इस दौरान बीच बचाव करने आई उसकी पत्नि के साथ भी हमलावरों ने मारपीट कर उसके बाल पकड जमीन पर घसीटा। जिससे दोनो पति-पत्नि चोटिल हो गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

### छात्र-छात्राओं का हुआ टीकाकरण



**पावटा।** उपखंड पावटा की एकमात्र सीबीएसई द्वारा संचालित एम.एम.पब्लिक स्कूल में विद्यालय के चेयरमैन मनोज कुमार मित्तल के सानिध्य में 15-18 आयु के छात्र- छात्राओं का कोविड-19 टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध निदेशक अखिलेश्वर मिश्रा ने सभी छात्र छात्राओं को को-वैक्सीन की जानकारी प्रदान कर इस कठिन समय में सुरक्षा में ही बचाव का संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य शदेबा प्रसाद शर्मा ने छात्रों को सोशल डिस्टेंस, मास्क, हैंड सेनेटाइजर, आदि की उपयोगिता के बारे में बताया एवं राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन की पालना करने का संदेश दिया। टीकाकरण के लिए पीएचसी प्रागपुरा से अशोक एवं किरण बाला द्वारा टीकाकरण किया गया।

### नशा मुक्ति शिविर में मरीज लाभान्वित

**राजगढ।** लायंस क्लब की ओर से ब्राह्मण धर्मशाला में शुक्रवार को आयोजित मनोरोग एवं नशा मुक्ति शिविर में करीब 3 दर्जन मरीज लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के संयोजक दुष्यंत आर्य ने बताया कि इस शिविर का शुभारंभ डॉ. एस पी सिंह, एवं क्लब अध्यक्ष संजय राजस्थानी, खेम सिंह आर्य, मदन लाल शर्मा, एन एल वर्मा, वीरेंद्र दाधीच, कुलदीप सिंह आर्य एवं जय श्री राजपूत सहित अन्य की मौजूदगी में हुआ, क्लब के अध्यक्ष एवं अन्य क्लब सदस्यों की ओर से शिविर में आए चिकित्सक का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इस शिविर में करीब 3 दर्जन मरीजों की जांच कर निशुल्क दवा दी गई।

### फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**कोटपूतली।** स्थानीय थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए विगत 8 जुलाई को एक प्लाट पर कब्जा करने की नियत से कि गई फायरिंग के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सवाई सिंह ने बताया कि विगत 8जुलाई 2021 को यहां के बामनवास रोड़ स्थित एक प्लाट पर कब्जा करने के इरादें से जग्गी गुर्जर व उसके साथियों ने अवैध हथियार से फायरिंग की थी इस दौरान मिश्री देवी सैनी निवासी वार्ड नं.23 मौहल्ला बुचाहेड़ा को गोली लगने से वह घायल हो गई थी। पुलिस ने घटनाक्रम में लिप्त आरोपी मोहरसिंह पुत्र उग्रसैन गुर्जर निवासी कासू की ढ्राणी तन श्यामपुरा थाना बानसूर जिला अलवर को गिरफ्तार किया।

# गाइडलाइन के उल्लंघन पर सात दिन के लिए दुकान सीज होगी

- उपजिला कलेक्टर व एएसपी ने पुलिस एवं चिकित्सा टीम के साथ फलैग मार्च किया



**मालपुरा में उपजिला कलेक्टर आरके वर्मा, एएसपी राकेश कुमार बैरवा व बीसीएमओ संजीव चौधरी ने शहर में फ्लैगमार्च कर वैक्सिनेशन का जायजा लिया।**

**मालपुरा, (निसं)।** प्रदेश में तीव्र गति से बढ़ते कोविड के नये वैरियंट ऑमिक्रॉन संक्रमण की रोकथाम व राज्य सरकार द्वारा जारी की गई अतिरिक्त सर्तक सावधान जनअनुशासन दिशा निर्देशों की कडाई से पालना सुनिश्चित करने तथा वैक्सिनेशन की जमीनी हकीकत जांचने को लेकर शुक्रवार को उपजिला कलेक्टर रामकुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राकेश कुमार बैरवा बीसीएमओ डॉ. संजीव चौधरी,थाना प्रभारी कैलाश विश्नोई ने पुलिस व चिकित्सा विभाग की टीम के साथ शहर के बाजार मे फ्लैगमार्च करते हुए वैक्सिनेशन की जमीनी हकीकत जांची।

फलैगमार्च के दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियो ने व्यापारियो, फल सब्जी विक्रेताओं,मिठाई की दुकानो व खरीददारी कर रहे आमजन से वैक्सीनेशन की दोनों डोज लगवाने की प्रमाणिकता जांची। उपजिला कलेक्टर ने अवगत करवाया कि मास्क की अनिवार्यता, वैक्सीनेशन, सोशल डिस्टेंश व सैनेटाईज की अनिवार्यता के लिए प्रथम चरण में आज समझाईश की गई है। दोबारा जांच के दौरान बिना वैक्सीनेशन व गाईडलाईन उल्लघंन करते पाये जाने पर सात दिन के लिए दुकान सीज व चालान की कार्यवाही की जायेगी। एनआरएचएम ब्लॉक नोडल अधिकारी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को 15प्सल वाले 1 हजार युवाओं सहित कुल 1560 जनो को वैक्सीनेशन लगाया गया।

## 4 उप-स्वास्थ्य केंद्र भवनों का निर्माण होगा

**पावटा।** राज्य सरकार एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने विधायक इंद्राज गुर्जर की अनुसंशा पर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के पापडी, सुरपुरा, भामोद, निमली गांव के लोगों को तोहफा दिया है। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के चार गांवों में 1 करोड 64 लाख की लागत से 4 उप-स्वास्थ्य केन्द्रों के भवनों का निर्माण किया जाना है। इन उप-स्वास्थ्य केन्द्रों के बनने से ग्रामीणों को और ज्यादा आसानी से इलाज मिल सकेगा। वहीं विधायक इंद्राज गुर्जर ने बताया कि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने इन कार्यो के लिए राशि की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इसमें प्रति भवन के निर्माण पर 41 लाख रुपए व्यय होंगे। उप स्वास्थ्य केंद्रो के भवन निर्माण के लिए जारी वित्तीय स्वीकृति को को लेकर सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहर सिंह, कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय सैनी, पूर्व सरपंच गोपाल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विराटनगर सरपंच संघ अध्यक्ष शीशराम दायमा, इंडियन ऑइकन ओपी बायला, सुरेंद्र चावला, वरिष्ठ कांग्रेसी जितेंद्र यादव सहित सैकडों कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने विधायक इंद्राज गुर्जर का आभार जताया।

## 'प्रशासन शहरों के संग' अभियान की टोंक जिले की कार्यशाला आयोजित

- अभियान के दौरान किये गये कार्यों की सराहना की



**प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 की टोंक जिले की कार्यशाला आयोजित।**

**टोंक, (निस)।** राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 की टोंक जिले की कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख शासन सचिव कुंजीलाल मीणा द्वारा समस्त निकायों की निकायवार अभियान की प्रगति व समस्याओं की समीक्षा की गई। प्रमुख शासन सचिव द्वारा निकायों द्वारा अभियान के दौरान किये गये कार्यो की सराहना की।

कार्यशाला के दौरान अतिथियों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात नगर परिषद टोंक व अन्य सभी पालिकाओं की अभियान की प्रगति रिपोर्ट का प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात उपनिदेशक क्षेत्रीय द्वारा अभियान में आ रही समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। प्रमुख शासन सचिव द्वारा समस्त निकायों की निकायवार अभियान की प्रगति व समस्याओं की समीक्षा की गई। प्रमुख शासन सचिव द्वारा निकायों द्वारा अभियान के दौरान किये गये कार्यों की सराहना की तथा आगामी दिनो में भी अधिक से अधिक लोगों को पट्टे वितरित कर लाभान्वित करने हेतु लक्ष्य दिये गये।

कार्यशाला में जिला कलेक्टर टोंक चिन्मयी गोपाल, निदेशक आयोजना जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर विनय कुमार दलेला, उपनिदेशक प्रशासन एन.के. वर्मा, उपनिदेशक (क्षेत्रीय) अजमेर सम्भाग अनुपमा टेलर, पर्यवेक्षक अजमेर सम्भाग कृष्णअवतार त्रिवेदी, तकनीकी सलाहकार भीमसिंह, एसटीपी अजमेर भूपेन्द्र सिंह, नगर पालिका देवली अध्यक्ष नेमीचन्द जैन, उपाध्यक्ष सौरभ जिन्दल, पालिकाध्यक्ष निवाई दिलीप इसरानी, उनियारा मोनिका गुर्जर, टोडारायसिंह भरतलाल सैनी, आयुक्त नगर परिषद धर्मपाल जाट, अधिशाषी अधिकारी देवली सुरेश मीणा, निवाई महिमा डांगी, टोडारायसिंह नमन, मालपुरा नवरतन शर्मा, उनियारा हेमेन्द्र कुमार, परिषद केम्प प्रभारी हजारी लाल भील व सह प्रभारी मो. उमर खान आदि मौजूद थे।



यह कोच चाहते थे की मै सत्रह का कम से कम 80 प्रतिशत समय उनके देश में बिताउ और यह शर्त मुझे स्वीकार नहीं थी । मैं आधा समय बिताने को तैयार था लेकिन कोई भी भारत आने को तैयार नहीं था। इसलिए मैंने भारतीय कोच के साथ ट्रेनिग करने का फैसला लिया -बजरंग पुनिया

**भारतीय पहलवान**, भारत में अभियास को लेकर




आज का खिलाड़ी

## डेविड वॉर्नर



सनराइजर्स हैदराबाद ने जिस तरह से वॉर्नर को टीम से निकाला, वह उससे खुश नहीं थे। उन्होंने कई बार सोशल मीडिया पर इसको लेकर अपना नाराजगी भी जाहिर की है। डेविड वॉर्नर ने एक शो में बातचीत के दौरान कहा, अगर आप एक कप्तान को ड्राप कर रहे हैं और फिर उसे टीम में शामिल नहीं कर रहे, जिसने आपकी टीम के लिए इतना कुछ किया हो तो आप टीम में मौजूद युवा खिलाड़ियों को क्या मैसेज दे रहे हैं? ठ्ग्रुप में मौजूद सदस्यों को क्या मैसेज जाएगा? मुझे सबसे ज्यादा दुख इस बात का है कि दूसरे लोग अब सोच रहे हैं, ओह, मेरे साथ ऐसा हो सकता है।

क्या आप जानते हैं ?... पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेंदे फेंककर एख ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

# बेयरस्टो का नाबाद शतक लेकिन इंग्लैंड पर पिछड़ने का खतरा

सिडनी, 07 जनवरी। जानी बेयरस्टो (नाबाद 103) के शानदार शतक के बावजूद इंग्लैंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे एशेज टेस्ट मैच में पहली पारी में पिछड़ने का खतरा मंडरा रहा है। इंग्लैंड ने शुक्रवार को तीसरे दिन के खेल की समाप्ति तक अपनी पहली पारी में सात विकेट खोकर 258 रन बना लिए हैं और वह अभी पहली पारी में 158 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 416 रन बनाये थे।

तीसरे दिन स्टंप्स पर बेयरस्टो के साथ जैक लाच चार रन बनाकर क्रीज पर हैं। बेयरस्टो का यह नौवां टेस्ट शतक था और उन्होंने अपनी शतकीय पारी के लिए 140 गेंदें खेलीं जिसमें उन्होंने आठ चौके और तीन छक्के लगाए। उन्होंने बेन स्टोक्स के साथ पांचवें विकेट के लिए 128 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर इंग्लैंड को फॉलोआन के खतरे से बचाया। स्टोक्स ने 91 गेंदों पर 66 रन में नौ चौके और एक छक्का लगाया।

जोस बटलर खाता खोले बिना शून्य पर आउट हो गए। बटलर का विकेट 175 के स्कोर पर गिरा। लेकिन बेयरस्टो ने मार्क वुड के साथ सातवें विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी की। वुड ने 41 गेंदों पर 39 रन में दो चौके और तीन छक्के लगाए।

इंग्लैंड ने सुबह बिना कोई विकेट खोये 13 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन 36 रन तक जाते जाते उसने चार विकेट गंवा दिए और वह गहरे संकट में फंस गया । हसीब हमीद छह, जैक क्रौली 18 , कप्तान जो रुट शून्य और डेविड मलान तीन रन बनाकर आउट हुए। लेकिन इसके बाद बेयरस्टो के शतक ने इंग्लैंड को संकट से बाहर निकाला। ऑस्टरकीया की तरफ से कप्तान पेट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने दो-दो विकेट चटकाए जबकि मिशेल स्टार्क , कैमरून ठीन और नाथन लियोन ने एक-एक विकेट लिया।



# भारत को तीसरे टेस्ट से पहले लगा झटका, मोहम्मद सिराज के खेलने पर सस्पेंस

नई दिल्ली, 07 जनवरी। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 11 जनवरी से केपटाउन में शुरू होने वाले तीसरे और निर्णायक टेस्ट मैच में खेलना संदिग्ध है। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने दूसरे टेस्ट मैच की समाप्ति पर कहा कि सिराज पूरी तरह फिट नहीं है। सिराज ने दूसरे मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण पूरे मैच में केवल 15.5 ओवर गेंदबाजी की। दूसरी पारी में तो वह केवल छह ओवर ही कर पाए थे। द्रविड ने संवाददाताओं से कहा,सिराज पूरी तरह से फिट नहीं है और हमें आगे जाकर उसकी फिटनेस का आकलन करना होगा कि अगले चार दिन में वह फिट हो पाएगा या नहीं। फिजियो स्कैन होने के बाद सही स्थिति बता पाएगा। कोच ने चोटिल होने के बावजूद गेंदबाजी करने के लिये सिराज की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, सिराज पहली पारी में भी पूरी तरह से फिट नहीं था। हमारे पास पांचवां गेंदबाज था और उसका हम वैसा उपयोग नहीं कर पाये जैसा चाहते थे और इससे हमारी रणनीति प्रभावित हुई।यदि सिराज तीसरे मैच में नहीं खेलते हैं तो उमेश यादव और इशांत शर्मा में किसी एक को प्लेइंग इलेवन में जगह मिलेगी। हनुमा विहारी भी दूसरे मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। द्रविड़ ने कहा,जहां तक हनुमा विहारी की चोट का सवाल है तो मैं उनकी चोट के बारे में ज्यादा बताने की स्थिति में नहीं हूं क्योंकि मेरी फिजियो से इस बारे में विस्तृत बातचीत नहीं हुई।




कला और शिल्प की प्राचीन परम्परा का भारतीय हस्तशिल्प संग्रह जो आपके घर की आंतरिक साज-सज्जा को बढ़ाता है।
वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार
गांधी शिल्प बाजार
प्रदर्शनी एवं बिक्री
31 दिसम्बर, 2021 से 09 जनवरी, 2022
प्रातः 11:00 बजे से सायं 8:00 बजे तक
अर्बन हॉट, जल महल के सामने, आमेर रोड़, जयपुर (राजस्थान)
प्रवेश निःशुल्क
प्रायोजक : indian भारतीय handicrafts हस्तशिल्प continuing tradition
विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार
आयोजक : AIPSS All India Parivartan Sewa Samiti


## स्कींग एथलीट आरिफ खान टॉप्स में शामिल

नयी दिल्ली, 07 जनवरी। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने शुक्रवार को अल्पाइन स्कीइंग एथलीट मोहम्मद आरिफ खान को शीतकालीन ओलंपिक तक टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) कोर ठ्ग्रुप में शामिल करने की मंजूरी दे दी। चीन के बीजिंग में चार से 20 फरवरी तक होने वाले शीतकालीन ओलंपिक 2022 में आरिफ स्लैलम और जायंट स्लैलम स्पर्धाओं में भाग लेंगे। यूरोप में प्रशिक्षण और चीन में ओलंपिक खेलों से पहले उपकरणों की खरीद के लिए टॉप्स के तहत अल्पाइन स्कीयर के लिए 17.46 लाख रुपए की राशि को भी स्वीकृत दी गई है। जम्मू-कश्मीर के रहने वाले 31 वर्षीय आरिफ ने दुबई में एक प्रतियोगिता में स्लैलम इवेंट के लिए कोटे के तहत स्थान हासिल किया था।

# स्टंप पर लगी रफ्तार वाली गेंद, फिर भी आउट नहीं हुए स्टोक्स

सिडनी, 07 जनवरी। इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन स्टोक्स का आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे एशेज टेस्ट में भाग्य ने साथ दिया जो कैमरन ग्रीन की गेंद स्टंप पर लगने के बावजूद वह आउट नहीं हुए लेकिन इस घटना ने महान क्रिकेटर शेन वार्न और सचिन तेंदुलकर को संभावित नये नियम शुरू करने पर चर्चा करने के लिये बाध्य कर दियायह घटना शुक्रवार को चौथे एशेज टेस्ट के तीसरे दिन घटी जब आस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ठीन की कोण लेती गेंद स्टोक्स के ऑफ स्टंप से टकरा गयी। इससे गिल्लियां हिलीं, पर गिरी नहीं और जस की तस बनी रहीं। मैदानी अंपायर ने रैफरल के लिये पूछा क्योंकि गिल्लियां अपने स्थान से नहीं हटीं थी और स्टंप पर गेंद लगने के बावजूद स्टोक्स को नॉट आउट करार दिया गया। उन्होंने 66 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।

तेंदुलकर ने इस पर वार्न को टैग करते हुए ट्वीट किया, क्या इसके लिये हिटिंग द स्टंप्स का एक नियम शुरू कर देना चाहिए जिसमें गेंद स्टंप को हिट करे लेकिन गिल्लियां नहीं गिरें? आपको क्या लगता है? गेंदबाजों के लिये निष्पक्ष होना चाहिए। वार्न ने मजाक में कहा कि इस पर बहस की जरूरत है। वार्न ने उत्तर दिया, दिलचस्प बात और दोस्त इस पर बहस हो सकती है। मैं चर्चा के लिये इसे विश्व क्रिकेट समिति में ले जाऊंगा और फिर आपको बताता हूं। आज जैसा हुआ, ऐसा कभी नहीं देखा - ग्रीन की गेंद की रफ्तार 142 किमी प्रति घंटा थी और यह स्टंप पर काफी तेजी से लगी थी। हालांकि एक अन्य पूर्व स्टाइलिश आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेमियन मार्टिन ने तेंदुलकर के प्रस्ताव पर सीधे, नहीं कह दिया। हालांकि गिल्लियों के नहीं गिरने ने सभी को हैरान कर दिया जिसमें पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग भी शामिल थे।

पोंटिंग ने चैनल 7 से कहा, मैंने इस तरह की गेंद के साथ ऐसा (गिल्लियों का नहीं गिरना) होते हुए नहीं देखा। उन्होंने कहा, इसने वास्तव में स्टंप को थोडा एक तरफ को हिलाया था। लेकिन गिल्लियां हिलने के बावजूद अपनी जगह पर जस की तस बनी रहीं।

## बोपन्ना-रामनाथन एडिलेड इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में, सानिया बाहर

एडिलेड, 07 जनवरी। रोहन बोपन्ना और रामकुमार रामनाथन की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करते हुए एडिलेड इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि भारतीय स्टार टेनिस खिलाडी सानिया मिर्जा हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। बोपन्ना और रामनाथन ने पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल एटीपी 250 स्पर्धा में बेंजामिन बोन्जी और ह्यूगो न्यास की फ्रांस-मोनागास्क की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-1, 6-3 से हराया। बोपन्ना और रामनाथन की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी का अब आठ जनवरी को सेमीफाइनल में टोमिस्लाव ब्रिकिक और सैंटियागो गोंजालेज की चौथी वरीयता प्राप्त बोस्नियाई-मैक्सिकन जोड़ी से सामना होगा।

## अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी ( नॉक आउटदौर ) के लिए राजस्थान टीम रवाना

जयपुर 7 जनवरी , बीसीसीआई की अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी के पुणे में खेले जा रहे नॉक आउटदौर में भाग लेने के लिए आज राजस्थान टीम रवाना हुई। राजस्थान टीम पहले ही अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी के क्वाटर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी है व्क्वाटरफाइनल मैच दिनांक 11 जनवरी 2022 से खेला जायेगा।

**अंडर 19 क्वाटरकूच बिहार ट्रॉफी के नॉक आउटदौर के लिए राजस्थान टीम :-** धर्मेंद्र सैनी, सुमित गोदारा, देव यादव, जयेश पंडिता, राज शर्मा, अनिरुद्ध सिंह, निखिल सचदेव, करण सिंह राणावत, मुकुल चौधरी, हर्षवर्धन दुसाद, कुणाल सिंह राठौर, राजीव दुकतावा, अनस मलिक, अक्षत मेहता, हिंमांशु नेहरा, ऋतिक औदीच्या, शिवम् ओझा, राहुल जाट, प्रवीण चौधरी, मो सा, पुष्पेंद्र सिंह राठौर।

# यूपी योद्धा दबंग दिल्ली के खिलाफ वापसी करने को तैयार

बेंगलुरू, 07 जनवरी। जीएमआर ठ्ग्रुप की पीकेएल खेलने वाली फ्रेंचाइजी, यूपी योद्धा शनिवार को लीग में अब तक टॉप पर बनी हुई दबंग दिल्ली के.सी. के खिलाफ भिडने को तैयार है। वर्तमान में यूपी योद्धा 14 अंकों के साथ अंक तालिका में 9वें स्थान पर है जबकि दबंग दिल्ली 26 अंकों के साथ शीर्ष पर काबिज़ है।

इस समय सुरेंद्र गिल और स्टार रेडर प्रदीप नरवाल यूपी योद्धा के लिए टॉप फॉर्म में हैं, जबकि नितेश और सुमित ने टीम के लिए डिफेंस की कमान अच्छे से संभाल रखी है। उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली फ्रेंचाइजी, यूपी योद्धा दिल्ली के विरुद्ध भिड़ंतों में अपने प्रतिद्वंदी पर काफी अधिक हावी रही है। यूपी योद्धा ने पीकेएल में अब तक पांच बार दबंग दिल्ली का सामना किया है, जिसमें योद्धाओं ने चार बार जीत हासिल की, जबकि दिल्ली को सिर्फ एक बार जीत मिली है । इस मैच में सभी की नज़रें यूपी योद्धा के सुरेंद्र गिल पर टिकी रहेंगी जिन्होनें अभी तक 46 रेड पॉइंट और 2 सुपर रेड के साथ अद्भुत खेल का प्रदर्शन किया है। वहीं दबंग दिल्ली की ओर से नवीन कुमार अब तक के सीजन के सर्वश्रेष्ठ रेडर रहे हैं , जिनके पास बड़े पैमाने पर 108 रेड पॉइंट हैं। मैच से पहले यूपी योद्धा के हेड कोच जसवीर सिंह ने कहा, कभी-कभी मैच के परिणामों से हम फॉर्म का अंदाज़ा नहीं लगा सकते हैं और यही खेल है। पिछले गेम से हमारे नतीजे उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे लेकिन मैं अपने लडकों के प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। दूसरे हाफ में जिस तरह से उन्होंने खेल को पलटने के लिए संघर्ष किया, वह उनके दृढ़ संकल्प और गुणवत्ता का एक बड़ा प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि हम एक टीम के रूप में दबंग दिल्ली के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे।

# पहली पारी में बड़ा स्कोर नहीं बनाने की कीमत चुकानी पड़ी

जोहानसबर्ग, 07 जनवरी। दक्षिण अफ्रीका केखिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत के कप्तान रहे लोकेश राहुल का मानना है कि टीम को पहली पारी में बडा स्कोर नहीं खडा करने की क़ीमत चुकानी पडी। मैच की समाप्ति के बाद राहुल ने कहा कि टीम पहली पारी में 60-70 रन पीछे रह गई।

राहुल ने मैच के बाद प्रेज़ेंटेशन में कहा, ''कठोर होकर कहूं तो टॉस जीतने के बाद पहली पारी में हम 60 या 70 रन और बना सकते थे। ऐसा होता तो दूसरी पारी में हमारे पास 50-60 रनों की बढ़त होती और वह रन महत्वपूर्ण साबित होते।''

पहली पारी में राहुल के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज़ 50 का आंकडा पार नहीं कर पाया। सातवें नंबर पर बल्लेबाज़ी करने उतरे रविचंद्रन अश्विन अगर 46 रनों की आक्रामक पारी नहीं खेलते तो शायद टीम 202 तक भी नहीं पहुंचती। असमतल उछाल वाली यह पिच कतई आसान नहीं थी लेकिन भारत का वह स्कोर इस पूरे मैच का न्यूनतम स्कोर रहा। साउथ अफ्रीका ने 27 रनों की बढ़त ली जिसके चलते उन्हें चौथी पारी में 240 रनों का लक्ष्य मिला। कप्तान डीन एल्गर ने एक साहसी पारी खेली, अपने शरीर पर गेंदें खाई और अंत में नाबाद 96 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

दूसरी पारी में भी भारत ने 155 पर दो विकेट की बढ़िया स्थिति से फिसलते हुए 184 के स्कोर पर छह विकेट गंवा दिए थे। गेंद के साथ दक्षिण अफ्रीका में किसी भारतीय द्वारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शार्दुल ठाकुर ने एक तेज़-तर्रार पारी खेलकर टीम को परेशानी से बाहर निकाला। राहुल ने शार्दुल की प्रशंसा करते हुए कहा, ''शार्दुल के लिए यह एक बढ़िया टेस्ट मैच रहा। उन्होंने हर बार अपनी छाप छोडी है और हमें मैच जिताए हैं। मैं उनकी गेंदबाज़ी से बहुत प्रसन्न हूं। उन्होंने बल्ले से भी अहम योगदान दिया और हमें मैच जीतने का मौक़ा दिया।'' ठाकुर की तूफ़ानी पारी से पहले चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्या रहाणे ने तीसरे विकेट के लिए 111 रन जोडे। दोनों ने ताबडतोड अंदाज़ से बल्लेबाज़ी की और अपने अर्धशतक पूरे किए। इस पारी का मोल और बढ़ जाता है क्योंकि इससे पहले टीम में उनके स्थान पर सवालिया निशान उठाए जा रहे थे। टीम प्रबंधन की तरह राहुल ने भी अपने अनुभवी बल्लेबाज़ों का समर्थन किया। ''वह हमारे लिए महत्वपूर्ण खिलाडी रहे हैं और उन्होंने कई वर्षों तक टीम के लिए अपना योगदान दिया है''।


Maharishi Arvind | INSTITUTE OF SCIENCE & MANAGEMENT
(Approved by AICTE- New Delhi, Affiliated to RTU- Kota)
Ambabari Circle, Ambabari, Jaipur-302 039
ADMISSION 2021-22
MBA & MCA COURSE
DIRECT/ SPECIAL ROUND/ MANAGEMENT QUOTA
RMAP : 331, RMCAAP CODE: 2220
Eligible candidates may contact the office for admission on Direct/ Special Round Management Quota seats on or before 12.01.2022 along with original documents. For enquiry contact: 9929112374, 9828199937
DIRECTOR



Mahatma Jyotiba Fule Vidyapeeth Samiti
Chomu, Jaipur
www.mjfspm.org
Requirements
Applications are invited via -E-Mail/Post/By hand from eligible Candidates in Prescribed Format (available on Website), for the Post of **Principal** of College & **Lecturers** in Perspectives in Education, Pedagogy Subjects of -(Social Science, Languages, Maths, Science ), Health and Physical Education, Fine Arts, Performing Arts (Music/Dance/Theatre) for **B.A.B.Ed. & B.Ed.** Course of Mahatma Jyotiba Fule Shikshak Prashikshan Mahavidyalaya, Chomu govern by this Samiti for the academic Session 2021-2022.
Last date of Application Received :- 18 - 01 - 2022, 5.00 PM
Qualification :- As per norms of NCTE & University of Rajasthan
President
Contact :- 9829150048, 9784126000 mjfspm@gmail.com


## कार्यालय नगर पालिका लालसोट (दौसा)

Email ID: lalsot.jaipur@yahoo.com Ph.-01431-260714

क्रमांक- न.पा.ला./संस्थापन/21/4003 दिनांक- 7.1.22

### इश्तहार उज्र आपत्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका में निम्न आवेदकों द्वारा कृषि भूमि में पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है यदि उक्त आवेदन पर किसी आम व खास को कोई उज्र/आपत्ति हो तो पालिका में सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें बाद विवाद गुजरने पर किसी भी उज्र/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | आवेदक का नाम व पता | खसरा संख्या, कस्बा व कॉलोनी का नाम | वर्ग गज | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रेखा पत्नि शिव कुमार शर्मा मण्डावरी | 396,399,400 लालसोट दादुनगर | 133.33 | आवासीय |
| 2 | गिरधर पुत्र पोंचुराम शर्मा लालसोट | 411,417 लालसोट दादुनगर-द्वितीय | 120 | आवासीय |
| 3 | सजन बाई पत्नि नीरज कुमार अग्रवाल दौलतपुरा | 411,417 लालसोट दादुनगर-द्वितीय | 148.33 | आवासीय |
| 4 | सजन बाई पत्नि नीरज कुमार अग्रवाल दौलतपुरा | 411,417 लालसोट दादुनगर-द्वितीय | 120 | आवासीय |
| 5 | सजन बाई पत्नि नीरज कुमार अग्रवाल दौलतपुरा | 411,417 लालसोट दादुनगर-द्वितीय | 120 | आवासीय |
| 6 | लाली पत्नि नवल किशोर सैनी रामसर | 36/2/15 लालसोट सुरक्षित नगर | 133.33 | आवासीय |
| 7 | मुकेश पुत्र छोटे लाल सैनी रामसर | 36/2/15 लालसोट सुरक्षित नगर | 133.33 | आवासीय |
| 8 | श्रवण लाल पुत्र कजोडमल बैरवा डीडवाना | 46 चाँदसैन श्याम विहार | 186.66 | आवासीय |
| 9 | लाडा पत्नि मुरारी लाल शर्मा लालसोट | 13/4, सालमरामपुरा चक नं. 6 मोडल्या कॉलोनी | 95.55 | आवासीय |
| 10 | राजकुमार उर्फ राजु पुत्र श्री नारायण माली लालसोट | 554 लालसोट न्यू कॉलोनी | 151.55 | आवासीय |
| 11 | चन्द्र प्रकाश पुत्र सुरजमल सैनी लालसोट | 554 लालसोट न्यू कॉलोनी | 151.55 | आवासीय |
| 12 | विमलेश कुमार पुत्र सूर्य प्रसाद मिश्र लालसोट | 568 लालसोट मिश्रा कॉलोनी | 166.66 | आवासीय |
| 13 | संजय कुमार पुत्र बद्री लाल मीना दौलतपुरा | 212,213,214 लालसोट महादेव नगर | 140 | आवासीय |
| 14 | मधुबाला पत्नि चमन सिंह राजपुरा दौसा | 575, लालसोट श्याम नगर | 173.33 | आवासीय |
| 15 | रजनीश पुत्र जितेन्द्र शर्मा लालसोट | 390, लालसोट जगदम्बा कॉलोनी | 237.66 | आवासीय |
| 16 | परशुराम पुत्र नाथु लाल मीना | 201 लालसोट आदर्श मीना | 186.66 | आवासीय |
| 17 | पुष्पा पत्नि प्रेमशंकर शर्मा राजौली | 201 राजौली कमला नगर | 200 | आवासीय |
| 18 | कान्ता पत्नि सुरेश चन्द बैरवा बडेखण | 4405/2396 लालसोट बापु नगर | 100.11 | आवासीय |
| 19 | ओफीस लाल पुत्र लड्डु लाल मीना तिगरिया | 222 राजौली जयशिवनगर | 138.88 | आवासीय |
| 20 | अबरार अहमद पुत्र सलीम अहमद सवाई माधोपुर | 185 लालसोट ईदगाह कॉलोनी | 66.66 | आवासीय |

**(रक्षा मिश्रा)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका लालसोट**

**(सीमा चौधरी)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका लालसोट**



तस्वीर में नज़र आ रहा यह प्राचीन पगोडा असल में कोरिया का विख्यात डोरीसा मंदिर है, जिसे कोरिया में बौद्ध मत का जन्मदाता माना जाता है। पहाड़ी पर बने इस मंदिर से खूबसूरत घाटियों और नाकदोंग नदी का मनमोहक नज़ारा दिखाई देता है। यहां से थोड़ी दूर पर गूमी शहर भी है उसका भी खूबसूरत दृश्य यहां से देखा जा सकता है। किंवदंती है कि बौद्ध भिक्षुक अदो ह्वासांग (अदो मतलब नाटा) सन् 418 ईस्वी में यहां आया था। यहां भिक्षुक अदो का मंदिर भी है भक्त गण उसके अगर बत्ती जलाते हैं और प्रसाद चढ़ाते है। यह पांच मंजिला देश की सबसे प्राचीनतम व अनूठी इमारतों में से एक है। इसके निर्माण की सटीक तिथि ज्ञात नहीं है पर यह संभवतया गोरयेओ काल (918 ईस्वी से 1392 ईस्वी) में बना था। पत्थर से बनी प्राचीन सीढ़िया सीधे मंदिर के द्वार तक जाती हैं। पगोडा तक जाने के रास्ते में वह जगह भी है जहां भिक्षुक अदो ध्यान लगाते थे। यहां साल भर पीच और प्लम के वृक्षों पर फूल खिले रहते हैं। यहां कोरिया का सर्वाधिक विख्यात राष्ट्रीय खजाना है जो असल में एक षटकोणीय समाधि है, जिसमें बुद्ध शाक्य मुनि की राख रखी हुई है।

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या और बढ़ी, पर बढ़त शुक्रवार के मुकाबले कम रही

## राज्य में शुक्रवार को 644 मामले बढ़ने के साथ ही 3300 नए संक्रमित मिले हैं, जबकि गुरूवार को 773 मामले बढ़ने के बाद 2656 रोगी पाए गए थे

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 7 जनवरी । प्रदेश में शुक्रवार को करोना संक्रमण के नए मामलों में और वृद्धि होने के बाद 33 सौ नए संक्रमित मिले हैं। हालाकि यह बढ़ोत्तरी गुरूवार के मुकाबले में कुछ कम रही है। इधर पिछले चौबीस घंटों में सर्वाधिक 1527 नए रोगी राजधानी जयपुर में सामने आए हैं। इस बीच करोना से जयपुर और करौली में 2 लोगों की मौत भी हो गई है। साथ ही प्रदेश में एक्टिव केस बढ़कर 10 हजार के पार हो गए हैं।

प्रदेश में करोना संक्रमण का दायरा 32 जिलों तक पहुंच गया है। अब केवल जालोर ही एक मात्र ऐसा जिला है जहां फिलहाल न कोई नया संक्रमित है और न ही कोई एक्टिव केस मौजूद है। राज्य में शुक्रवार को गुरूवार के मुकाबले 644 और मामले बढ़ने के साथ ही 3300 नए संक्रमित मिले हैं। जबकि गुरूवार को 773 मामले बढ़ने के बाद 2656 रोगी पाए गए थे।

- पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 1527 नए संक्रमित जयपुर में और 440 मरीज जोधपुर में मिले हैं।
- राज्य में संक्रमण दर बढ़कर 5.72 फीसदी और स्वस्थ होने की दर घटकर 98 प्रतिशत हो गई है।
- प्रदेश में शुक्रवार को करोना से दो लोगों की मौत होने के साथ ही एक्टिव केस बढ़कर 10 हजार के पार हो गए हैं।

इधर जयपुर जिले में लगातार काफी संख्या में करोना के नये मामले सामने आ रहे हैं। शुक्रवार को राजधानी में 1527 नये संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 440, अलवर में 219, उदयपुर में 189, बीकानेर में 187, अजमेर में 103, कोटा में 100, भीलवाड़ा में 96, चित्तैड़गढ़ में 85, भरतपुर में 57, सवाईमाधोपुर में 40, प्रतापगढ़ में 32, बाड़मेर में 30, नागौर में 26, डूंगरपुर में 24, राजसमंद में 20, बांसवाड़ा व टोंक में 18-18, गंगानगर में 16, सिरोही में 15, बूंदी में 10, झालावाड़ में 9, चूरू में 8, धौलपुर में 7, हनुमानगढ़ में 6, जैसलमेर व दौसा में 5-5, झुंझुनूं में 4, करौली में 2 तथा सीकर और पाली में 1-1 नया संक्रमित मिला है। राज्य में आज केवल बारां और जालोर जिले में कोई भी नया मामला सामने नहीं आया।

इधर, केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी करोना संक्रमित हो गए है। उन्होंने ट्वीट कर बताया कि करोना के लक्षण महसूस होने पर जांच कराई, जो पॉज़िटिव आई है। जिस पर खुद को आइसोलेट कर लिया है।

राज्य में शुक्रवार को 279 मरीज और ठीक होने के साथ ही अब तक इस बीमारी से 9 लाख 47 हजार 153 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। राज्य में नए संक्रमितों की बढ़ती संख्या के चलते जहां रिकवरी रेट घटकर 98 फीसदी पर आ गई है। वहीं संक्रमण दर बढ़कर 5.72 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

उधर प्रदेश में लगातार रिकवरी कम होने व नए मामले बढ़ने से एक्टिव केस बढ़कर 10 हजार 287 हो गए हैं। इनमे सर्वाधिक 5776 मामले जयपुर में हैं। इसके अलावा जोधपुर में 1278, अलवर में 534, अजमेर में 374, बीकानेर में 330, उदयपुर में 328, कोटा में 308, भीलवाड़ा में 206, भरतपुर में 202, चित्तौड़गढ़ में 197 और प्रतापगढ़ में 100 तथा अन्य 21 जिलों में इससे कम मरीजों का इलाज चल रहा है। प्रदेश में शुक्रवार को करोना से जयपुर और करौली में 1-1 संक्रमित की मौत हो गई है। इसके साथ ही अब तक इस बीमारी से 8969 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

# शुक्रवार को जैश के तीन और आतंकी मारे गये

श्रीनगर, 7 जनवरी (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच गुरुवार रातभर चली मुठभेड़ में आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादी मारे गए हैं। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

- बीते छह दिनों में यह पांचवीं मुठभेड़ है और अभी तक कुल 11 आतंकवादी मारे जा चुके हैं।

गौरतलब है कि यह इस साल की पांचवीं मुठभेड़ है और अभी तक कुल 11 आतंकवादी मारे जा चुके हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर के जोवला चदूरा इलाके में कल शाम आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने पर संयुक्त बलों ने घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया।

# नीट पी.जी. काउंसलिंग को सुप्रीम कोर्ट से हरी झंडी मिली

## ई.डब्ल्यु.एस. को 10 फीसदी एवं ओ.बी.सी. को 27 प्रतिशत आरक्षण देने पर सुप्रीम कोर्ट ने अपनी सहमति दी

नई दिल्ली, 7 जनवरी (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यु.एस.) को 10 फीसदी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण के साथ राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा-2021 (नीट-पीजी) की काउंसलिंग की अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और ए. एस. बोपन्ना की पीठ ने अपने आदेश में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण बरकरार रखा, लेकिन कहा कि ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए निर्धारित आठ लाख रुपये प्रति वर्ष की

- ई.डब्ल्यु.एस. उम्मीदवारों के लिए निर्धारित आठ लाख रुपये की प्रति वर्ष की आय का मानदण्ड लागू रहेगा। मतलब नीट पी.जी. के लिए आठ लाख अधिकतम आय सीमा होगी।

आय मानदंड लंबित याचिकाओं के अंतिम परिणाम के दायरे में होगा।

शीर्ष अदालत की पीठ ने अपने अंतरिम आदेश में स्पष्ट किया कि उसने इस वर्ष के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आय मानदंड को जारी रखने के लिए केंद्र सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय अजय भूषण पांडे कमेटी की सिफारिश स्वीकार कर ली है।

इससे पहले शीर्ष अदालत ने गुरुवार को याचिकाकर्ताओं और आरक्षण का समर्थन कर रही केंद्र सरकार का पक्ष विस्तार से सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

उच्चतम न्यायालय के आज के आदेश के साथ ही नीट-पीजी-2021 परिणाम के आधार पर नामांकन के लिए शीघ्र काउंसलिंग की प्रक्रिया आगे बढ़ाने की बाधाएं दूर हो गई लगती हैं।

राज्य सरकार के मेडिकल कॉलेजों में अखिल भारतीय कोटे की सीटों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण का मापदंड तय करने को लेकर चल रहे विवाद के कारण काउंसलिंग की प्रक्रिया रुकी हुई थी।

केंद्र सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के परिवार की आठ लाख रुपए तक की वार्षिक आय की सीमा तय की है। पीठ इस मापदंड तय करने का तौर तरीका जानना चाहता था। इसी के मद्देनजर केंद्र सरकार ने 30 नवंबर 2021 को एक तीन सदस्यीय कमेटी गठित की थी।

# महाराष्ट्र में करोना के नये मामले 40 हजार के पार

मुंबई, 7 जनवरी (वार्ता)। महाराष्ट्र में शुक्रवार को कोविड-19 के नये मामलों की संख्या 40 हजार पार कर गयी तथा 20 मरीजों की मौत दर्ज की गयी है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, राज्य में 40,925 नये संक्रमित सामने आये हैं।

- महाराष्ट्र में 20 लोगों की करोना से मौत हुई, वर्तमान में महाराष्ट्र में 1,41,492 मामले सक्रिय हैं।

नये मामले सामने आने के बाद कुल संक्रमितों की संख्या 68,34,222 हो गयी तथा मृतकों का आंकड़ा 1,41,614 हो गया। इसी अवधि में 14,256 लोग स्वस्थ हुए हैं, जिसके साथ स्वस्थ होने वालों की कुल संख्या 65,47,410 हो गयी।

# डब्ल्यु.एच.ओ. के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कुशलतापूर्वक लगाने की तैयारी का पर्याप्त समय मिल सके।

इसमें एक आशा की किरण यह है कि वर्तमान में ट्रायल मोड में चल रहीं कुछ वैक्सीन्स की अविष्कारक कम्पनियां अपने पेटेन्ट त्यागने और अपने लायसैंस व तकनीकी जानकारियां साझा करने पर पहले ही सहमत हो चुकी हैं। उनका यह कदम "जोनस सल्क" की भांति है, जिन्होंने अपनी पोलियो वैक्सीन का पेटेन्ट नहीं कराया, और ऐसा करके इस बीमारी से करोड़ों बच्चों को बचाया था।

समाचार एजेंसी ए.एफ.सी. की रिपोर्ट कहती है कि टेड्रोस ने गुरूवार को दिए वर्ष 2022 के अपने पहले संबोधन का उपयोग वैक्सीन के गत वर्ष उपलब्ध डोज़ेज़ को हथियाकर बैठे समृद्ध देशों की आलोचना करने के लिए किया। उन्होंने कहा कि उनकी इस प्रवृत्ति ने इस वायरस के अन्य वेरिएन्ट्स के पनपने के लिए एक माकूल प्रजनन स्थल निर्मित कर दिया है।

उन्होंने दुनिया के देशों से अनुरोध किया कि वे कोविड-19 की "मौतों और विनाश" को खत्म करने के लिए वर्ष 2022 में अधिक निष्पक्षता के साथ वैक्सीन डोज़ लगाएं।

टेड्रोस ने पहले इच्छा व्यक्त की थी कि प्रत्येक देश सितम्बर 2021 तक अपनी आबादी के 10 प्रतिशत और दिसम्बर-2021 तक 40 प्रतिशत हिस्से को वैक्सीन लगाए।

लेकिन वर्ष 2021 की समाप्ति तक के इस तय लक्ष्य को डब्ल्यू.एच.ओ. के 194 सदस्य राष्ट्र पूरा नहीं कर सके। वास्तव में इनमें से 36 देश तो ऐसे थे जो वैक्सीन की अनुपलब्धता के चलते अपनी आबादी के 10 प्रतिशत हिस्से को भी वैक्सीन नहीं लगा सके। टेड्रोस चाहते हैं कि वर्ष 2022 के मध्य तक प्रत्येक देश अपनी 70 प्रतिशत आबादी को वैक्सीन लगाए।

इस बीच, डब्ल्यू.एच.ओ. की कोविड-19 टैक्नीकल टीम की प्रमुख मारिया वान कर्खोव ने कहा कि इसकी संभावना बिल्कुल भी नहीं है कि इस वैश्विक महामारी की समाप्ति से पूर्व ओमक्रॉन ही अंतिम चिंताजनक वेरिएन्ट होगा। अधिक संक्रामक प्रकृति के ओमक्रॉन वेरिएन्ट को लेकर वान कर्खोव ने लोगों से अनुरोध किया कि वे उन्हीं एहतियातों का और कड़ाई से पालन करें जिन्हें वे इस वायरस से स्वयं को बचाने के लिए बरतते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि "हम जिन पहलुओं को बेहतर, विस्तृत और अधिक उद्देश्यपटकता के साथ समझाते रहे हैं। उन पर हर संभव तरीके से अमल करें, हम चाहते हैं कि लोग इसका डटकर मुकाबला करें।"

करोना वायरस से निबटने के साधन जुटाने वाले डब्ल्यू.एच.ओ. के प्रतिनिधि ब्रूस एल्वर्ड ने इस वर्ष में एक आशावाद जताते हुए कहा कि वर्ष 2022 में किसी वैश्विक महामारी के आगे घुटने टेकने की कोई जरूरत नहीं है।

किन्तु डब्ल्यू.एच.ओ. के आयातकालीन विभाग के निदेशक माइकल रेयान ने कहा कि "वैक्सिनेशन के समान स्तर के बिना इस वर्ष 2022 के समापन तक यहां बैठे वार्तालाप करते रहेंगे, जो कि अपने आप में एक बड़ी त्रासदी होगी।"

# विदेशों से आने वाले सभी यात्रियों को सात दिनों तक क्वारंटीन रहना होगा

## केन्द्र सरकार ने विमान यात्राओं के मामले में नये दिशा निर्देश जारी किये जो कि 11 जनवरी से प्रभावी होंगे

नई दिल्ली, 7 जनवरी (वार्ता)। करोना महामारी के मद्देनजर ब्रिटेन, न्यूजीलैंड, चीन और इजराइल आदि जोखिम वाले राष्ट्रों से भारत आने वाले सभी यात्रियों का कोविड परीक्षण होगा और सभी देशों से आयें लोगों को अनिवार्य रूप से सात दिन तक क्वारंटीन में जाना होगा तथा आठवें दिन कोविड परीक्षण कराना होगा।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को विदेशों से भारत आने वाले यात्रियों के लिए संशोधित दिशा निर्देश जारी किये। ये दिशा निर्देश 11 जनवरी से प्रभावी होगें।

संशोधित दिशा निर्देश में कहा गया है कि भारत आने वाले सभी यात्रियों को सुविधा पोर्टल पर आरटी-पीसीआर नेगेटिव रिपोर्ट तथा स्व घोषणा पत्र डालना होगा। जोखिम वाले राष्ट्रों से भारत आने पर सभी यात्रियों का उनके खर्चे पर कोविड परीक्षण किया जायेगा और कोविड पाजिटिव आने पर कोविड मानकों के अनुरूप इलाज होगा। अन्य राष्ट्रों से आने वाले यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग होगी और कोविड लक्षण दिखने पर उनका कोविड परीक्षण होगा। सभी यात्रियों में से दो प्रतिशत का रैंडम कोविड परीक्षण होगा। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की आरटी-पीसीआर रिपोर्ट आवश्यक नहीं है लेकिन कोविड लक्षण दिखने पर उचित प्रक्रिया अपनायी जायेगी। दिशा निर्देश में कहा गया कि विदेश से आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सात दिन के लिए क्वारंटीन में जाना होगा और आठवें कोविड परीक्षण कराना होगा। ये दिशा निर्देश हवाई अड्डे, बंदरगाह और स्थल मार्ग से आने वाले सभी यात्रियों पर समान रूप से लागू होंगे। केंद्र सरकार ने कोविड संक्रमण को देखते जोखिम वाले राष्ट्रों की सूची में उन देशों को रखा है, जहां संक्रमण एक निर्धारित स्तर से ज्यादा है।

# किसान ने मंच पर भाजपा विधायक को थप्पड़ जड़ा

उन्नाव, 7 जनवरी। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में भाजपा के विधायक को एक किसान ने भरी सभा के बीच थप्पड़ जड़ दिया। उन्नाव सदर से भाजपा विधायक पंकज गुप्ता को थप्पड़ जड़ने वाले बुजुर्ग किसान को पुलिस ने तुरंत पकड़ लिया और मंच से नीचे उतारा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि एक बुजुर्ग किसान मंच पर आता है। उसके हाथ में एक लाठी है। वह मंच पर बैठे भाजपा विधायक के नजदीक आता है और एक थप्पड़ जड़ देता है। इसके बाद वहां मौजूद पुलिसकर्मी तुरंत हरकत में आ जाते हैं और किसान को पकड़ लेते हैं। किसान ने बीकेयू की टोपी पहन रखी थी। विधायक के समर्थक किसान को घेरने लगे थे लेकिन पंकज गुप्ता ने किसी को भी किसान पर हाथ न उठाने को कहा।

# 'प्र.मंत्री ने कोलकाता के कैंसर संस्थान का दोबारा उद्घाटन किया'

## प्र.मंत्री के कार्यक्रम के दौरान ही ममता बनर्जी ने नाराजगी जाहिर करते हुये कहा, इस संस्थान का राज्य सरकार पहले ही उद्घाटन कर चुकी है

कोलकाता, 7 जनवरी (वार्ता)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कोलकाता में जिस कैंसर संस्थान के नए परिसर का उद्घाटन किया, उसका उद्घाटन राज्य सरकार ने पहले ही कर दिया था और अभी उसे कोविड केंद्र के रूप में उपयोग किया जा रहा था।

प्रधानमंत्री ने आज केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की उपस्थिती में कोलकाता में चित्तरंजन कैंसर संस्थान के दूसरे परिसर का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया।

ममता बनर्जी के शुरूआती संबोधन में उनके चेहरे पर तनाव स्पष्ट नजर आ रहा था और इसलिए वह अपना उपनाम भूल गयी। उन्होंने इस कार्यक्रम के समायोजक को याद दिलाया।

उन्होंने कहा,आप मेरा उपनाम भी भूल गए है...या शायद घबरा गए हैं। बनर्जी ने मोदी पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा, "प्रधानमंत्री वर्चुअली इस परियोजना का उद्घाटन कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने मुझे दो बार फोन किया। इसलिए मैंने सोचा कि यह कोलकाता का कार्यक्रम है जिसमें प्रधानमंत्री ने रुचि ली है।"

उन्होंने कहा,जानकारी के लिए मैं उन्हें बताना चाहूंगी कि हमने इसका उद्घाटन पहले ही कर दिया है। हमने यह कैसे किया...जब कोविड फैल रहा था, तब हमें कोविड केंद्रों की जरूरत थी। मैं वहां गयी, मैंने देखा कि यह राज्य सरकार के अंतर्गत है इसलिए हमने इसे कोविड केंद्र बना दिया और यह काफी उपयोगी साबित हुआ था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस परिसर के लिए 25 प्रतिशत धन मुहैया करायी है और हर साल 71 करोड़ रुपये का खर्च वहन करने सहित राज्य ने इस परियोजना के लिए 11 एकड़ जमीन दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में अधिक मेडिकल सीटों और अधिक आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की भी जरूरत है।

# 'पंजाब में राष्ट्रपति ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कर दिया। हमने देश के लिये कई युद्ध लड़े हैं तथा हम में से अनेकानेक लोग अपने कर्तव्य को निभाते हुये शहीद हो गये हैं। मैं पहले ही कह चुका हूँ कि प्रधानमंत्री की खातिर गोली खाने वाला पहला व्यक्ति मैं होऊंगा। इसके अलावा मैं और क्या कर सकता हूँ?" चन्नी ने कहा कि पंजाब में न तो कोई पत्थर फैंके गये, न कोई गोली चली और न प्रधानमंत्री के खिलाफ कोई नारे ही लगे। उन्होंने मोदी के इस बयान कि "मैं ज़िन्दा बच गया", पर आश्चर्य व्यक्त किया है। राज्य पी.सी.सी. प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू ने प्रधानमंत्री की सुरक्षा संबंधी चूक के आरोप को एक प्रहसन बताया है तथा कहा है कि प्रधानमंत्री और भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री के जीवन को लेकर व्यक्त की गई फर्जी चिन्ता का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में राजनैतिक लाभ प्राप्त करना है। चूँकि भाजपा पंजाब में बहुत कम चुनावी संभावनाएँ देख रही है, इसलिये भगवा पार्टी को यह उम्मीद है कि उत्तर प्रदेश में इस मुद्दे का ढ़ोल पीटकर, मतदाताओं को अपने पक्ष में कर लेगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री हुसैनवाला जा रहे थे, जहाँ उन्हें राष्ट्रीय शहीद स्मारक पर एक सभा को संबोधित करना था। इसलिये, पंजाब की घटना, पार्टी के राष्ट्रवाद के प्रचार के अनुकूल नहीं बैठती।

भाजपा की रणनीति "कांग्रेस, पाकिस्तान और खालिस्तान के बीच की साँठ-गाँठ" के

- विपक्ष ने, जिसमें सपा प्रमुख अखिलेश भी शामिल हैं, भी प्र.मंत्री की जान को खतरे वाली बात पर भाजपा का भारी मखौल उड़ाया।

ईदगिर्द पहले से ही चल रही है। केन्द्र सरकार तथा पंजाब सरकार दोनों ने ही इस घटना की जाँच शुरू कर दी है, जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि प्रधानमंत्री की यात्रा के रिकॉर्ड सुरक्षित रखे जायें। सर्वोच्च न्यायालय ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को निर्देशित किया है कि वे इस सारे रिकॉर्ड को "सुरक्षित अभिरक्षा" (सेफ कस्टडी) में रखें। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि पंजाब पुलिस, स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप तथा केन्द्र एवं राज्य की अन्य एजेंसियाँ उनका सहयोग करेंगी तथा उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध करायेंगी।

# हाई ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की जेलों में करीब 55 से अधिक मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं सबसे बड़ा सवाल यही है कि इतनी बड़ी संख्या में मोबाइल फोन जेल के अंदर कैसे पहुंचे।

# सुप्रीम कोर्ट ने प्र.मंत्री सुरक्षा में चूक के मामले में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- पंजाब पी.सी.सी. के अध्यक्ष सिद्धू ने कहा, दिल्ली की सीमा पर आंदोलनकारियों की सुरक्षा की कोई परवाह नहीं की तथा 700 किसान मरे, अब अपनी सुरक्षा के बारे में भारी "ड्रामा" कर रहे हैं।

राज्य सरकार से भी कहा है कि प्रधानमंत्री की पंजाब यात्रा से संबंधित सुरक्षा उपायों में हुई कथित चूक की जाँच के लिये उनके द्वारा गठित कमेटियों द्वारा आगे की जाने वाली किसी भी कार्यवाही को 10 जनवरी को होने वाली सुनवाई तक रोक दिया जाये। ये निर्देश दिल्ली के अधिकारों से जुड़ी संस्था "लॉयर्स वॉइस" द्वारा दायर एक याचिका के फलस्वरूप जारी किये गये।

5 जनवरी को प्रधानमंत्री का काफिला उस समय एक फ्लाई ओवर पर 15-20 मिनट तक रुका रहा था जब वे भटिण्डा से पंजाब के फिरोज़पुर स्थिति हुसैनवाला राष्ट्रीय शहीद स्मारक जा रहे थे।

इसके बाद उनका काफिल भटिण्डा हवाई अड्डे पर लौट आया था। सुरक्षा में हुई असाधारण चूक उन विरोध प्रदर्शन करने वालों के कारण हुई थी, जिन्होंने सड़क ब्लॉक कर दी थी।

इस बीच, प्रधानमंत्री की पंजाब यात्रा के दौरान हुई इस कथित सुरक्षा-चूक के बाद, गृह मंत्रालय ने भटिण्डा के वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक को "कारण बताओ" नोटिस जारी कर दिया है, जिसका जवाब एक दिन में ही देने के लिये कहा गया है।

काफी सख्त भाषा में लिखे गये इस पत्र, जिसकी एक प्रति "द ट्रिब्यून" के पास है, में केन्द्र सरकार की उप सचिव अर्चना वर्मा ने कहा है कि चूँकि प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान सुरक्षा-संबंधी गंभीर चूक हुई थी, इसलिये भटिण्डा के एस.एस.पी. को निर्देश दिया जाता है कि वे स्पष्टीकरण दें कि ऑल इंडिया सर्विसेज़ (डिसिजियन एंड अपील), रूल्स 1969 के तहत चूक एवं खामी के कृत्य के फलस्वरूप उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही सहित, कानूनी कार्यवाही क्यों न की जाये।

पत्र कहता है: "आपका जवाब इस मंत्रालय में 8 जनवरी को सायं 5 बजे या उससे पहले पहुँच जाना चाहिये, ऐसा न होने की स्थिति में यह मान लिया जायेगा कि आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है तथा आपके खिलाफ उचित अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू कर दी जायेगी।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय की एक टीम फिरोज़पुर में हुई कथित सुरक्षा-चूक की जाँच कर ही रही है। इस टीम ने उस फ्लाई ओवर का निरीक्षण किया, जहाँ किसानों के विरोध प्रदर्शन के चलते प्रधानमंत्री का काफिला रूक गया था। इस विरोध से बाध्य होकर काफिले को आगे की सड़क-यात्रा निरस्त कर दी गई तथा उन्हें नई दिल्ली लौटना पड़ा।

इसी प्रकार की तत्परता दिखाते हुये, पंजाब सरकार ने अपनी एक रिपोर्ट केन्द्र सरकार को भेज दी है जिसमें कहा गया है कि इस मामले में, एफ.आई.आर. दर्ज कर दी गई है तथा दो सदस्यों का एक पैनल भी गठित कर दिया गया है। ,

मुख्य सचिव अनिरूद्ध तिवारी ने उस सुरक्षा-चूक के संबंध में एक रिपोर्ट केन्द्र को सौंप दी है जिसके कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा रूक गई थी। उन्होंने केन्द्र को सूचित किया है कि इस घटना को लेकर एफ.आई.आर. दर्ज कर दी गई है तथा इन खामियों की जाँच के लिये राज्य सरकार ने दो सदस्यों का एक पैनल भी गठित कर दिया है।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि समझा जाता है कि तिवारी ने बुधवार को घटी घटनाओं के क्रमवार सिलसिले से संबंधित विस्तृत विवरण भी साझा किया है।

पंजाब सरकार ने सुरक्षा-चूक की जाँच के लिये दो सदस्यों का पैनल गठित करने की घोषणा गुरूवार को कर दी थी। पैनल से कहा गया है कि वह अपनी रिपोर्ट तीन दिन में दे दे।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिये थे कि वह यह रिपोर्ट तुरन्त भेजे। मंत्रालय ने कहा था कि राज्य सरकार ने आवश्यक तैनाती सुनिश्चित नहीं की थी, जबकि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था में ऐसी चूक एवं लापरवाही पूरी तरह अस्वीकार्य है तथा इसकी जवाबदेही तय की जायेगी।

इस घटना के फलस्वरूप एक बड़ा राजनैतिक विवाद शुरू हो गया है। भाजपा आरोप लगा रही है कि पंजाब में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने प्रधानमंत्री को "शारीरिक क्षति पहुँचाने की कोशिश की।" अन्य दलों ने भी कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर राज्य सरकार पर निशाना साधा हैं।

पंजाब यात्रा के दौरान मोदी की सुरक्षा के साथ समझौता किये जाने के भाजपा के आरोप की हवा निकालने की कोशिश में पी.सी.सी. अध्यक्ष सिद्धू ने आज कहा कि भगवा दल ने सुरक्षा-चूक का यह नाटक उत्तर प्रदेश तथा अन्य राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर किया है।

सिद्धू ने कहा कि केन्द्र "गंदी राजनीति" खेल रहा है तथा प्रधानमंत्री पार्टी की इस असफलता को छिपाना चाहते थे कि फिरोज़पुर की सभा में पर्याप्त भीड़ इकट्ठी नहीं की जा सकी।

सिद्धू ने कहा कि भाजपा उन किसानों की सुरक्षा को लेकर तो चिन्तित नहीं थी जो एक साल से ज्यादा समय तक दिल्ली की सीमाओं पर बैठे रहे थे तथा उस आंदोलन के दौरान ही 700 किसानों की मृत्यु तक हो गई थी।

सिद्धू ने कहा, "अब वे अपने लिये सुरक्षा संबंधी खतरे का ड्रामा कर रहे हैं।"

पी.सी.सी. चीफ ने कहा कि चुनावों को ध्यान में रखते हुये, भाजपा ने यह मुद्दा पैदा कर लिया है ताकि लोगों का ध्यान पंजाब के मतदाताओं के मुद्दों से हटाया जा सके।

सिद्धू ने कहा, "भाजपा को इस प्रकार की राजनीति रोक देनी चाहिये। पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह जैसे पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाने की माँग करने वाले लोग तो आपके तोते हैं।" उन्होंने पूछा, "क्या उन्होंने राज्य का कोई और मुद्दा उठाया है?"

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908